दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

आलीराजपुर
शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 07 | अंक : 90
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




एडन मार्करम बने जीत के नायक...10

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उद्यमियों को किया आमंत्रित

# राजस्थान के निवेशकों का हीरों की धरती मप्र में स्वागत : डॉ. यादव

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। मध्यप्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी बनकर उभरा है। मध्यप्रदेश में निवेश हर मायने में फायदे का सौदा है। देश के दिल से जुड़िए, विकास और अवसरों के केंद्र से जुड़िए।**

देश के मध्य में स्थित होने से मध्यप्रदेश व्यापार, उद्योग-धंधों की स्थापना और उत्पादों के निर्यात के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर शासन-प्रशासन ये सभी कारक निवेशकों के लिए एक आदर्श वातावरण तैयार करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ये बातें राजस्थान की वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में 'इन्टरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटिज़ इन एमपी' में स्थानीय निवेशकों, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपतियों एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को 'अनंत संभावनाओं का अनुपम केंद्र' बताते हुए कहा कि वीरों की धरती राजस्थान के सभी निवेशकों का हीरों की धरती मध्यप्रदेश में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारी साझा संस्कृति, व्यापार-व्यवसाय और साझा भविष्य का एक अटूट रिश्ता रहा है। हमारा संवाद नई संभावनाओं के विकास-विस्तार और देश की औद्योगिक क्षमता को नई दिशा देने का साझा मंच है। भीलवाड़ा की समृद्ध वस्त्र विरासत से जुड़कर मध्यप्रदेश भी अनेकानेक संभावनाओं को तलाश कर बढ़ते हुए राजस्थान के साथ अपनी दीर्घकालिक भागीदारी करना चाहता है। हम वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे। डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वजित कर इस इन्टरैक्टिव सेशन का शुभारंभ किया। मेवाड़ चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने डॉ. यादव को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्रम् एवं पुष्प-गुच्छ भेंटकर परम्परागत स्वागत किया।

## मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में हुआ इन्टरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटिज़ इन एमपी





### बड़े निवेश प्रस्तावों पर देंगे बड़ी रियायतें...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने राज्य के उद्योग विभाग की कमान स्वयं ले ली हैं, जिससे प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ाने में कोई कठिनाई न आए और सभी मुद्दे सरलता के साथ समय रहते हल हो जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने औद्योगिक नीतियों को सरल बनाया है। इससे मध्यप्रदेश में निवेश और उद्योगों की स्थापना में तेजी आई है। राज्य सरकार निवेशकों को विशेष प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। हमारी सरकार बड़े निवेश विभिन्न प्रस्तावों पर रियायतें भी दे रही है। हम छोटे-बड़े सभी निवेशकों को अपनी नीतियों से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। टेक्सटाइल क्षेत्र में देश के सबेसे पहले और सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन भी मध्यप्रदेश में हो चुका है। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ मिलकर हमारी सरकार इस क्षेत्र में और भी आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेवाड़ के निवेशकों को अपना उद्योग व्यवसाय शुरू करने के लिए मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि लंबे समय से मध्यप्रदेश और राजस्थान का सहोदर जैसा रिश्ता रहा है। दोनों राज्यों में सदैव व्यापार की अनुकूलता रही है। पद्म विभूषण से राजस्थान के सम्मानित स्व. श्री घनश्याम दास बिड़ला ने उज्जैन जिले के नागदा में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की स्थापना की थी। राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ के कारोबारियों में व्यापार-व्यवसाय की कुशलता अद्भुत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार उद्योग प्रोत्साहन के लिए संकल्पित है। हमारे उद्योगपति जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं। बदलते दौर में राज्यों के परस्पर संबंध सौहार्द्रपूर्ण हुए हैं। हम सभी को उद्योग-व्यापार के विकास और विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण मिला है। मध्यप्रदेश सरकार ने राजस्थान सरकार के साथ सालों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना पर समझौता कर दोनों राज्यों के नागरिकों को सुगम जल उपलब्धता की एक नई सौगात दी है। दुनिया के देश चुनौतियों का सामना करते हुए हम आगे बढ़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### निवेशकों के लिए सशक्त आधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियाँ लागू की गई हैं। विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेश के लिए सर्वोत्तम माहौल प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अर्थात ग्रीन एनर्जी प्रोड्क्शन के मामले में भी हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का विश्वसनीय विकास साझेदार बन रहा है और हमारा मध्यप्रदेश भी इस राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संगम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एसएन मोदानी ने कहा कि भीलवाड़ा शहर की पहचान टेक्सटाइल इंडस्ट्री और मेन्यूफेक्चरिंग से है। मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन में निवेशक विभिन्न सेक्टर्स की विशेषताओं से परिचित होंगे। मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव श्री आर.के. जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने बहुत अच्छी औद्योगिक नीति तैयार की है। अब यूनिट लगाने के लिए निवेशकों को सिर्फ एक फोन करना होता है और अधिकारियों का सम्पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। 'इन्वेस्ट इन एमपी' पहल के तहत हुए इस इंटरैक्टिव सेशन में राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक, भीलवाड़ा के सांसद श्री दामोदर अग्रवाल, म.प्र. से राज्यसभा सदस्य श्री बालयोगी उमेशनाथ महाराज, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, म.प्र. औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री चंद्रमौली शुक्ला, आरसीएम ग्रुप के चेयरमैन श्री त्रिलोक छाबड़ा, श्री मनीष चौहान, श्री सोनी, मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारियों सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय प्रमुख औद्योगिक समूह और निवेशक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प. बंगाल में डाकघर, पासपोर्ट केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को कई डाकघरों और कोलकाता स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलते ही संबंधित परिसरों को तत्काल खाली कराया गया और व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। इसके साथ ही उत्तर बंगाल के भी 19 पासपोर्ट केंद्र और डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पासपोर्ट सेवा केंद्र में बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से सघन तलाशी ली जा रही है। एहतियातन पूरे भवन को खाली करा लिया गया है।

### विजय-रश्मिका ने उदयपुर में की शादी, शेयर की फोटोज़

**जयपुर, एजेंसी।** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक-दूजे के हो गए हैं। दोनों ने आज गुरुवार को उदयपुर में शादी कर ली है। अब कपल ने शादी की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा की हैं। दूल्हा-दुल्हन के लिबास में दोनों बेहद प्यारे लग रहे हैं। साथ ही कपल ने एक-दूसरे के लिए प्यार भरा नोट भी लिखा है। रश्मिका मंदाना ने विजय देवरकोंडा के साथ जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की फोटोज साझा की हैं। साथ ही विजय के लिए एक प्यार भरा नोट लिखा है।




### अश्विनी वैष्णव ने दिखाई सख्ती...

## सोशल प्लेटफॉर्म नहीं कर पाएंगे मनमानी

नई दिल्ली, एजेंसी

सोशल मीडिया की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने तैयारी कर ली है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश दिया है कि वो अपने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल में बदलाव कर लें। इसका फायदा कंटेंट क्रिएटर्स को मिलने वाला है।



YouTube, Facebook, Instagram, X जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ा झटका दिया है। सोशल प्लेटफॉर्म्स को केंद्रीय मंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स के साथ रेवेन्यू शेयर करने की सलाह दी है। डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल को बदलने के लिए कहा है।

**रेवेन्यू मॉडल में बदलाव की जरूरत...**
केंद्रीय मंत्री ने कॉनक्लेव में बोलते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अपने रेवेन्यू मॉडल में बदलाव करने की जरूरत है। इन प्लेटफॉर्म्स पर अपने कॉन्टेंट शेयर करने वाले क्रिएटर्स के साथ उन्हें अपना रेवेन्यू शेयर करना होगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये कॉन्टेंट क्रिएटर्स किसी भी फील्ड के हो सकते हैं, जिनमें न्यूज कॉन्टेंट क्रिएटर्स, ट्रेडिशन मीडिया हाउस या फिर दूर-दराज गांव से कॉन्टेंट शेयर करने वाले क्रिएटर्स ही क्यों न हो, उन्हें अपने कॉन्टेंट का मेहनताना मिलना चाहिए।

### सिक्किम में 2 बार आया भूकंप

**गंगटोक, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के राज्य सिक्किम में भूकंप के 4.6 और 3.5 तीव्रता वाले दो झटके महसूस किए गए। पूर्वाह्न 11 बजकर 24 मिनट पर 4.6 की तीव्रता वाला पहला भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र ग्यालशिंग जिले के युक्सोम से चार किमी उत्तर-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यह झटका काफी तेज था। गंगटोक, नामची, मंगन और पेलिंग जैसे इलाकों में भी महसूस किया गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और कई जगहों पर चीखते हुए सड़कों पर पहुंच गए। इसके बाद मांगन जिले में दोपहर 12 बजकर 17 मिनट पर 3.5 तीव्रता वाला भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया।

## शंकराचार्य केस में नाबालिगों से यौन शोषण की पुष्टि

### मेडिकल रिपोर्ट आई, पीड़ित बटुक बोला- अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया

वाराणसी, एजेंसी

**शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया।**



रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया? कब किया? कहां किया? ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद साफ होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं।

थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते।

इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है। जल्द न्याय होगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने 'आज तक' को दिए इंटरव्यू में दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया। हमारे साथ और भी बच्चे थे, उनका भी शोषण किया गया।

## लोकतंत्र में सवाल पूछना, अपनी बात रखना आम नागरिकों का अधिकार : राहुल गांधी

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शनों के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब सरकार आलोचना सुनती है और जवाब देती है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां सवाल पूछना लोकतंत्र का हिस्सा है। लोकतंत्र में सवाल पूछना और अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आलोचना को सुने और उसका जवाब दे। उन्होंने कहा कि आज देश में शांतिपूर्ण विरोध को अपराध की तरह देखा जा रहा है। विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाने वाले युवाओं, महिला खिलाड़ियों, किसानों और अन्य लोगों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि असहमति को देशविरोध से जोड़कर देखा जा रहा है। कई मौकों पर युवा, महिला खिलाड़ियों, आदिवासियों एवं अन्य समूहों ने अपने अधिकारों और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई, उनकी मांगों पर संवाद के बजाय कार्रवाई देखने को मिली।



### बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

## अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCOM) के खिलाफ CBI ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने साल 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) के साथ 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है।

बैंक की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की, जहां से लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले अनिल अंबानी आज एक अन्य मामले में ईडी के सामने पेश हुए थे।



CBI के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से लोन लिया, लेकिन उस पैसे का इस्तेमाल तय काम के बजाय अपनी ही दूसरी कंपनियों (रिलेटेड पार्टीज) में फर्जी ट्रांजैक्शन दिखाकर डायवर्ट कर दिया। इस हेरफेर की वजह से बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा हुआ है।

### किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

# एनसीईआरटी को सुको की फटकार, कहा- सारी किताबें वापस लो

नई दिल्ली, एजेंसी

**नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग का विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। विवाद के बीच आज गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार ने माफी मांगी।**

शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, एनसीईआरटी अब वापस ली गई क्लास 8 सोशल साइंस पार्ट 2 टेक्स्ट बुक की 38 कॉपियां वापस लेने की कोशिश कर रहा है, जो बिक गई थीं। छपी 2.25 लाख कॉपियों में से 2,24,962 इन्वेंट्री में रह गई और उन्हें वेयरहाउस में वापस भेज दिया गया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि पुस्तक की ऑनलाइन उपलब्ध पीडीएफ कॉपी तुरंत हटाई जाए।



दरअसल, एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की नई सामाजिक विज्ञान की किताब में 'न्यायपालिका भ्रष्टाचार' चैप्टर को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और कपिल सिब्बल ने कोर्ट के सामने उठाया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि इस मामले पर पहले ही कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस आफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा कि हम पता लगाना चाहते हैं कि आखिर इस अध्याय के प्रकाशन के पीछे कौन व्यक्ति जिम्मेदार है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है चाहे वह कोई भी हो, न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली किसी सामग्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चुनाव खर्च की सीमा तय हो

उधर, चुनाव खर्च की सीमा तय करने की मांग वाली याचिका पर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों के चुनावी खर्च पर सीमा तय करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह जनहित याचिका गैर सरकारी संगठन Common Cause की ओर से दायर की गई है, जिसमें चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा धनबल के बेलगाम इस्तेमाल को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को छह हफ्ते सुनवाई का निर्देश दिया है और संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा धनबल का अनियंत्रित इस्तेमाल लोकतंत्र की बुनियाद को प्रभावित करता है और चुनावी प्रक्रिया को असंतुलित करता है।

### तीसरे पक्ष की रिपोर्टों पर भरोसा नहीं कर सकता

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग को चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने के लिए एसओपी में सुझावों को शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जनहित याचिका को भी एक अभ्यावेदन के रूप में मानने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की थी कि कोर्ट चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर तीसरे पक्ष की रिपोर्टों पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि चुनाव आयोग ने भी इन रिपोर्टों का खंडन किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता एक आइआइटी स्नातक हैं, उनके द्वारा दिए गए सुझाव विचारणीय हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**इंदौर ( विनय उजाला मनोहर राजपूत )।** शहर के तिलक नगर क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम प्रथा बताया जा रहा है, जो मेडिकेप्स कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। परिजनों के अनुसार, जब वे घर पर मौजूद थे, तभी उन्होंने प्रथा को उसके कमरे में फंदे पर लटका देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि प्रज्ञा नियमित रूप से कॉलेज जाती थी। घटना से कुछ घंटे पहले ही उसकी परिवार से सामान्य बातचीत भी हुई थी। उसके पिता एमपी ऑनलाइन की दुकान पर काम करते हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और परिजनों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तिलक नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### सनातन धर्म को नई दिशा : शुभम पटेल साँवरिया बने इंदौर जिला अध्यक्ष




**इंदौर ( विनय उजाला )।** अखिल भारतीय सनातन परिषद द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुभम पटेल साँवरिया को इंदौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति उज्जैन संभाग अध्यक्ष महंत महावीर नाथ के मार्गदर्शन एवं अनुमोदन से संपन्न हुई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संत समाज की उपस्थिति के बीच कई गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष रूप से बबलू यादव, काशीराम पाटीदार एवं रवि चौधरी उपस्थित रहे। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि शुभम पटेल साँवरिया लंबे समय से सनातन धर्म एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुभव एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में इंदौर जिले में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। उज्जैन संभाग अध्यक्ष महंत महावीर नाथ ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है और शुभम पटेल अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। नियुक्ति के बाद शुभम पटेल साँवरिया ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### बोर्ड मीटिंग में उपभोक्ता संतुष्टि पर जोर



**इंदौर ( विनय उजाला )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग गुरुवार को ऊर्जा सचिव व पदेन चेयरमैन श्री विशेष गढ़पाले, वित्त विभाग में बजट संचालक श्री आरआर मीणा, कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह, ओएसडी श्री विजय गौड़, सदस्य डॉ. अरूणा तिवारी आदि की वर्चुअल मौजूदगी में हुई। इसमें उपभोक्ता संतुष्टि पर जोर दिया गया। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से सतत फीडबैक लेने, राजस्व संग्रहण बढ़ाने, लॉस घटाने, समाधान योजना के शेष उपभोक्ताओं को अगले दो तीन दिनों में लाभान्वित करने, मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए गए। कंपनी के कार्यों की प्रगति एवं उपभोक्ता सेवाओं को लेकर प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने जानकारी प्रस्तुत की।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज इंदौर आएंगे



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला शुक्रवार, 27 फरवरी को इंदौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 27 फरवरी को प्रात: 06:45 बजे इंदौर पहुंचेंगे। आगमन उपरांत वे रेसीडेंसी कोठी में संक्षिप्त विश्राम करेंगे। प्रात: 10:15 बजे वे श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उज्जैन रोड, इंदौर में आयोजित दीक्षांत समारोह में सहभागिता करेंगे। श्री बिरला दोपहर 2 बजे महेश्वरम् भवन, बॉम्बे हॉस्पिटल के समीप आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात सायं 05:10 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन से कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोरलेन सड़क निर्माण शीघ्र होगा प्रारंभ : कलेक्टर

## उचित मुआवजा मिलने तथा सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं निराकृत होने पर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति जताया आभार

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोरलेन सड़क परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। यह सड़क सिंहस्थ को देखते हुए अत्यन्त महत्वपूर्ण साबित होगी। इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा मिलने और सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं निराकृत होने पर संबंधित क्षेत्र के किसानों एवं भू-स्वामियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों ने रेसिडेंसी कोठी पहुंचकर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को साफा पहनाया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। किसानों ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मिला मुआवजा उनके लिए आर्थिक रूप से सहायक साबित होगा और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्णय लिया है कि इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन रोड अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनेगा। कल संबंधित क्षेत्र के किसानों ने भोपाल पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर आभार जताया था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रो पॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जायेगा। जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिये शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

परियोजना के तहत हातोद एवं सांवेर तहसील के बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोडिया, जंबूड़ी सरवर, जिन्दाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबी खेड़ी, पिपलिया कायस्थ, हरियाखेड़ी, खतेडिया, रंगकराडिया, कछालिया, बलघारा, पोटलोद, टुमनी, मगरखेड़ी, चित्तौड़ा, बालरिया एवं रालामंडल सहित कुल 20 गांव शामिल हैं।

भूमि अधिग्रहण के बदले दी जा रही मुआवजा राशि से किसानों और प्रभावित परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। साथ ही यह सड़क परियोजना क्षेत्र में बेहतर एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करते हुए औद्योगिक, व्यापारिक तथा धार्मिक पर्यटन को नई गति प्रदान करेगी। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान भी यह मार्ग महत्वपूर्ण साबित होगा। परियोजना में सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड, अंडरपास एवं आवश्यक डक्ट निर्माण का प्रावधान रखा गया है, जिससे यातायात अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा।

इस अवसर पर किसान सर्वश्री अंजुम पटेल, भेरू सिंह राठौड़, संदीप चौधरी, देव चंदेल, ललित शर्मा सहित अन्य किसानों ने खुशी जाहिर की और कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निर्णय हम सब किसानों के लिए हितकारी साबित होगा। किसानों को बड़ा बहुआयामी लाभ भी मिलेगा। किसानों ने परियोजना को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही

एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों के कुल 20 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, जिसके बदले प्रभावित किसानों एवं भू-स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। किसानों को उचित एवं अधिकतम मुआवजा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिक्री छाँट प्रक्रिया अपनाई गई है, जिससे उन्हें न्यायसंगत लाभ मिल सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिग्रहित भूमि के बदले कुल 626 करोड़ 49 लाख 76 हजार 436 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है।

# टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में वितरित किए प्रमाण पत्र





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** प्रवाह, इंदौर द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), इंदौर के तत्वावधान में बाणेश्वर कुंड परिसर में आजीविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एलईडीपी) के अंतर्गत व्यवसायिक टेलरिंग (रेडीमेड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र एवं सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री नागेश चौरसिया डीडीएम, नाबार्ड, श्री नवीन प्रधान आरएचएस, आईसीआईसीआईसीआई बैंक श्री सचिन विश्वकर्मा आर एम एचडीएफसी बैंक, श्री दिनेश कुमार आर एम एचडीएफसी बैंक, श्रीमती संतोष चौहान संचालिका. प्रवाह संस्था इंदौर, अजय पाल. कुणाल लोधी. आईसीआईसीआईसीआई बैंक सुनील राजपूत और संतोष जी एचडीएफसी बैंक, इंदौर अतिथि के रूप में शामिल हुए।श्रीमती दीपिका चौहान सचिव ने कार्यक्रम की संक्षिप्त प्रस्तावना रखी। 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें 2 दिवसीय उन्मुखिकरण प्रशिक्षण शामिल था. महिलाओं को रेडीमेड शर्ट, पैंट, कुर्ता, पजामा, सलवार सूट और बच्चों के कपड़े बनाना सिखाया गया। 10 स्व सहायता समूह की 90 महिलाओं ने भाग लिया।सभी महिलाओं को नितिन जी संचालक, गाबा अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, पोलो ग्राउंड, इंदौर के मार्गदर्शन में एक्सपोज़र विज़िट कराया गया। प्रवाह द्वारा गठित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। प्रवाह टीम को प्रोत्साहित कर ममेंटो दिए गए। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम समापन हुआ। श्रीमती सोनिका ने आभार व्यक्त किया।

### महिलाएं कर रहीं कार्य

सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) भी संचालित किया जा रहा है. जहाँ महिलाएँ रेडीमेड कार्य कर रही हैं। स्व सहायता समूह का बैंक लिंकेज किया गया। का बैंक लिकेज किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रति महिला को 1000 रुपये सब्सिडी के रूप में उनके बचत खाते में जमा किए जाएंगे। श्री नागेश चौरसिया ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया और आर्थिक विकास के लिए शुभकामनाएँ दीं। श्री नवीन प्रधान ने ऋण सुविधा और सांगठनिक विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। श्री सचिन और श्री दिनेश कुमार एचडीएफसी बैंक ने सब्सिडी वितरित की, जिससे महिलाओं को लाभ मिला।

### ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की योजना नहीं

# वर्ष 2017 की परियोजना को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रोकने के दिए निर्देश

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** वर्ष 2017 में इंदौर के ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने को लेकर बार-बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की किसी भी योजना में ललेडीपुरा और आसपास के गांवों में स्लॉटर हाउस बनाने का कोई विचार नहीं है। महापौर ने कहा, हमारे पास स्थानीय गोपालकों और गांववासियों से इस विषय पर जानकारी आई है, और मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ललेडीपुरा माचल में स्लॉटर हाउस बनाने की नगर निगम की कोई मंशा नहीं है। महापौर ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे और अब फिर से सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि इस क्षेत्र में स्लॉटर हाउस का निर्माण नहीं किया जाएगा। महापौर ने आगे कहा, 'वर्ष 2017 में तत्कालीन समय में इस परियोजना को लेकर अनुमति और कार्रवाई की गई थी, लेकिन मैं अब इस निर्णय को निरस्त करने के निर्देश दे चुका हूं।

# सहायक शिक्षिका पुष्पा सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



विनय उजाला

**इंदौर/देपालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अत्री देवी सुदामा नगर की सहायक शिक्षिका श्रीमती पुष्पा सिंह की सेवानिवृत्ति पर परिवार द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व संभाग आयुक्त सुरेश बहादुर सिंह, समाजसेवी मानसिंह जी तोमर, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, अधिवक्ता मनोज शर्मा, प्राचार्य श्रीमती कुसुम सैनी, मायासिंह चौहान आदि थे।

सोहनलाल परमार संचालक शिक्षा विभाग पेड़ी इंदौर ने श्रीमती पुष्पा सिंह का शाल, श्रीफल, केसरिया दुपट्टा एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती पुष्पा सिंह ने सेवा भारती को 2100 रुपए की राशि प्रदान की। अतिथियों का स्वागत प्रबलसिंह, प्रत्यूष सिंह, श्रीमती तन्वी सिंह, श्रीमती अंजली सिंह द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा श्रीमती सिंह द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अशोक



कुमार भागवत, प्रशांत महंत, सूरज सिंह बोडाना, जीवनलाल पटेल, राजकुमार पटेल, श्रीमती मंजूषा पंड्या, श्रीमती रीना पाठक, श्रीमती अनीता पांडे सहित संकुल के अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं, समस्त स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मेंद्र सिंह चंदेल एवं श्रीमती निरुपमा सिंह ने किया एवं आभार प्रबल सिंह ने माना।

# होली चातुर्मास के लिए महावीर भवन में युवाचार्यश्री ने किया मंगल प्रवेश



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन के अन्तर्गत गुरुवार प्रात: 7.30 बजे गांधी हाल से 500 श्रावक श्राविकाओं के साथ भव्य जुलूस के रूप में श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा. उपप्रवर्तक श्री अभिषेक मुनि जी म.सा., प्रवचन कर श्री विकसित मुनि जी म.सा. महासती श्री दिव्यज्योति जी म.सा., महासती श्री अरूण प्रभाजी म.सा. महासती श्री विजयाश्री म.सा., महासती श्री सुचित जी म.सा. महासती श्री प्रियदर्शना म.सा. महासती श्री कुसुमलता जी म.सा. आदि संत सती मण्डल का एम.जी. रोड़ राजबाड़ा होते हुए महावीर भवन इमली बाजार पर मंगल प्रवेश हुआ। सैकड़ो की संख्या में श्रावक-श्राविकायें जयकारों के साथ महावीर स्वामी के दिव्य संदेशों से गगन गुंजायमान करते हुऐ चल रहे थे।

महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए युवाचार्य श्री महेन्द्र ऋषि जी महाराज ने कहा कि सम्यक ज्ञान के माध्यम से हम यथार्थ को समझकर आगे बढ़ेगें तो कर्म निर्जरा होगी। अज्ञानता से व्यक्ति कर्म बंध कर लेता है। परमात्मा की भक्ति से पुण्य अर्जन होता है।

सभा को श्री अभिषेक मुनि ने भी संबोधित किया। भक्तिगीत आर्दश ज्योति बहुमंडल और श्राविका संघ की बहनों ने गाया। स्वागत उद्बोधन महामंत्री श्री रमेश भण्डारी ने दिया, पीयूष जैन ने 1 मार्च को होने वाले जैन कॉन्फ्रेंस के अधिवेशन की जानकारी दी।

संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया। मंगल जुलूस का संयोजन रितेश कटकानी एव स्थानकवासी युवक संघ ने किया। युवाचार्य की अगवानी अचल चैधरी, राजकुमार जैन, जिनेश्वर जैन, सुविधि जवेरी, पदम तांतेड़, हुल्लास बेताला, पियुष जैन, सुभाष विनायाक्या आदि बड़ी संख्या जन समुदाय उपस्थित थे।

मंगल प्रवेश में राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के कई शहरों से श्रावक गण उपस्थित रहे।

### इंदौर की 58 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर से किया जायेगा निष्पादन

**इंदौर, (विनय उजाला)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूहों (58 कम्पोजिट मदिरा दुकानें) का बैच-1 प्रथम चरण में ई-टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से निष्पादन किया जायेगा। दुकानों / एकल समूहों के निष्पादन की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टोरेट इंदौर के सभाकक्ष में की जायेगी। सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण बैच 1 में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी 2026 को प्रात: 10 बजे से 02 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 02.05 बजे से रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 03.30 बजे से सायंकाल 05.30 बजे तक । 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) होगी।

### होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा प्रशासन का जांच अभियान जारी

# 11 प्रतिष्ठानों से 37 नमूने लिए, एक प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार कराया बंद

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है।

इसी प्रकार श्री कृष्ण दूध दही भंडार, बड़ी भमोरी का औचक निरीक्षण कर संचालक श्री रितेश कामदार से मिल्क केक एवं पेड़ा के कुल 02 नमूने लिए गए। श्री कृष्ण मिल्क एंड स्वीट्स, बड़ी भमोरी का निरीक्षण कर संचालक श्री कुणाल मुकाती से मावा एवं पनीर के कुल 02 नमूने लिए गए। श्री द्वारकाधीश स्वीट्स एंड नमकीन, छोटी भमोरी से बर्फी, बेसन लड्डू एवं सेव, चना दाल एवं उड़द दाल के



कुल 05 नमूने लिए गए। अंबिका स्वीट्स एवं नमकीन, छोटी भमोरी का निरीक्षण कर बेसन लड्डू, दूध बर्फी, दूध कतली एवं नमकीन के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। पार्श्वनाथ स्वीट्स, भमोरी का औचक निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ता श्री दीपेश जैन के हस्ते मिल्क केक, मावा कतली एवं गुपचुप के कुल 03 नमूने लिए गए। श्री श्याम ट्रेडिंग, नंदा नगर, इंदौर का निरीक्षण कर विभिन्न दालों के कुल 05 नमूने लिए गए। भेरुनाथ नमकीन, नंदा नगर से नमकीन के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। द्वारकाधीश दूध दही भंडार, पाटनीपुरा का निरीक्षण किया गया, जहां श्री त्रिलोक मेहता उपस्थित पाए गए। मौके से मावा एवं दही के कुल 02 नमूने लिए गए तथा संबंधित को साफ-सफाई संबंधी निर्देश दिए गए। मां उमिया मावा भंडार पर श्री राकेश पाटीदार उपस्थित पाए गए, जहां से मावा का नमूना लिया गया। महाराजा मिल्क सेंटर का निरीक्षण कर श्री मयंक खंडेलवाल से गुलाब जामुन, घी एवं दही के कुल 03 नमूने लिए गए।

सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### यहां कड़ी कार्रवाई की गई

इसी क्रम में 26 फरवरी को न्यू देवास रोड, मालवा मिल स्थित OVK महिला गृह उद्योग का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोप्राइटर श्री केतन जैन उपस्थित पाए गए। परिसर में मेथी बिस्किट, शकर पारा, मैदा फली, मैदा काजू, मिनी भाकरवाड़ी, मठरी आदि का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जाना पाया गया तथा निर्माण हेतु परिस्थितियाँ उपयुक्त नहीं पाई गईं। मौके से खाद्य पदार्थों के कुल 05 नमूने लिए गए तथा सुधार होने तक परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य बंद कराया गया।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 एवं 6 मार्च को ई-दक्ष केन्द्र इंदौर में

**इंदौर (विनय उजाला)।** आगामी दिनों में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाना है। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के आदेश के तहत राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संभागीय पेंशन अधिकारी सुश्री प्रगति जैन ने बताया कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु इंदौर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 05 मार्च एवं 06 मार्च को निर्धारित समयानुसार ई-दक्ष केन्द्र, सेटेलाईट भवन इंदौर पर आयोजित किया गया है। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पेंशन प्रकरण संबंधित कार्य करने वाले शासकीय सेवक के साथ नियत दिनांक को प्रशिक्षण हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालयवार अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित किया गया है।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला धार (म.प्र.)**

क्रं./भंडार/2026/1086
धार, दिनांक : 18/02/2026

:: ई-निविदा सूचना ::

धार के भोज जिला चिकित्सालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सिक्युरिटी व्यवस्था कार्य आउट सोर्सिंग द्वारा किये जाने की सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार 500/- का निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा कर ऑनलाईन निविदा प्राप्त कर सकता है। निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाईट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जी-26513/25
"स्वच्छता ही सेवा"

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला धार ( म.प्र. )



इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-11

वायनाड के साथ हम परिवार बनकर खड़े... 05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को जारी किया नोटिस, नफरती भाषण देने का आरोप

**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को नोटिस जारी किया। यह नोटिस कुछ जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर दिया गया है, जिनमें उन पर नफरती भाषण देने और सांप्रदायिक टिप्पणियां करने के आरोप हैं, खासकर मिया समुदाय के खिलाफ। तीन अलग-अलग याचिकाओं पर राज्य सरकार और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी नोटिस जारी किए गए। मुख्य न्यायाधीश (सीजे) अशुतोष कुमार और न्यायाधीश अरुण देव चौधरी की एक खंडपीठ ने इन तीन याचिकाओं की सुनवाई की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 21 मार्च तय की है। वकील सांतनु बोरठाकुर पीटीआई से बातचीत में कहा, उत्तरदाता अगली तारीख से पहले नोटिस का जवाब देंगे। अदालत ने कोई अन्य आदेश नहीं दिया है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने अधिकारियों संग की बैठक

**कलकत्ता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को अहम बैठक की। इस बैठक में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा राज्य में चल रहे मतदाता सूची के सुधार कार्य की समीक्षा करना था। 20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल को निर्देश दिया था कि वे कुछ न्यायिक अधिकारियों को एसआईआर कार्य के लिए उपलब्ध कराएं और पूर्व न्यायाधीशों की भी मदद लें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई थी कि उसने संशोधन कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में ग्रेड A अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से इस काम में मदद के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों और पूर्व जजों को नियुक्त करने को कहा था।

### कोरापुट पुलिस ने किया अंतरराज्यीय हशीश तेल कारखाने का भंडाफोड़

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा की कोरापुट पुलिस ने गुरुवार को एक अंतरराज्यीय हशीश तेल बनाने वाली अस्थायी इकाई का भंडाफोड़ किया। करीब 1,800 लीटर हशीश तेल जब्त किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 225 करोड़ रुपये आंकी गई है। क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों के बारे में ठोस खुफिया सूचना मिलने के बाद इस छापेमारी की योजना को बहुत सावधानी से तैयार किया गया और इसे कोरापुट के पुलिस अधीक्षक रोहित वर्मा के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक समन्वित अभियान शुरू किया। यह अभियान पदुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झोलापुट जलाशय के पास घने जंगल में किया गया, जो ओड़िशा और आंध्र प्रदेश की सीमा के पास स्थित है।

### पुलिस थानों में खराब सीसीटीवी पर सख्त कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी (न्यायालय का मित्र) वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके।

---

### भारत-इजरायल संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा

# इजरायल से जल्द होगा मुक्त व्यापार समझौता : मोदी

यरूशलम, (हि.स.)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे।**



प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दशकों पुराना विश्वसनीय रक्षा संबंध रहा है और हाल में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों देश संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नागरिक परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की भी बात कही।

कृषि क्षेत्र में सहयोग को 'भविष्य उन्मुख' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 'विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस' और 'इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' की स्थापना से किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। लोगों के बीच संपर्क को संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हुए मैनपावर मोबिलिटी समझौते के तहत भारतीय कामगारों ने इजरायल के निर्माण और केयरगिवर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

#### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

- **इजराइल में स्वागत पर-** मोदी ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजराइली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजराइल दोस्ती को समर्पित किया।
- **भारत-इजराइल रिश्ते और मजबूत होंगे-** दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है।
- **व्यापार और टेक्नोलॉजी में सहयोग-** दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। AI, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजराइल में UPI इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है।
- **रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग-** रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जॉइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी।
- **किसानों और गांवों के लिए नई पहल-** कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजराइल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा।
- **लोगों और युवाओं को जोड़ने पर जोर-** भारतीय कामगारों ने इजराइल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कॉमर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजराइल अकादमिक फोरम बनेगा।
- **वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी-** दोनों देशों ने IMEC कॉरिडोर और I2U2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारत और इजराइल का साफ संदेश है, दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं। पश्चिम एशिया में शांति भारत के लिए भी जरूरी है, इसलिए भारत संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता है।

---

### सिंधिया ने वैष्णव से की मुलाकात, चंबल-पूर्वोत्तर की रेल कनेक्टिविटी पर चर्चा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को यहां रेल भवन मेंरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान ग्वालियर, गुना और चंबल क्षेत्र सहित पूर्वोत्तर भारत की रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। संचार मंत्रालय ने बताया कि बैठक में चंबल क्षेत्र में प्रमुख ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव, नई ट्रेनों के संचालन और नई रेल लाइनों के निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। लंबित रेल विस्तार योजनाओं को गति देने पर भी चर्चा की गई। सिंधिया ने कहा कि बेहतर रेल संपर्क से यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी। क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर संपर्क और अवसंरचना विस्तार पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की मजबूत कनेक्टिविटी राष्ट्रीय एकात्मता और संतुलित विकास के लिए आवश्यक है।

### बारामती विमान हादसा : अजित पवार समेत पांच की गई थी जान

## सीआईडी हर एंगल से कर रही जांच

मुंबई, एजेंसी

पुणे के बारामती में बीते महीने 28 जनवरी को हुए विमान हादसे ने महाराष्ट्र समेत पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की जान चली गई थी। ऐसे में अब इस मामले की जांच तेज कर दी गई है। महाराष्ट्र अपराध जांच विभाग (सीआईडी) इस पूरे घटनाक्रम की हर एक एंगल से जांच कर रही है। इसके इतर ये एक हादसा था, साजिश थी या फिर किसी की लापरवाही सवाल अभी तक जारी है।

ऐसे में इस विमान हादसे की जांच कर रहे सीआईडी के अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी तरह पेशेवर तरीके से की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि हादसा सिर्फ एक दुर्घटना था या इसके पीछे किसी तरह की साजिश या आपराधिक लापरवाही तो नहीं थी।

#### सीआईडी इन बातों के आधार पर कर रही जांच



अधिकारियों के मुताबिक, जांच टीम विमान के तकनीकी पहलुओं, मौसम की स्थिति, पायलट की जानकारी, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से बातचीत और विमान के रखरखाव से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रही है। साथ ही हादसे वाली जगह से सबूत भी इकट्ठा किए जा रहे हैं।

#### सरकार ने लोगों से की अपील

सीआईडी ने कहा है कि फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया गया है। अगर जांच में किसी की लापरवाही या साजिश सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आधिकारिक जानकारी का इंतजार करें। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे की असली वजह सामने आएगी।

## वैश्विक नेता बनने के लिए हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति पानी होगी : उपराष्ट्रपति

श्रीनगर, (हि.स.)



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचारों के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए देश को अपनी औपनिवेशिक मानसिकता त्यागनी होगी। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस पर नियंत्रण रखना होगा। सोशल मीडिया आपको जीवन में अधिक सफल होने में मदद नहीं करेगा। हर चीज की अपनी सीमा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक स्नातक छात्र के रूप में मैं आप सभी से स्वदेशी नवाचार और भारतीय ज्ञान, संसाधनों और आवश्यकताओं पर आधारित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। हमें चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, हमें हीन होने की आवश्यकता नहीं है। हमें सबसे पहले अपनी औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में उद्यमशीलता के माहौल को पहले से कहीं अधिक जीवंत और सहायक बनाया है।

कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सभी वैज्ञानिकों से इस महामारी के लिए टीका विकसित करने का आह्वान किया है। हममें से कितने लोगों ने इस पर विश्वास किया था? लेकिन हमने सबसे बेहतरीन टीका खोज लिया है और यह पूरी मानवता के लिए बहुत कारगर साबित हुआ है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इसी टीके पर सबसे विकसित पश्चिमी देशों ने भी शोध और विकास किया है, लेकिन वे सभी इसे पेटेंट कराने में पीछे रह गए, ताकि वे इसे ऊंची कीमत पर बेच सकें। उन्होंने कहा कि एक टीका 7,500 अमेरिकी डॉलर में बिक सकता है, लेकिन एक गरीब आदमी इसे कैसे खरीद सकता है?

---

## अब नहीं चलेगी परमाणु धमकी, भारतीय सेना ने पाक को दी ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की चेतावनी

चंढीगढ़, एजेंसी

**भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच भारतीय सेना ने साफ संदेश दिया है कि अब पाकिस्तान की परमाणु धमकियों का कोई असर नहीं होगा।**

पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की रणनीति बदल चुकी है और अगली कार्रवाई पहले से कहीं ज्यादा कड़ी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत अब सिर्फ जवाब नहीं देगा बल्कि जमीन पर निर्णायक जीत हासिल करने की तैयारी में है।

पठानकोट में आयोजित एक



सैन्य सम्मान समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सभी बड़े आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन भारतीय सेना ने उनके सैन्य और हवाई ठिकानों को भी तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हो गए थे कि पाकिस्तान को सीधे और अन्य देशों के जरिए युद्धविराम की मांग करनी पड़ी। सेना प्रमुख ने कहा कि अगली बार जवाब और ज्यादा कठोर होगा।

**परमाणु धमकी पर सेना का सख्त रुख :** लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने पाकिस्तान की ओर से बार-बार दी जाने वाली परमाणु युद्ध की धमकियों को 'न्यूक्लियर ब्लफ' बताया। उन्होंने कहा कि यह कमजोरी छिपाने की कोशिश है। उनके मुताबिक पाकिस्तान की सैन्य नेतृत्व व्यवस्था संघर्ष को जिंदा रखकर अपनी अहमियत बनाए रखना चाहती है। भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उकसाया गया तो इस बार जवाब सीमित नहीं रहेगा और दुश्मन को दुनिया के सामने हार स्वीकार करनी पड़ेगी।

### मुख्यमंत्री योगी का जापान दौरा...

## रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे उप्र-जापान

लखनऊ, (हि.स.)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश और यामानाशी (जापान) के मध्य रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय रचा जा रहा है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी के साथ वार्ता में जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने आगामी अगस्त माह में दो सौ जापानी कंपनियों सीईओ के साथ यूपी का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय से दी गयी जानकारी में बताया गया कि यामानाशी व यूपी सरकार के बीच उद्योग, पर्यटन और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू में ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा नवाचार और तकनीकी आदान-प्रदान को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

**यामानाशी के गवर्नर ने दिया दो सौ जापानी कंपनियों के सीईओ के साथ अगस्त में यूपी का दौरा करने का रखा प्रस्ताव**



मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएगी। अगस्त माह में 200 जापानी सीईओ के साथ यामानाशी के गवर्नर का प्रस्तावित यूपी दौरा राज्य में औद्योगिक निवेश और साझेदारी को नई गति देगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज स्केल, स्किल और स्पीड के मॉडल पर आगे बढ़ रहा है। राज्य में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश अनुकूल वातावरण और इन्वेस्ट यूपी की जापान डेस्क के माध्यम से निवेशकों को सहज सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप जापानी कंपनियों के लिए विशेष अवसर प्रदान करेगी।

---

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में की समीक्षा बैठक

# किसानों से समन्वय कर उन्नत तकनीकों को खेतों तक पहुंचाएं कृषि वैज्ञानिक : शिवराज

वाराणसी, (हि.स.)

**केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि किसानों से समन्वय बनाकर उन्नत तकनीकों को शीघ्र खेतों तक पहुंचाएं।**

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों का खेत स्तर पर प्रभावी प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकें और बाजार से सीधा जुड़ाव किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गुरूवार को वाराणसी दौरे पर आए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में समीक्षा बैठक के बाद वैज्ञानिकों व किसानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों, उन्नत सब्जी किस्मों, बीज उत्पादन, संरक्षित खेती, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मूल्य संवर्धन तथा उद्यमिता विकास से जुड़ी पहलों की सराहना की।

बैठक के पूर्व उन्होंने अनुसंधान संस्थान परिसर में रक्त-चंदन के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी रबी सत्र के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए सब्जी उत्पादन प्रणाली में अधिक लचीलापन लाना होगा। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और शोध संस्थानों के मध्य समन्वय का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए किसानों तक तकनीक हस्तांतरण की गति तेज करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्मों का विकास, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकों का प्रसार तथा किसानों को बाजार से सीधे जोड़ना उनकी आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने संस्थान की उपलब्धियों और किसानों के साथ किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सब्जी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किसानों को संसाधन और तकनीकी उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



#### चौहान ने शोध की चिह्नित भूमि का भ्रमण किया

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रक्षेप (शोध के लिए चिन्हित भूमि) भ्रमण के दौरान मौजूद किसानों से बीजों की उपलब्धता, गुणवत्ता, उत्पादन लागत कम करने के उपायों तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की। ग्राफ्टेड बैंगन-टमाटर (ब्रिमेटो) और आलू-टमाटर (पोमेटो) जैसी उन्नत तकनीकों पर वैज्ञानिकों ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंत्री ने इसकी सराहना करते हुए इन तकनीकों को किसानों तक शीघ्र उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने हाई-टेक नर्सरी की उपयोगिता रेखांकित करते हुए एफपीओ के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पौध एवं बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। केन्द्रीय मंत्री ने वैज्ञानिकों से टमाटर सहित अन्य सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, प्रसंस्करण योग्य किस्मों के विकास, निर्यातोन्मुखी उत्पादन तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देने को कहा। संस्थान के विकसित सूक्ष्मजीव जैव उर्वरक, बॉयो-स्टिमुलेंट तथा बॉयोपेस्टिसाइड उत्पादों का भी अवलोकन किया। इस दौरान आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# एक पदयात्रा और पूरा शहर ठप, बेपटरी हुई ट्रैफिक व्यवस्था पर अदालत का सख्त संदेश

उ महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक यातायात प्रबंधन में हर स्तर पर अक्सर लापरवाही साफ नजर आती है। खास तौर से उन जगहों पर जहां सड़क संकेतक काम नहीं कर रहे होते या यातायात पुलिस कर्मी तैनात नहीं होते। वाहन चालकों के एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ से भी जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हद तो तब हो जाती है, जब रैलियों, पदयात्रा और विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसा लगता है कि यातायात नियम भीड़ में शामिल लोगों के लिए बने ही नहीं हैं! यहां तक कि एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी रास्ता देने की जरूरत नहीं समझी जाती। ऐसी ही एक घटना चंडीगढ़ में मंगलवार को देखने को मिली, जब विपक्षी दलों की पदयात्रा के दौरान यातायात जाम होने से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के वाहन फंस गए। इसके बाद उच्च न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को तलब कर यातायात व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। इसमें दोराय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर संपर्क मार्गों तक यातायात जाम की समस्या अब आम बात हो गई है। यातायात नियमों की हर स्तर पर अनदेखी की जाती है। अक्सर यह देखा जाता है कि विभिन्न स्थानों पर लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो जाता है, बल्कि उन्हें कई तरह की परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ता है। आए दिन इस तरह के मामले भी सामने आते रहते हैं कि यातायात जाम की वजह से एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिला और उसमें ले जाए जा रहे मरीज को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। चंडीगढ़ में यातायात अवरुद्ध होने की घटना और उस पर उच्च न्यायालय की ओर से लिए गए तत्काल संज्ञान को व्यवस्था में सुधार की लिहाज से अहम माना जा रहा है। खबरों के मुताबिक, पुलिस महानिदेशक ने भरोसा दिया है कि शहर में इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि अगर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, तो समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

धर्म से कर्म इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि धर्म करके भगवान से मांगना पड़ता है, पर कर्म करने से भगवान को खुद ही देना पड़ता है।
**- टीना कश्यप, मुंबई**

ईमानदारी तब है जब आपके विचार, आपके शब्द, आपका व्यवहार और आपके कार्य एक समान हो...
**- ताहिर अली, भोपाल**


एक उम्मीद का दामन थाम के रखना, कोई साथ हो ना हो , तुम खुद पर भरोसा रखना
**- एचएल खुशाल, इंदौर**

रिश्ता वही श्रेष्ठ है जिसमें शब्द कम और विश्वास ज्यादा हो, अहंकार कम और प्रेम ज्यादा हो।
**- अजब सिंह राजपूत, बीआरसीसी, आष्टा**

स्मृतियां...बड़ी बलवान होती हैं.....
वे भूतकाल को वर्तमान में जीवित रखती हैं.....
**- राजेश चौहान**

उम्र की दहलीज पर जब सांझ की आहट होती है
तब ख्वाहिशें थम जाती हैं और सुकून की तलाश बढ़ जाती है।
**- संजीव तिवारी**

## श्रीयादे मां की महिमा



पावन माटी, रूप सलोना,
भक्तिमय है कोना-कोना।
चाक फिरे, सृजन पुकारे,
श्रीयादे मां बैठी संकट टारे।।

जय मां श्रीयादे, श्रीयादे,
भक्तों के करें पूर्ण इरादे।
आवा दहका, ज्वाला जागी,
देख दुनिया अचंभे से भागी।।

भीतर बिल्लौर रक्षित डोले,
मैया-मैया वे मुख से बोले।
अग्नि शीतल, चंदन कर दी,
झोलियां खुशियों से भर दी।।

मिट्टी सानी, भक्ति साधी,
काटे जग की आधी-व्याधि।
अग्नि कुंभ में प्राण बचाए,
अटल अटूट, श्रद्धा जगाए।।

मां श्रीयादे करुणा की खान,
दैत्य कुमार को दें भक्तिज्ञान।
प्रहलाद आया, शिक्षा लेने,
माई सिखाए, धीरज धरने।।
कण-कण में श्रीहरि समाया,
यही मंत्र, अंतर्मन में बैठाया।
भय को त्यागो निर्भय हो जा,
हरि के रंग में, तन्मय हो जा।।

गुरु मां श्रीयादे ने राह दिखाई,
प्रहलाद को हरि भक्ति सुझाई।
श्रीयादे की सीख हृदय धारी,
जीते प्रहलाद दुनिया सारी।।

माई प्रजापतियों की कुलदेवी,
ऋषि-मुनि, सिद्ध पुरुष सेवी।
अग्नि कुंभ कहलाए तीर्थ धाम,
श्रीयादे मां के चरणों में प्रणाम।।

करुणा मूरत, ममता की सागर,
सदा भरें सबकी समृद्धि गागर।
सकल सुख का दें वरदान मैया,
पार लगा दें इस जीवन की नैया।।



**सपना सी.पी. साहू स्वप्निल**
इंदौर (म.प्र.)

दैनिक विनय उजाला

---

विशेष सम-सामयिक

**वास्तव में आनन-फानन में की गई प्रधानमंत्री यह दूसरी इजरायल यात्रा अपने पीछे कई महत्वपूर्ण संभावनाओं को छिपाये है। हाल के दिनों में आपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह की स्थितियां बन गई थीं और जिस तरह यह स्पष्ट हुआ है कि चीन, पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष रूप से न केवल नेवीगेशन की सहायता उपलब्ध करा रहा था बल्कि अपने हथियारों से भी भारत पर उसके हमले को जोरदार बना रहा था।**

## प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा

# दो प्राचीन सभ्यताओं की मजबूत दोस्ती...

दैनिक विनय उजाला



**डॉ.अनिता राठौर**
**( लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं )**
**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



आजादी के बाद 4 जुलाई 2017 को जब भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी तेलअवीव के हवाई अड्डे पर उतरे, तो यह सिर्फ औपचारिक यात्राभर नहीं थी, इसका सबूत 9 सालों बाद 25 फरवरी 2026 को तब मिला जब प्रधानमंत्री मोदी ही दूसरी बार इजरायल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत तेलअवीव हवाई अड्डे पर उतरे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए वहां न केवल रेड कारपेट बिछा था बल्कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू भी एयरपोर्ट पर मोदी के लिए पलक-पांवड़े बिछाये खड़े थे। इजरायली प्रधानमंत्री दंपत्ति ने जिस गर्मजोशी से भारतीय प्रधानमंत्री की अगवानी की और प्रधानमंत्री मोदी को 'एशिया का शेर' बताया, वह सब साबित करता है कि भारत और इजरायल की यह दोस्ती सिर्फ दो देशों की दोस्ती नहीं बल्कि दो प्राचीन सभ्यताओं की मजबूत दोस्ती है। अपनी दो दिवसीय बेहद सक्रिय राजकीय यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी इजरायली संसद 'नेसिट' को संबोधित किया और उनके इस संबोधन को पूरी दुनिया ने ध्यान से सुना। क्योंकि मोदी ऐसे संवेदशील समय में इजरायल की यात्रा कर रहे हैं, जब ज्यादातर देश साफ-साफ यह नहीं दिखना चाहते हैं कि वह मध्य पूर्व में किस खेमे के साथ हैं।

लेकिन इजरायली संसद को पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में संबोधित करते हुए मोदी ने साफ तौरपर कहा कि मैं यहां खड़ा होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं प्राचीन सभ्यता का प्रतिनिधित्व करते हुए, दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं। जब प्रधानमंत्री मोदी इजरायल की संसद में प्रवेश किया तो ऐसा लगा जैसे वो दुनिया के किसी देश की यात्रा के समय वहां रह रहे भारतीयों के बीच पहुंचे हों। सभी इजरायली सांसदों ने न केवल अपनी जगह खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया बल्कि उनकी प्रशंसा में मोदी-मोदी के नारे लगाए। इस दौरान उन्हें इजरायली संसद के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने इजरायली संसद के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेस्ट मेडल' को गले में पहनकर सम्मानित किया। जब इजरायल के सांसद तालियों और मोदी-मोदी के नारों के बीच प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कर रहे थे, तब इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें अपने भाई जैसा बताया और कहा कि उनके लिए उनके दिल में बहुत खास जगह है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी इजरायल की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं, मित्रता और साझेदारी का संदेश लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण को राजनीति से ऊपर उठाकर भावनात्मक और सांस्कृतिक फ्लेवर देते हुए कहा, 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि भारत में यहूदी बिना किसी डर, बिना किसी भेदभाव और बिना उत्पीड़न के साथ रहे रहे हैं। उन्होंने अपनी आस्था को सुरक्षित रखा है और भारतीय समाज में उनकी पूरी भागीदारी है'। इस बात का समर्थन मोदी के बाद इजरायल की संसद को संबोधित करने वाले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी किया। उन्होंने भी अपने संबोधन में कहा, 'भारत और इजरायल के रिश्ते बेहद खास और मजबूत है।' दोनो देशों के संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि दिल से जुड़े हुए हैं और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ नेतन्याहू ने भी अपने संबोधन को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक फ्लेवर देते हुए कहा, 'वास्तव में भारत एक ऐसी सभ्यता है, जहां यहूदियों को कभी सताया नहीं गया। भारत का धन्यवाद वहां यहूदी समुदाय का हमेशा स्वागत और सम्मान किया गया है।' प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में यह भी कहा कि भारत और इजरायल के बीच 2000 साल से भी ज्यादा पुराने रिश्ते हैं। 'बुक ऑफ एस्टेर' में भारत का जिक्र मिलता है और 'तलमुद' में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को भी याद दिलाया कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान आज के इजरायल क्षेत्र में 4000 से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। इसलिए हमारा रिश्ता हमारे अपने खून और त्याग से जुड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी इजरायल की संसद को संबोधित करते हुए पहले वाक्य में कहा, 'हम हमास के हमले की निंदा करते हैं।' प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, 'किसी भी कारण से आतंकवादियों द्वारा आम लोगों की हत्या करना जायज नहीं ठहराया जा सकता।' मोदी ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद को हमने पग-पग पर झेला है, इसलिए आतंकवाद के खिलाफ हम एक कड़ी और मुक्कमिल लड़ाई लड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान मुंबई में हुए 26/11 आतंकवादी हमले का जिक्र किया और इसके साथ ही उन्होंने दो साल पहले इजरायल में कट्टरपंथी संगठन हमास द्वारा किये गये बर्बर आतंकी हमले की भी निंदा की। मोदी ने अपने भाषण के करीब पांचवें, छठवें मिनट में ही जोर देकर कहा कि भारत आतंक की कीमत जानता है। हमने 26/11 में ऐसे ही हमले के दौरान अपने जो नागरिक गंवाये थे, उसमें इजरायल के यहूदी भी थे। इसलिए उनके मुताबिक उन्हें 26/11 की भी उसी तरह हमेशा याद रहती है, जिस तरह दो साल पहले हमास ने इजरायल पर बर्बर आतंकी हमला किया।

कुल मिलाकर पीएम मोदी की पहली और दूसरी बार की गई यह इजरायल यात्रा सामान्य यात्रा नहीं, इसके गहरे निहितार्थ हैं। जब पूरी दुनिया बहुत फूंक-फूंककर कदम आगे बढ़ा रही है कि कहीं उनके इस कदम से मध्यपूर्व में कोई समीकरण तो नहीं गड़बड़ा जायेगा। ठीक उसी समय प्रधानमंत्री बिना किसी भविष्यकालिक परिणाम की चिंता किए, इजरायल के साथ खड़े होने में गर्व महसूस कर रहे हैं। वास्तव में आनन-फानन में की गई प्रधानमंत्री यह दूसरी इजरायल यात्रा अपने पीछे कई महत्वपूर्ण संभावनाओं को छिपाये है। हाल के दिनों में आपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह की स्थितियां बन गई थीं और जिस तरह यह स्पष्ट हुआ है कि चीन, पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष रूप से न केवल नेवीगेशन की सहायता उपलब्ध करा रहा था बल्कि अपने हथियारों से भी भारत पर उसके हमले को जोरदार बना रहा था। ऐसे में भारत के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह इजरायल के साथ अपने रक्षा संबंधों को वर्तमान मजबूत स्थिति से भी कहीं ज्यादा मजबूत बनाएं।

वास्तव में मोदी की इस यात्रा के पीछे यह सबसे बड़ा हित शामिल है कि इजरायल, भारत को अपना एरियल डिफेंस सिस्टम जो कि बहुस्तरीय सुरक्षा कवच है, जो शॉर्ट से लेकर लान्ग रूट मिसाइलों, ड्रोन और रॉकेट हमलों से रक्षा करता है। भारत उनके इन दो प्रमुख सिस्टम आयरन डोम और डेविड स्लिंग को न सिर्फ पाना चाहता है बल्कि कहा जा रहा है कि अब इजरायल, भारत के साथ भारत में ही इस सिस्टम को विकसित करेगा, जिससे भविष्य में चीन और पाक के साझे गठजोड़ और संदिग्ध तुर्किये की हरकतों से भारत को किसी तरह का नुकसान न हो। भारत और इजरायल वास्तव में दुनिया के उन दुर्भाग्यशाली देशों में से हैं, जो बहुत ज्यादा ऐसे तनाव से दोचार रहते हैं। क्योंकि इन दोनो देशों ने हाल के दशकों में जितना आतंकवाद झेला है, उतना किसी और ने नहीं झेला। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी सभी तरह की वैश्विक कूटनीति, संदेशबाजी की परवाह न करते हुए इजरायल की यात्रा पर गये हैं ताकि हमारी सामरिक शक्ति अजेय हो। इसलिए यह यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है, यह अपने आपमें ऐतिहासिक है।

---

# निगेटिव पीआर और छेड़छाड़ से बौखलाहट में है बॉलीवुड

**मनोज प्रकाश**

बॉलीवुड में पहले पैपराजी अभिनेत्रियों के लिए मुसीबत होते थे,कई बार साथी कलाकार उन्हें परेशान करते थे छेड़छाड़ करके। लेकिन अब वह अपने फैंस से परेशान हैं। पहले भी वह फैंस से परेशान होती थीं पर अब उन्हें बुजुर्ग फैंस जिस तरह से परेशान कर रहे हैं, वह बॉलीवुड के लिए नया सिरदर्द बन गया है। इसके साथ ही कई अभिनेत्रियों ने निगेटिव पीआर को लेकर भी कहा है कि इससे उनकी या उनके दूसरे साथियों की समाज में खराब छवि बनती है।

रकुल प्रीत,गिरिजा ओक,निधि अग्रवाल,मौनी राय तथा सोनल चैहान ने दो माह में ही इस तरह की शिकायतें की हैं। उनकी बातों से ना सिर्फ उनके साथी पुरुष कलाकार चिंतित हैं बल्कि बॉलीवुड ट्रेंड पर नजर रखने वाले समीक्षक भी परेशान हो रहे हैं। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी चिंता प्रकट करते हुए कहा-मुझे समझ में नहीं आता कि इंड्रस्ट्री में पैसे देकर निगेटिव पीआर का चलन क्यों बढ़ रहा है। वे कहती हैं कि उनका दिमाग पीआर की ओर नहीं जाता और जब हमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती है तो हमारे कुछ साथी इसके लिए दूसरे की निगेटिव पीआर में लगे होते हैं। उन्हें पैपराजी की फोटो खींचने की चिंता नहीं है पर वह इस बात को स्वीकार करती हैं कि कोई भी स्टार हमेशा सजा नहीं होता,ऐसे में उनकी फोटो खींचने का क्या मतलब?

प्रभास के साथ 'द राजा साहब' करने वाली निधि अग्रवाल का कहना है कि उन्हें भी यहां तक पहुंचने से पहले कई बार निगेटिव पीआर का सामना करना पड़ा था। वह मानती हैं कि बॉलीवुड में निगेटिव पीआर काफी प्रचलित है। निधि तो यहां तक मानती हैं कि बुक माय शो तथा आईएमडीबी जैसी रेटिंग के लिए भी पीआर की सेवाएं ली जाती हैं। निधि की मुख्य चिंता है कि दूसरों को नीचा दिखाने के लिए बहुत पैसा खर्च करना अब आम हो रहा है। वे इस बात की हिमायती हैं कि सठ के साथ सठ जैसा व्यवहार ही इसका सही रास्ता है। यहां यह ध्यान रखना होगा कि वरुण धवन तथा कार्तिक आर्यन इसी निगेटिव पीआर का शिकार हुए हैं। वरुण धवन की बॉर्डर टू के एक गाने की मजाक उड़ाने के बाद मीडिया में इस बात की चर्चा थी कि उनके खिलाफ ट्रोलिंग पेड पीआर लगा दी गई है यूं उनकी एक्टिंग पर भी प्रश्न उठाना इसी पीआर का एक हिस्सा माना जा रहा है। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा,मैं तेरा तू मेरी' को लेकर भी इसी तरह की बातें हुई थीं। आरोप यहां तक थे कि उनकी छवि खराब करने के साथ ही कॅरियर में रोड़े पैदा करने के लिए निगेटिव पीआर को काम लिया जा रहा है।

सोनल चैहान ने निगेटिव पीआर की नई रिवायत पर बड़ी बात कही। वे कहती हैं किसी को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा और ग्रेट बताना गलत तो है ही साथ ही बॉलीवुड के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। इससे माहौल खराब होगा तथा पैसा खर्च कर किसी को अफवाह का शिकार बनाना पॉल्युशन ऑफ हेट की उस श्रंखला का हिस्सा है जो बॉलीवुड में कलाकारों के खिलाफ जारी है। निगेटिव पीआर से परेशान कम से कम एक दर्जन अभिनेत्रियों ने जिस तरह से अपनी बात रखी है, उससे साफ होता है कि अब बॉलीवुड में बौखलाहट है और नदी की निर्मलता जैसे रिश्ते यहां पर मैले होते जा रहे हैं।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# बचकाना आग्रह है कि युवा जोड़े अधिक बच्चे पैदा करें...

**अंतरा पटेल**

जिसे देखो वह हम महिलाओं को अधिक बच्चे पैदा करने का सुझाव दे रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिल की एक प्राचीन कहावत है- 'पधिनारुम पेत्रु पेरू वाज्ह्वु वाज्हगा', जिसका अर्थ है कि लोगों के पास 16 अलग-अलग प्रकार की दौलत होनी चाहिए, को आधार बनाकर नवदम्पतियों को सुझाव दिया कि उन्हें 16 बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का भी कहना है कि उनकी सरकार अधिक बच्चों वाले परिवारों को लाभान्वित करने की योजना बना रही ताकि बूढ़ी होती जनसंख्या का समाधान निकाला जा सके और उन्होंने भी दक्षिण भारत के राज्यों के लोगों से आग्रह किया कि वह अधिक बच्चे पैदा करने पर विचार करें। दोनों स्टालिन व नायडू की अधिक चिंता यह है कि उत्तर भारत के राज्यों में अधिक जनसंख्या होने के कारण संसद में उनके सदस्य ज्यादा होते हैं, जिससे देश की राजनीति उनके नियंत्रण में रहती है और दक्षिण के राज्य इस मामले में पिछड़ जाते हैं यानी यह दोनों दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या वृद्धि इसलिए चाहते हैं ताकि आबादी के हिसाब से चुनावी क्षेत्रों के परिसीमन की जो केंद्र सरकार की योजना है, उससे दक्षिण की लोकसभा सीटों में कमी न आ जाये। बहरहाल, पिछले एक दशक के दौरान अलग अलग समय पर, सुर्खियों में रहने वाली शख्सियतों ने हिन्दुओं से आग्रह किया है कि प्रति जोड़ा दस, आठ, पांच व चार बच्चे पैदा करें।

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में एक बार फिर दोहराया है कि न केवल हिन्दुओं को बल्कि सभी भारतीयों को तीन बच्चे पैदा करने चाहियें, जो उचित सी सलाह प्रतीत हो रही है, लेकिन यह उन्हीं कारणों से होने नहीं जा रहा है जिन कारणों से यह योजना या सुझाव जापान, दक्षिण कोरिया, इटली, पोलैंड, फ्रांस व चीन में असफल रहा। पोप फ्रांसिस ने अपनी मृत्यु से पहले सावधान किया था, पुराना महाद्वीप बुजुर्गों का महाद्वीप बनता जा रहा है ...बच्चे पैदा करो, बहुत सारे पैदा करो। अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है, मुझे अधिक बच्चे चाहियें, और बेबी वेंस आने वाला है, लेकिन इससे भी राष्ट्रीय औसत में वृद्धि नहीं होने जा रही है, बावजूद अंकल मस्क के इस ऐलान से कि 'जन्मदर में तुरंत इज़ाफे की ज़रूरत है'।

दोनों मोहन भागवत व पोप फ्रांसिस ने कभी शादी नहीं की, बच्चे पैदा नहीं किये, लेकिन हम से चाहते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें। इसमें शक नहीं कि बच्चे प्यारे होते हैं, लेकिन 'समस्या' यह है कि वे बड़े हो जाते हैं। फिर उन्हें स्कूल भेजना पड़ता है और भारत में हर साल शिक्षा औसतन 11-12 प्रतिशत महंगी हो जाती है, जबकि मम्मी व पापा के वेतन में इस हिसाब से वृद्धि नहीं होती है। एक बच्चा ही वक्त से पहले बाल सफ़ेद कर देता है, दो बच्चों का अर्थ है वित्तीय संकट, तो ऐसे में तीसरा बच्चा किसे चाहिए? इन बच्चों के सिर पर छत की भी तो आवश्यकता होती है और टॉप दस शहरों में मकान के दाम सालाना 3 प्रतिशत से बढ़ रहे हैं, जबकि दिल्ली में तो 24 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहे हैं, जहां हर कोई रहना चाहता है। ईश्वर न करे, अगर परिवार में कोई बीमार पड़ जाये तो 10-12 प्रतिशत की मेडिकल महंगाई मुहम्मद अली के मुक्के से भी अधिक ज़ोर का प्रहार करती है। इसलिए दंपतियों की दृष्टि से बच्चे लक्ज़री हैं। हर बच्चे पर दीर्घकालीन में प्रीमियम जर्मन कार से अधिक खर्च आ सकता है और आख़िरकार एआई संसार में उसके पास जॉब भी नहीं होगा।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

---

# इतिहास के पन्नों में 27 फरवरी : गोधरा कांड की वह भयावह सुबह जिसने देश को झकझोर दिया

साल के दूसरे महीने का 27वां दिन भारतीय इतिहास में एक बेहद दुखद घटना के रूप में दर्ज है। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगा दी गई, जिसमें 59 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह ट्रेन अयोध्या से अहमदाबाद की ओर जा रही थी और इसमें बड़ी संख्या में हिंदू तीर्थयात्री सवार थे।

रिपोर्टों के अनुसार, गोधरा स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के तुरंत बाद किसी ने चेन खींचकर उसे रोक दिया। इसके बाद ट्रेन पर पथराव हुआ और एस-6 कोच को आग के हवाले कर दिया गया। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और डिब्बे में फंसे यात्रियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। यह घटना देशभर में स्तब्धता और आक्रोश का कारण बनी।

इस हादसे के बाद गुजरात के कई हिस्सों में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी, जिसने व्यापक स्तर पर जान-माल का नुकसान किया। राज्य के विभिन्न शहरों, खासकर अहमदाबाद में हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को देशवासियों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील करनी पड़ी।

गोधरा कांड और उसके बाद हुई हिंसा भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ गई। यह घटना आज भी देश के इतिहास के सबसे संवेदनशील और विवादित अध्यायों में गिनी जाती है।



## संक्षिप्त समाचार

### एनसीईआरटी विवाद को लेकर कांग्रेस ने साधा निशाना, ये संघ की शरारत, इस पर सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा जायज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनसीईआरटी विवाद को लेकर कांग्रेस ने संघ पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का इस मामले पर गुस्सा जायज है। कांग्रेस पार्टी ने दावा किया कि पिछले एक दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शरारत और द्वेष के साथ किताबों को फिर से लिखा है और ये मामला उसी का नतीजा है। कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनसीईआरटी की आठवीं की एक किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले हिस्से पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और किताब पर प्रतिबंध लगा दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, एनसीईआरटी की किताबों में न्यायपालिका के आलोचना वाले जिक्र पर सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा जायज है। उन्होंने लिखा, असल में, पिछले दस वर्षों में जिस तरह से एनसीईआरटी की टेक्स्टबुक्स को फिर से लिखा गया है, वह शर्मनाक होने के साथ-साथ खतरनाक भी है। यह संघ की शरारत और द्वेष से भरी कोशिश है। इसकी जांच होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की सदस्यता वाली पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। पीठ ने नई टेक्स्टबुक में न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक बातों पर खुद संज्ञान लिया था। एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में लिखा गया है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है और मामलों का बहुत बड़ा बैकलॉग और जजों की सही संख्या की कमी न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी को भी न्यायपालिका की छवि को खराब करने की इजाजत नहीं देगा। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में विवादित अंश को लेकर बिना शर्त माफी मांगी।

### कृषि मंत्री ने पेड़ लगाने का किया आग्रह, कहा- इससे मेरा जन्मदिन सार्थक हो जाएगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन आने वाला है। इस बीच उन्होंने गुरुवार को अपने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे उनके जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाएं और उसकी फोटो खींचकर उन्हें भेजें, जिससे उनका जन्मदिन सार्थक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि प्रिय बहनों-भाइयों और भांजे-भांजियों, हमारा जीवन किसलिए है। वो कैसे सफल और सार्थक होगा। वो सार्थक होगा किसी अच्छे उद्देश्य के लिए जीने से। पर्यावरण का संरक्षण मेरे जीवन का एक पवित्र उद्देश्य रहा है। इसलिए मैं रोज पौधा लगाता हूं। 5 मार्च को मेरा जन्मदिन है। आप स्नेह के कारण, प्रेम और आत्मीयता के कारण उसे उत्साह से मनाते भी हैं। राजनीतिक क्षेत्र का कार्यकर्ता होने के कारण कई कार्यकर्ता होर्डिंग लगा देते हैं। कई शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह लेकर आते हैं। लेकिन, 5 मार्च को इस बार मेरी आप सबसे अपील है कि जन्मदिन को भी उद्देश्यपूर्ण बनाएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरे जन्मदिन पर न फूल-मालाएं, न शॉल, न श्रीफल, न स्मृति चिन्ह, न होर्डिंग, बस इस दिन एक पेड़ जरूर लगाएं। उसका फोटो अपलोड कर दें या मुझे भेज दें। मेरा जन्मदिन सार्थक हो जाएगा। हर सेवा महत्वपूर्ण है, लेकिन जब मैं गहराई में सोचता हूं तो पौधा लगाना इस दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है। पेड़ हर एक के काम आते हैं। मनुष्यों को जीने के लिए जरूरी हैं। कीट-पतंगे और पक्षी उनका घर और भोजन हैं पेड़।

### मेघालय विधानसभा में अनोखा नजारा, विधायक पत्नी ने मुख्यमंत्री पति से पूछे सवाल; मांगा काम का ब्यौरा



**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय विधानसभा में एक बहुत दिलचस्प नजारा देखने को मिला। यहां नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी) की विधायक मेहताब चांदी ए संगमा ने मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा से विकास कार्यों को लेकर सवाल पूछे। यह चर्चा इसलिए चर्चा में रही क्योंकि विधायक और मुख्यमंत्री आपस में पति-पत्नी हैं। सदन में दोनों के बीच नीतिगत मुद्दों पर बहुत अच्छी और स्वस्थ बहस हुई। विधायक मेहताब चांदी ने साल 2022 में प्रस्तावित पशु चिकित्सा (वेटरनरी), मत्स्य पालन और डेयरी कॉलेजों की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने राज्य के पशु चिकित्सा केंद्रों में कर्मचारियों की भारी कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग स्टाफ की कमी की वजह से परेशान हैं और इससे उनकी आजीविका पर असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि इन परियोजनाओं को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार एक वेटरनरी कॉलेज, दो फिशरी कॉलेज और एक डेयरी कॉलेज बनाने की योजना पर काम कर रही है। प्रस्तावित वेटरनरी कॉलेज के लिए री-भोई जिले के किर्देमकुलाई में 800 एकड़ जमीन चुनी गई है। इस बड़े प्रोजेक्ट पर लगभग 334 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसमें 19 विभाग होंगे। काम में देरी की वजह बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन की पहचान और मानव संसाधन की योजना बनाने में समय लगा है। उन्होंने माना कि कर्मचारियों की कमी एक गंभीर समस्या है। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि खाली पदों को भरने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी पशुपालन पर निर्भर है, इसलिए इन संस्थानों का बनना बहुत जरूरी है।

### शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत का आरोप, अजीत पवार प्लैन क्रैश मामले को दबा रही है फडणवीस सरकार



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को अजीत पवार विमान दुर्घटना मामले में महाराष्ट्र सरकार की निष्क्रियता की कड़ी आलोचना की। उन्होंने अधिकारियों पर डीजीसीए और वीएसआर वेंचर्स को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने सवाल उठाया कि मुंबई पुलिस ने एनसीपी विधायक रोहित पवार की मांग पर एफआईआर दर्ज करने से इनकार क्यों किया। उन्होंने संकेत दिया कि प्रभावशाली व्यक्तियों के हस्तक्षेप से अधिकारियों के व्यवहार पर असर पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि डीसीपी को विधान भवन से फोन आया था, जिसके बाद कमिश्नर का रवैया बदल गया। राउत ने यह भी आरोप लगाया कि कई राजनेताओं ने वीएसआर वेंचर्स में निवेश किया है। इसके साथ ही मौजूदा मंत्रियों के भी कंपनी से वित्तीय संबंध हैं, जिससे उचित कार्रवाई न होने का कारण स्पष्ट हो सकता है।

**सरकार मामले को दबा रही :** संजय राउत ने कहा इस मामले को दबाया जा रहा है। आप कुछ छुपा रहे हैं। कई नेताओं ने इस वीएसआर कंपनी में पैसा लगाया है। जानकारी सामने आ रही है कि मौजूदा मंत्रियों के भी इस कंपनी से वित्तीय संबंध हैं। डीसीपी को एक फोन आया था। यह विधानसभा भवन से आया था। आप सामान्य मामलों में एफआईआर दर्ज करते हैं, तो यहां क्यों नहीं की गई? एक प्रभावशाली व्यक्ति का फोन आया, जिसके बाद कमिश्नर का व्यवहार बदल गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशक विभाग (डीजीसीए) एक भ्रष्ट विभाग है, और कोई भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाया है। उन्हें कई नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है।

**रोहित पवार ने मामले का गहन अध्ययन किया :** उन्होंने आगे बताया कि रोहित पवार ने विमानन क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ उनसे मुलाकात कर इस मामले पर चर्चा की थी। रोहित पवार ने मामले का गहन अध्ययन किया था, जिसमें दोषियों की पहचान करना भी शामिल था। राउत ने इस बात पर जोर दिया कि अजीत पवार की घटना को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि इसमें संदिग्ध परिस्थितियां शामिल हैं, फिर भी अधिकारी इसे एक सामान्य दुर्घटना मान रहे हैं।

## वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों के लिए राहुल ने 100 घरों की नींव रखी

# वायनाड के साथ हम परिवार बनकर साथ खड़े : राहुल गांधी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

**केरल के वायनाड में 2024 की भूस्खलन त्रासदी से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को 100 मकानों के निर्माण की आधारशिला रखी।**

यह पहल उन लोगों के लिए शुरू की गई है जिन्होंने प्राकृतिक आपदा में अपने घर, जमीन और परिजनों तक को खो दिया था। कार्यक्रम के जरिए पीड़ितों को भरोसा दिलाया गया कि पुनर्निर्माण की लड़ाई में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

राहुल गांधी ने मुंडक्कई और चूरलमाला इलाके के भूस्खलन प्रभावित परिवारों से मुलाकात करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि लंबे समय तक साथ निभाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि वायनाड उनके लिए परिवार जैसा है और जरूरत पड़ने पर कांग्रेस लगातार लोगों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने माना कि मकानों के निर्माण में जमीन, अनुमति और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी कई जटिलताएं थीं, लेकिन अब उम्मीद है कि परियोजना तेजी से पूरी होगी। कार्यक्रम में प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उन्होंने भूस्खलन के बाद लोगों की पीड़ा को करीब से महसूस किया है। कई परिवार पूरी तरह टूट गए और खेती तथा आजीविका खत्म हो गई। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सांसदों ने संसद में बार-बार वायनाड के लोगों की आवाज उठाई। गृह मंत्री से मुलाकात कर इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई। प्रधानमंत्री को पत्र लिखे गए और संसद के बाहर प्रदर्शन भी किए गए ताकि राहत और पुनर्वास प्रक्रिया तेज हो सके।



### पीड़ित परिवारों को मिलेंगे सुरक्षित और स्थायी घर

कांग्रेस की ओर से बनाए जा रहे 100 मकानों में हर घर करीब 1100 वर्ग फुट का होगा और प्रत्येक परिवार को लगभग 8 सेंट जमीन दी जाएगी। इस परियोजना का उद्देश्य सिर्फ छत देना नहीं बल्कि लोगों को सम्मान के साथ नई शुरुआत का मौका देना है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में दो बड़ी भूस्खलन घटनाएं देखी हैं और हर बार लोगों ने कठिन हालात में भी साहस और एकजुटता दिखाई। उन्होंने पीड़ितों से कहा कि उन्होंने बहुत कुछ खोया है, लेकिन उनका हौसला और इंसानियत अब भी मजबूत है।

### एकजुटता बनी सबसे बड़ी ताकत

प्रियंका गांधी ने कहा कि त्रासदी के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात लोगों की हिम्मत और एकता रही। धर्म और समाज से ऊपर उठकर लोगों ने एक-दूसरे की मदद की। उन्होंने कहा कि हादसे के समय वह सांसद नहीं थीं, लेकिन अब खुद को यहां की बेटी और परिवार का हिस्सा मानती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुनर्वास कार्य में अलग-अलग राजनीतिक दलों ने योगदान दिया है और लोगों की लड़ाई खत्म होने तक कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी।

### दुकान गंवाने वालों को आर्थिक मदद

कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भूस्खलन में अपनी दुकानें खोने वाले 40 लोगों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी। इस मौके पर कांग्रेस और यूडीएफ के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि पुनर्वास की प्रक्रिया लंबी जरूर है, लेकिन लक्ष्य प्रभावित परिवारों को सामान्य जीवन में वापस लाना है। वायनाड में शुरू हुआ यह आवास निर्माण अभियान आपदा के बाद उम्मीद, पुनर्निर्माण और भरोसे की नई शुरुआत माना जा रहा है।

### प्रियंका के संसदीय क्षेत्र में राहुल ने सुनाया किस्सा, वायनाड के लोगों को अपने परिवार का सदस्य बताया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को केरल दौरे पर है। इस दौरान वे 2024 के वायनाड भूस्खलन के पीड़ितों के लिए पार्टी की ओर से बनाई गई घरों का आधारशिला रखा। इसी बीच वे अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि वाड्रा को वायनाड कितना पसंद है।

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आपके सोचने का तरीका बदलने लगता है। मेरा मानना है कि राजनेताओं को अपने बारे में अधिक खुलकर बोलना चाहिए और जो कुछ हो रहा है उसके बारे में अधिक पारदर्शी होना चाहिए। गांधी ने वायनाड के लोगों को अपने परिवार के सदस्य बताते हुए हाल ही की एक घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इससे वाड्रा नाराज हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी और उनकी बहन की अक्सर छोटी-छोटी बातों पर बहस हो जाती है। आगे उन्होंने कहा कल वो मुझसे बात नहीं कर रही थी। फिर मैं अपनी मां से मिलने गया। उन्होंने पूछा कि तुम्हारी बहन कैसी है?' मैंने उन्हें बताया कि वे परेशान हैं और मुझसे बात नहीं कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि वायनाड की यात्रा योजना पर चर्चा करते समय उन्होंने अपनी मां से कहा कि उन्होंने अपनी बहन को फंसा लिया है। उन्होंने कहा, क्योंकि वह वायनाड आ रही है और वह मुझसे बात किए बिना नहीं रह सकती। गांधी ने कहा कि सुबह जब उन्होंने विमान में वाड्रा का अभिवादन किया, तो वह अभी भी परेशान लग रही थीं। लेकिन जब हम यहां पहुंचे, तो उसने मुझसे बात करना शुरू कर दिया। यही वायनाड का जादू है। गांधी लोकसभा में वायनाड से पूर्व सांसद थे।

## कर्नाटक : गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने गोयल के बयान पर जताई आपत्ति, कहा-

# राहुल गांधी के नेतृत्व से डरती है भाजपा

बंगलूरू, एजेंसी

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बयान को पूरी तरह अनुचित बताते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान परमेश्वर ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए भाजपा पर निशाना साधा।



जी. परमेश्वर ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी को लेकर इस तरह की टिप्पणी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के फौलादी हौसलों को पस्त करने के मकसद से पहले भी ऐसे बयान दिए जा चुके हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विपक्षी नेता चाहे जितनी भी बयानबाजी कर लें, राहुल गांधी हर प्रकार की परिस्थिति का सामना करने में सक्षम हैं और उन्हें रोका नहीं जा सकता। उनके अनुसार, इस तरह की बयानबाजी केवल राहुल गांधी के मनोबल को गिराने के लिए की जा रही है, लेकिन इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होगा।

गृह मंत्री ने कहा कि यह साफ है कि पीयूष गोयल राहुल गांधी के नेतृत्व और उनकी कार्यशैली को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें हमेशा से राहुल गांधी के काम करने के तरीके से आपत्ति रही है, इसी वजह से वे इस तरह के अनुचित बयान दे रहे हैं। परमेश्वर ने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी का प्रमुख चेहरा हैं और उन्होंने राजनीति को एक नई दिशा देने का काम किया है। ऐसी स्थिति में भाजपा नेताओं का उन पर टिप्पणी करना उनकी हताशा को दर्शाता है।

### क्या है मामला?

बता दें कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को मीडिया वार्ता में राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि राहुल समेत पूरा गांधी परिवार कॉम्प्रोमाइज्ड है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि वह बहरी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। जी. परमेश्वर ने राहुल गांधी को जनता का नेता बताते हुए कहा कि वे आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हैं और उनकी आवाज को राजनीति में जगह देते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से जनता के मुद्दों को उठा रहे हैं, उससे भाजपा का डरना लाजिमी है। गृह मंत्री के मुताबिक, राहुल गांधी एक मजबूत नेता के रूप में उभरे हैं, जिससे मुकाबला करने के बजाय भाजपा केवल व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा ले रही है।

## नेसेट में पीएम के भाषण पर कांग्रेस की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार

# बूढ़े हो रहे राहुल, सत्ता नहीं मिल रही...

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्राइली संसद (नेसेट) में प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी के भाषण की आलोचना करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस (पीएम के भाषण से) इसलिए खुश नहीं है, क्योंकि (लोकसभा में विपक्ष के नेता) राहुल गांधी बूढ़े हो रहे हैं और उन्हें प्रधानमंत्री बनने का कोई मौका नहीं मिल रहा है।

भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया, राहुल गांधी और उनका परिवार पूरी तरह से समझौता कर चुका है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि (देश के प्रथम प्रधानमंत्री) जवाहरलाल नेहरू ने अपने कार्यकाल में भारतीय क्षेत्रों को चीन और पाकिस्तान को उपहार में क्यों दिया था।



कांग्रेस ने गुरुवार को इस्राइल की संसद (नेसेट) में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर हमला किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह पीएम मोदी के मेजबान (इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू) का खुलेआम बचाव था। कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री के संबोधन को लेकर सरकार की आलोचना की। आनंद शर्मा ने कहा कि भारत को ऐसे शासन को समर्थन नहीं दिखाना चाहिए, जिसने गाजा में नरसंहार किया है और हजार बेबस फलस्तीनियों को भुखमरी के लिए मजबूर किया है।

### जब देश के लिए अच्छा होता है तो यह कांग्रेस के लिए हमेशा बुरी खबर होती है

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जब भी देश और प्रधानमंत्री मोदी के साथ कुछ अच्छा होता है, तो यह कांग्रेस के लिए हमेशा बुरी खबर होती है। पात्रा ने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री को नेसेट में उनके संबोधन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिला। उन्होंने कहा कि लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। हमने उनसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा था। प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह एक सहज प्रतिक्रिया थी। यह इस्राइल के लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति प्रेम था, जो वहां भारत की 140 करोड़ जनता प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पात्रा ने कहा, भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुए मोदी को स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सब बातों से दुखी है, क्योंकि सत्ता उसके हाथ में नहीं है। राहुल बाबा (गांधी) सत्ता पाना चाहते हैं, क्योंकि उनकी उम्र बढ़ रही है।

## पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु ने अमित शाह को लिखा पत्र

# बागलकोट हिंसा पर की एनआईए जांच की मांग

बंगलूरू, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु ने बागलकोट में हुई हालिया हिंसा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर इस मामले की एनआईए जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने का भी अनुरोध किया है।

श्रीरामुलु ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि राज्य में सार्वजनिक जुलूसों और संवेदनशील इलाकों के पास बार-बार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने दावा किया कि हिंदू संगठनों से जुड़े युवाओं पर हमले बढ़ रहे हैं। उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और कई मामलों में पीड़ितों को ही काउंटर-केस (क्रॉस केस) में फंसाकर गिरफ्तार किया जा रहा है। श्रीरामुलु ने उदाहरण के तौर पर सितंबर 2024 में मांड्या में हुई हिंसा, मंगलुरु में सुहास शेट्टी की हत्या और कोप्पल में एक हिंदू युवक पर हमले की घटनाओं का जिक्र किया।



बागलकोट की घटना का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री ने बताया कि 20 फरवरी को पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती की शोभायात्रा पर पथराव हुआ था। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तारियां कीं और 28 फरवरी तक निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू कर दी। श्रीरामुलु के अनुसार, यह घटना दर्शाती है कि रूट मैनेजमेंट और इंटेलिजेंस के स्तर पर भारी चूक हुई है, जिसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**नए सुरक्षा नियमों का दिया सुझाव :** पूर्व मंत्री ने जुलूसों और शोभायात्राओं के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने का अनुरोध किया। इसमें जुलूस की अनुमति, मार्ग, समय-सीमा और संवेदनशील स्थानों के पास नो-गो बफर जोन बनाने जैसे बिंदु शामिल हों। उन्होंने रीयल-टाइम तनाव नियंत्रण प्रोटोकॉल और शांति समितियों की नियमित बैठकों पर भी जोर दिया है ताकि भविष्य में ऐसी हिंसा को रोका जा सके।

### संवैधानिक हस्तक्षेप की मांग

श्रीरामुलु ने केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 355 के तहत अपने कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी जांच को प्रभावित करना नहीं, बल्कि निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्रालय कर्नाटक के गृह विभाग और डीजीपी के साथ एक समीक्षा बैठक बुलाए। इस बैठक में खुफिया तंत्र की विफलताओं और दंगों के मामलों में हो रही कानूनी कार्रवाई का मूल्यांकन किया जा सके।

# सही इतिहास पढ़ाते तो औरंगजेब को मुस्लिम नहीं मानते अपना नायक : सीएम फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को विधानसभा में एक साथ कई मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पिछले 70 साल का इतिहास, शिक्षा व्यवस्था और छत्रपति शिवाजी महाराज समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। फडणवीस ने कहा कि अगर पिछले 70 वर्षों में स्कूलों में इतिहास सही तरीके से पढ़ाया जाता, तो कोई मुस्लिम मुगल सम्राट औरंगजेब को नायक नहीं मानता।

सीएम फडणवीस ने इस दौरान छत्रपति शिवाजी महराज की तुलना मैसूर के शासक टीपू सुलतान से करने पर भी सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी और टीपू सुलतना की तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि टीपू सुलतान ने ब्रिटिश से लड़ाई अपने राज्य को बचाने के लिए की, लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायरों को मारा। ऐसे में उनकी तुलना शिवाजी महाराज से नहीं की जा सकती।



फडणवीस ने हिंदी को कक्षा एक से पांच तक तीसरी भाषा बनाने के विरोध पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह फैसला तब की महा विकास अघाड़ी सरकार ने लिया था। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि विरोधियों ने हमें इसके लिए दोषी ठहराया, लेकिन मुझे खुशी है कि इससे दो भाई (उद्धव और राज ठाकरे) एक साथ आए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साफ किया कि हम हमेशा उन लोगों का विरोध करेंगे जो आक्रमणकारियों को हीरो के रूप में दिखाते हैं। कुल मिलाकर, फडणवीस ने इतिहास की सही शिक्षा, शिवाजी महाराज और टीपू सुलतान की तुलना, और शिक्षा नीति को लेकर अपना स्पष्ट रुख रखा।

## सुनेत्रा पवार बनीं एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष

# बेटे पार्थ पवार को राज्यसभा भेजने की तैयारी...

मुंबई, एजेंसी

**महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी में नेतृत्व परिवर्तन के साथ नया राजनीतिक अध्याय शुरू हो गया है।**

पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्य की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को सर्वसम्मति से एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी बैठक में लिया गया यह फैसला राज्य की राजनीति में अहम माना जा रहा है। अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद पार्टी और सत्ता दोनों की जिम्मेदारियों में बड़ा बदलाव देखने को मिल।



अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति अचानक नए मोड़ पर आ गई थी। उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सुनेत्रा पवार को सौंपी गई और अब उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कमान भी मिल गई है। पिछले कुछ दिनों से एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय की चर्चा चल रही थी, लेकिन अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेताओं ने इसमें खास रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए नया नेतृत्व तय किया और सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया।

**मुंबई अधिवेशन में सर्वसम्मति से फैसला...** एनसीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन 2026 मुंबई के वर्ली इलाके में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन के दौरान सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सभी नेताओं ने एकमत से मंजूरी दी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने औपचारिक रूप से उनके नाम की घोषणा की। साथ ही यह भी तय किया गया कि प्रफुल्ल पटेल पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रहेंगे, जबकि महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सांसद सुनील तटकरे संभालेंगे।

### पार्थ पवार को राज्यसभा भेजने की तैयारी

एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पार्टी अजित पवार के बेटे पार्थ पवार को राज्यसभा सदस्य के लिए नामित करेगी। यह सीट उनकी मां सुनेत्रा पवार के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।पार्टी का कहना है कि पार्थ अजीत पवार का नामित होना एनसीपी की रणनीति और अनुभव को राज्यसभा में आगे बढ़ाने का कदम है।

### बारामती से विधायक बनने की चर्चा तेज

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा तेज हो गई है कि सुनेत्रा पवार जल्द ही बारामती विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ सकती हैं। यह सीट अजित पवार की राजनीतिक पहचान मानी जाती रही है। अगर उपचुनाव होता है तो सांसद सुप्रिया सुले ने उम्मीद जताई है कि यह चुनाव निर्विरोध भी हो सकता है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में सुनेत्रा पवार विधानसभा पहुंचकर राज्य की राजनीति में और मजबूत भूमिका निभा सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'टीबी मुक्त भारत' के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किए



**मंडलेश्वर,निप्र।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत महाअभियान के अंतर्गत महेश्वर के जनपद पंचायत सभागृह में टीबी मुक्त पंचायत कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत के अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत जिनको टीबी मुक्त होने पर ब्रॉन्ज और सिल्वर के रूप में कलेक्टर के द्वारा वर्ष 2024 के प्रमाण पत्र और गांधी जी की प्रतिमाये वितरित की गई। यह वितरण कार्य मुख्य स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी जिला खरगोन के मार्गदर्शन में जिला क्षय अधिकारी डॉ. हर्ष महाजन और जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना चौहान के माध्यम से टीबी मुक्त ग्राम पंचायतो में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए। इस दौरान टीबी प्रोग्राम से और महिला स्वास्थ कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्राम पंचायत के समस्त सचिव एवं सहायक सचिवो को भी टीबी की बीमारी से किस प्रकार से रोकथाम, बचाव, निदान व उपचार किया जा सकता है इस पर ब्लॉक टीबी सुपरवाइजर राकेश खेडेकर द्वारा विस्तृत से जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में, डीटीओ डॉ. हर्ष महाजन बीएमओ डॉ. अतुल गौर, गजानंद सिसोदिया, श्याम सोलंकी, सुधीर पाटीदार एनजीओ से चंद्रशेखर पूरे, मोहन चौबे टीबी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 5 मार्च को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

**खरगोन, निप्र।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक खरगोन–बड़वानी क्षेत्र के सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल की अध्यक्षता में 05 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील सहित जिले के सभी विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर भव्या मित्तल ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### खरगोन के एसडीओपी कार्यालय, थानों और पुलिस चौकी को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र



**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले के 09 पुलिस थाने बड़वाह, सनावद, बेड़िया, मैंनगाँव, बरुड, गोगावां, ऊन, भगवानपुरा और भीकनगाँव तथा सेगांव पुलिस चौकी के साथ साथ एसडीओपी कार्यालय बड़वाह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) बिट्टू सहगल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल, एसडीओपी बड़वाह, सम्बन्धित थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, पुलिस लाईन सूबेदार, पुलिस लाईन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ, गणमान्य नागरिकों और पत्रकार बंधुओं की मौजूदगी में उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा वितरित किए गए आईएसओ प्रमाण प्रदान किए गए। ज्ञातव्य रहे कि इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन अर्थात अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा मानक स्तर पर अच्छा रखरखाव, जनसामान्य तथा पुलिस कर्मचारियों के लिए उच्च स्तर की बैठक व्यवस्था, जनसुनवाई एवं सुलभ व्यवस्थाओं में अव्वल होने पर ही आईएसओ प्रमाण पत्र मिलता है अथवा दिया जाता हैं। पुलिस थानों पर 'आईएसओ सर्टिफिकेट' उच्च गुणवत्ता, रिकार्ड रखरखाव, थाना परिसर की साफ सफाई, थाने का रिकार्ड संधारण, प्राप्त जनशिकायतों का निर्धारित समय पर निराकरण, अपराधियों को पकड़ने में तत्परता और सतर्कता, दुर्घटना या आपराधिक प्रकरण पर रिस्पांस और समय पर घटना स्थल पर पहुंचने से लेकर थानों के रिकार्ड और दस्तावेज कम्प्यूटराइज्ड होने आदि अन्य मानकों पर खरा उतरने पर प्रदाय किया जाता है। इसीलिए खरगोन जिले के 09 पुलिस थाने 1.बड़वाह 2 सनावद 3 बेड़िया, 4 मैंनगाँव, 5 बरुड, 6 गोगावां, 7 ऊन, 8 भगवानपुरा और भीकनगाँव तथा सेगांव पुलिस चौकी के साथ साथ एसडीओपी कार्यालय बड़वाह को आईएसओ प्रमाण पत्र दिये गये।

### पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों को दिया जनगणना संबंधी प्रशिक्षण

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी भव्या मित्तल के निर्देशानुसार झिरन्या में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान का सूचीकरण एवं गणना ब्लॉक बनाए जाने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मकान नंबरिंग का कार्य, गणना ब्लॉक का निर्धारण तथा ग्राम का नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी खुमानसिंह चौहान, जनगणना शाखा प्रभारी शोभागसिंह चौहान एवं महेन्द्र मुजाल्दे उपस्थित रहे।

### 3–4 मार्च अनाज मण्डी, 03 से 07 मार्च तक कपास मण्डी में नहीं होगी नीलामी

**खरगोन, निप्र।** कृषि उपज मण्डी समिति खरगोन ने समस्त किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि मंडी व्यापारी संघ के आवेदन अनुसार होली पर्व होने से अनाज मण्डी में 03 मार्च एवं 04 मार्च को अनाज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। इसी प्रकार 03 मार्च से 07 मार्च तक कपास मंडी खरगोन में कपास एवं डालर चना का निलामी कार्य बन्द रहेगा। मण्डी सचिव शर्मिला निनामा ने बताया कि किसान बंधु असुविधा से बचने के लिए अनाज मण्डी में 03 मार्च व 04 मार्च को तथा कपास मण्डी में 03 मार्च से 07 मार्च 2026 तक किसान अपनी कृषि उपज अनाज मण्डी प्रांगण एवं कपास मंडी प्रांगण में विक्रय के लिए नहीं लाएं।

# खाटूश्याम मंदिर में भक्तों ने श्यामबाबा के संग होली खेलकर मनाया फ़ागोत्सव

**मन्दिर में खूब उड़ा गुलाल, देर रात तक मना फ़ागोत्सव**

विनय उजाला





**अंजड़ ( बड़वानी ),निप्र।** नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मन्दिर में बुधवार रात्रि को फागोत्सव धूम धाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया व मन्दिर परिसर में श्याम बाबा के संग होली खेलकर जमकर गुलाल उड़ाया।

नगर के श्री खाटू श्याम मन्दिर में फ़ागुन माह में फ़ाग महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार रात्रि को श्याम भक्तों द्वारा मन्दिर में रंग बिरंगी चटक कलर के गुलालो व फूलों की पंखुड़ियों से एक दूसरे के साथ जमकर होली खेली।जिसमे युवक, युवतियां, महिला व पुरुषों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया वही छोटे-छोटे बालक बालिकाओं में भी उत्साह चरम पर रहा व सभी ने फ़ाग गीतों, श्याम भजनों व होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए व नाचते गाते व झूमते हुए गुलाल उड़ाया।जिससे पूरा मन्दिर परिसर रंग बिरंगी गुलाल से सराबोर हो गया।

बुधवार शाम 7:30 बजे श्याम बाबा की संगीतमय महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया तथा रात्रि 8:30 बजे बाबा की भोग आरती के बाद पण्डित बसन्त शर्मा ने श्याम बाबा को गुलाल लगाया व श्याम बाबा को गुलाल लगाते ही उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने जय श्रीश्याम के जयकारे के साथ फागोत्सव की शुरआत की,जो देर रात्रि 11 बजे तक चलता रहा।

सभी श्याम भक्त डीजे पर भजनों के साथ जमकर थिरके। डीजे पर गुजराती गरबा, संजा माता के लोकगीतों, भोलेनाथ व श्याम भजनों के अलावा निमाड़ी गीतों बजाए गए जिसपर भक्तों ने जमकर ठुमके लगाए व झूमते हुए श्याम भक्तों पर सेवादारों ने फूलों की पंखुड़ियों के साथ जमकर गुलाल उड़ाया। फ़ागोत्सव रात्रि 9 बजे से शुरू हुआ जो देर रात्री 11 बजे तक चलता रहा उसके बाद श्याम बाबा की शयन आरती की गई।

### आमलकी एकादशी पर पहुंचेंगे भक्त

27 फरवरी, शुक्रवार को आमलकी एकादशी है जिसे रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। फागुन माह की बड़ी एकादशी होने से मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी, लगभग 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओ के आने की संभावना है। रंगभरी एकादशी पर श्याम मन्दिर में श्याम बाबा का विदेशी फूलों से आकर्षक श्रंगार, 56 व्यंजनो का भोग, महाप्रसादी का वितरण, भजन संध्या सहित अनेक आयोजन किये जायेंगे। श्याम भक्त तैयारियों में जुटे है।

**प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम में किसानों का पंजीयन**

## गेहूं के पंजीयन 7 तक, चना पंजीयन 16 मार्च तक होंगे

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन योजना में पोर्टल पर गेहूं विक्रय हेतु किसान अपना पंजीयन 07 मार्च तक एवं चना विक्रय हेतु 16 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना विक्रय के लिए एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है। पंजीयन में खाता-खसरा, पावती की छाया प्रति, समग्र आईडी, आधार कार्ड।

**इन केन्द्रों पर पंजीयन :** किसान स्वयं के मोबाईल, सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र से निःशुल्क पंजीयन कराएं। पंजीयन आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था तलवाड़ा बुजर्ग, बड़वानी, बोरलाय, सिलावद, पाटी, अंजड, तलवाड़ा डेब, रणगांव डेब, ठीकरी, दवाना, ब्राम्हणगांव, ओझर, राजपुर, बलवाड़ी, धनोरा, निवाली, पानसेमल, खेतिया, खाण्डेराव सहाकरी विपणन संस्था मर्यादित राजपुर, आदर्श कृषक सेवा सह. संस्था पलसूद, सेंधवा सहकारी विपणन संस्था मर्यादित सेंधवा मे पंजीयन किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर डीआईजी, कलेक्टर एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने देखी सुरक्षा की तैयारियां

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन की कृषि कैबिनेट बैठक के आयोजन के दृष्टिगत 26-02-2026 को डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम राजपुर कुमार सानू देवढिया,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग सेंधवा अजय वाघमारे तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा घेरा एवं विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया गया, इस दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं विभागीय समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर पूर्ण सजगता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने एवं सभी व्यवस्थाओं को पूर्व परीक्षण के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम राजपुर कुमार सानू देवढिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग सेंधवा अजय वाघमारे तहसीलदार सेंधवा राहुल सोलंकी, तहसीलदार राजपुर आदित्य चौधरी, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल, यातायात थाना प्रभारी विनोद बघेल, थाना प्रभारी नागलवाड़ी माधव सिंह ठाकुर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम अंतर्गत किसानों एवं पशुपालकों का प्रशिक्षण संपन्न

**खरगोन, निप्र।** टंट्या मामा सामुदायिक भवन में इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इन्दौर एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित खरगोन के संयुक्त तत्वाधान में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति से जुड़े पशुपालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 26 फरवरी को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में दुग्ध सहकारी संघ मर्यादित खरगोन के प्रबंधक एवं जिला नोडल अधिकारी डी.पी. त्यागी एवं सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी मनोज टाक, जिला संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी औंकार यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला नोडल अधिकारी डी.पी. त्यागी द्वारा स्वच्छ दूध उत्पादन के साथ दूध उत्पादन की मात्रा में वृद्धि, पशुओं की उचित देखभाल, उन्नत नस्ल के जानवरों का पालन की जानकारी दी गई। अंकेक्षण अधिकारी मनोज टाक द्वारा दूध संस्थाओं के बायलॉज पर जानकारी दी गई।

## माता-पिता के निधन पर नेत्रदान के बाद अब पिता की तेरहवीं पर रक्तदान

**लूणावत परिवार ने 47 यूनिट रक्त जुटाकर पेश की अनुकरणीय पहल**

जितेन्द्र वासुरे



**मंडलेश्वर,निप्र।** मृत्यु के पश्चात भी संसार को देखने की चाह और मानवता की सेवा का जज्बा क्या होता है, यह महेश्वर तहसील के ग्राम बबलाई के लूणावत जैन परिवार ने सिद्ध कर दिखाया है। समाजसेवी श्री मांगीलाल जी जैन 89 वर्ष के देहावसान के बाद परिवार ने न केवल उनके नेत्रदान कर दो जिंदगियों को रोशन किया, बल्कि पिता की तेरहवीं के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को सेवा का एक नया मार्ग दिखाया है। बता दे कि पुत्र नगीनचंद लुणावत, संजय लुणावत और मुकेश लुणावत ने संस्कारों की परंपरा को कायम रख पूर्व में अपनी माताजी स्व. लाड़की बाई लुणावत के निधन पर भी नेत्रदान करवाया था।

**ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार आयोजन :** ग्राम बबलाई में प्रथम बार तेरहवीं के अवसर पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में मानवता की नई मिसाल देखने को मिली। शिविर में 3 महिलाओं नीता जैन, दिव्या डोसी और रेशमा ओरा सहित 44 पुरुषों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और कुल 47 यूनिट रक्तदान किया। पूरा संग्रह थैलेसीमिया, सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए जिला ब्लड बैंक खरगोन को समर्पित किया गया। शिविर के सफल आयोजन पर टीम के डॉ. विनय सिंह चौहान और प्रभारी सचिन चौहान ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**जनहित में दान किए उपकरण और सहयोग राशि :** केवल नेत्रदान और रक्तदान ही नहीं, लूणावत परिवार ने पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए ग्राम में जनउपयोग हेतु एक ऑक्सीजन मशीन और एक फोटो स्टैंड भी भेंट किया। इसके साथ ही विभिन्न मंदिरों और सामाजिक संस्थाओं में नकद सहयोग राशि दान कर पुण्य अर्जित किया। एम. के. इंटरनेशनल आई बैंक के प्रतिनिधि उदय राठौड़ एवं दीनानाथ गुप्ता के माध्यम से नेत्रदान की प्रक्रिया विधिपूर्वक संपन्न हुई।



## ग्राम पंचायत एवं ग्राम रक्षा समिति की बैठक संपन्न

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** भगोरिया मेला स्थल का पुलिस द्वारा निरीक्षण धीरज बब्बर, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी के निर्देशन में 25.02.2026 को थाना बड़वानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम भवती में आगामी 28.02.2026 को आयोजित होने वाले भगोरिया मेले के संबंध में ग्राम पंचायत एवं ग्राम रक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन थाना प्रभारी बलजीत सिंह द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम रक्षा समिति सदस्यों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। बैठक में भगोरिया मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों से दूर रहने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित सदस्यों को समझाइश दी गई कि मेले के दौरान सभी सदस्य सक्रिय सहभागिता रखें, पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना दें। बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने एवं किसी भी संदिग्ध सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाने हेतु भी निर्देशित किया गया। बैठक में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत गांव की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, रात्रि गश्त में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामुदायिक समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

**कुष्ठ रोग का सही निदान जल्दी से हो बीमारी की पहचान**

## पाटी भौंगरिया में नाट्य प्रस्तुति से किया कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक

विनय उजाला




**बड़वानी,निप्र।** कुष्ठ रोग के प्रति जन जागरूकता के लिए 11 फरवरी से 5 मार्च तक चल रहे सघन सर्वे अंतर्गत आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जन जागरूकता के लिए अंतर्विभागीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विकास भागीदार संस्थाओ के साथ स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर जरूरतमंद कुष्ठ रोगियों को एमसीआर फुट वियर प्रदान करने के साथ-साथ शासन की योजना से भी संबंध किया जा रहा है।

इसी क्रम में विकासखंड पाटी में आयोजित भौंगरिया हाट में ट्रस्ट द्वारा संचालित आशा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के विद्यार्थियों के द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्रचार रथ के माध्यम से पाटी पहुंची टीम ट्रस्ट के द्वारा हाट में रैली के माध्यम से प्रमुख मार्गो से जागरूकता स्लोगन पट्टिका हाथ में लिए कतार में रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां मुख्य ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ हेमंत रुनवाल की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने चौपाल पर कुष्ठ रोग साध्य है नाट्य प्रस्तुति दी गई।

आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया ने बताया चर्म रोग को विभिन्न श्रेणियां में बांटा गया है किंतु कई चर्म रोग लापरवाही के कारण गंभीर अवस्था में पहुंच जाते हैं उन्हीं में से एक कुष्ठ रोग भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी प्रारंभिक अवस्था में नजर अंदाज किया जाता है जब बाद में वह विकृति का स्वरूप लेता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा मल्टी ड्रग थेरेपी कुष्ठ रोग का सटीक इलाज है। आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा कुष्ठ रोग के लिए समुदाय आधारित एवं संस्थागत स्तर दोनों ही प्रकल्प में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। इस दौरान संस्था जीएल आरए के जिला समन्वयक विपुल चतुर्वेदी के द्वारा भी नाट्य प्रस्तुति में समन्वय कर कुष्ठ रोग जागरूकता का स्टॉल लगाकर पंपलेट वितरित किए। जागरूकता कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिन दुबे, मणिराम नायडू, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से श्रीमति नीता दुबे, रवि शुक्ला, रईस बंशकर, नर्सिंग इंस्टीट्यूट की कुमारी ज्योति यादव सोनिया पिपलिया, टीना चोंगड़, श्रुति एवं रमेश यादव उपस्थित थे।

## भाव और सम्मान का संगम है मातृभाषा

**आदर्श महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का पखवाड़ा कार्यक्रम**

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार के संवाद की भाषा पर व्याख्यान हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'परिवार में संवाद की भाषा' यह वर्तमान समय का सबसे प्रासंगिक विषय है। हम अपनी मूल बोली और भाषा को भूलकर विदेशी भाषा और संस्कृति को अपना रहे। जबकि हमारी मातृभाषा हमारे भावों की, सम्मान की, स्वतंत्रता की पहचान है।यदि हम अपनी जड़ को भूल जाएंगे तो सूख जाएंगे। अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एस. मुजाल्दा ने इस अवसर पर कहा कि हमारे क्षेत्र में भिलाली, बारेली, भीली, निमाड़ी, मालवी बोली जाती हैं और घरों में यह बोलियां प्रचलित है। हमारे गीत हमारी परंपराएं इन बोलियां में ही भाव और सम्मान महसूस कराती है।

शिक्षा संस्कृति उत्थान के संयोजन में आयोजित इस व्याख्यान में महाविद्यालय के डॉ. दिनेश पाटीदार ने कहा कि आप अपने परिवार के बुजुर्ग सदस्यों से अपने घर की बोली में संवाद करें और परंपराओं को अपनी बोली में व्यक्त करें महाविद्यालय के डॉ. डी.आर. मुजाल्दा ने भाषा के महत्व पर और संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संचालन डॉ. अनिल पाटीदार जिला नोडल स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय और विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति को मुख्यमंत्री ने किया चेक, समय पर उपस्थिति के दिये थे निर्देश

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर गुरूवार को सामान्य प्रशासन विभाग के दल द्वारा मंत्रालय, वल्लभ भवन, विंध्याचल भवन एवं सतपुड़ा भवन में स्थित शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की प्रातः 10 बजे उपस्थित सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्ति की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नववर्ष-2026 के उपलक्ष्य में ली गई बैठक में निर्देश दिये थे कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन शासकीय निर्धारित समय प्रातः 10 से 6 बजे तक उपस्थित रहेंगे। गुरूवार को हुए आकस्मिक निरीक्षण में कई अधिकारियों का अपने दायित्व निर्वाहन किये जाने संबंध में विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में भी उपस्थिति पाई गई।

**शुक्रवार को मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा ली जायेगी जानकारी :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर शुक्रवार 27 फरवरी को प्रातः 10 से 10.30 के बीच मुख्य सचिव कार्यालय से भी सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिवों को दूरभाष पर संपर्क कर उनके कार्यालय के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की जायेगी।

### इंदौर-खडकी के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रतलाम ( विनय उजाला )।** होली के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा इंदौर से खडकी(पुणे) के मध्य गाड़ी संख्या 09324/09323 इंदौर-खडकी-इंदौर स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया पर किया जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः गाड़ी संख्या 09324 इंदौर खडकी स्पेशल, इंदौर से 04 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन इंदौर से प्रति बुधवार को 11.15 बजे चलेगी तथा अगले दिन 02.50 बजे खडकी रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन का देवास(11.50/11.52), उज्जैन(12.40/12.45), नागदा(13.57/14.00) एवं रतलाम(14.35/14.40) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09323 खडकी - इंदौर स्पेशल, खडकी से 05 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन खडकी से प्रति गुरुवार को 04.40 बजे चलेगी तथा गुरुवार को ही 23.55 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन का रतलाम (20.30/20.35), नागदा (21.10/21.15), उज्जैन (22.05/22.07) एवं देवास (23.00/23.02) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागद, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण एवं लोनावाला स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09324 की बुकिंग 27.02.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर एवं रेलवन ऐप पर भी अवलोकन कर सकते हैं।

### सागोर-गुणावद के मध्य दो रेलवे ओवर ब्रिज का होगा लोकार्पण

**रतलाम ( विनय उजाला )।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल की इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत दो रेल ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ब्रिज क्रमांक 234 ए एवं 221 ए का लोकार्पण 27 फरवरी को माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार, सावित्री ठाकुर तथा माननीया विधायक, धार, नीना विक्रम वर्मा के करकमलों द्वारा किया जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन दोनों रोड ओवर ब्रिजों को सड़क यातायात के लिए प्रारंभ किए जाने से आमजन को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, इससे नई रेल लाइन के निर्माण कार्य में भी सुगमता आएगी तथा कार्य को और अधिक गति मिलेगी।

### क्लाइमेट पार्लियामेंट मध्यप्रदेश नेटवर्क की गोलमेज बैठक आज

**भोपाल,निप्र।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला क्लाइमेट पार्लियामेंट मध्यप्रदेश नेटवर्क द्वारा सामुदायिक ग्रीन एनर्जी जोन (सीजीईजेड) के क्रियान्वयन के लिये आयोजित गोलमेज बैठक में शामिल होंगे। बैठक शुक्रवार 27 फरवरी 2026 को सायं 7:00 से 9:00 बजे तक ताज लेकफ्रंट, भोपाल में होगी। गोलमेज बैठक में विधायकगण, विभागीय अधिकारी, ऊर्जा विशेषज्ञ एवं नीति-निर्माता भाग लेगें। बैठक में जाम्बिया की पीएससीआई पहल पर वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया जाएगा। राज्य एवं देश के जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और स्थानीय स्तर पर स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सामुदायिक ग्रीन एनर्जी जोन की अवधारणा विकसित की गई है। सीजीईजेड का उद्देश्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में समुदाय-आधारित, विकेन्द्रीकृत एवं सतत ऊर्जा समाधानों को लागू करना है, जिससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ, रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और हरित, आत्मनिर्भर एवं जलवायु-उत्तरदायी क्षेत्रों का विकास हो। जाम्बिया में प्रेसिडेंशियल सोलर कन्स्टिट्युएंसी जैसी पहल की घोषणा हाल ही की गई है, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से सौर ऊर्जा विस्तार का मॉडल प्रस्तुत किया गया है।

# हर खेत को मिलेगा पानी, एक लाख करोड़ के बजट से संवरेगा एमपी का किसान : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में आयोजित 218वें रहस मेले में हुए शामिल**

विनय उजाला






**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सागर जिले के रहली क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देते हुए फूड पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बुंदेलखंड की धरती आल्हा-ऊदल जैसे वीरों की धरती है। सागर जिले का रहस मेला ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सागर जिले के गढ़ाकोटा के ऐतिहासिक रहस मेले के शुभारंभ एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के राशि अंतरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रहस मेले के 217 साल पुराने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए और उनके शौर्य को प्रणाम करते हुए कहा -

*बड़े लडैया महोबा वाले,*
*जिन की मार सही ना जाये।*
*एक को मारे दोई मर जावे,*
*तीजा खौफ खाये मर जाये।।*

ऐसी वीरता और पराक्रम का लोहा मनवाने वाले मातृभूमि पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धाओं की भूमि को कोटिशः नमन।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परमात्मा ने ऋतुओं और मौसम के साथ मेलों का अद्भुत संबंध बनाया है। जब धान और सोयाबीन कटे तो दीवाली और गेहूं की फसल आने पर होली मनाई जाती है। बुंदेलखंड की धरती पर आकर मन आनंदित हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में कृषि आधारित व्यापार गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं, जिससे किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। राज्य सरकार पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। बजट 2026-27 में नई यशोदा योजना की शुरुआत की गई है। अब हमारे स्कूलों में 8वीं तक के विद्यार्थियों को ट्रेटा पैक दूध निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि मिल रही है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि रहस मेले की शुरुआत 217 साल पहले बुंदेलखंड के तत्कालीन शासक श्री मर्दन सिंह जूदेव के राज्यारोहण के उपलक्ष में हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा भी वर्ष 1990 में यहां पधारे थे। मेला परंपरागत रूप से हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। रहली-गढ़ाकोटा क्षेत्र पहले काफी पिछड़ा था, लेकिन 2003 में राज्य और उसके बाद वर्ष 2014 में केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद यहां विकास की गति तेज हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशेष आशीर्वाद से रहली क्षेत्र की जरूरी आवश्यकताएं पूर्ण हुई हैं। क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने लव-कुश धाम निर्माण और राज्य के भीतर नदी जोड़ो प्रकल्प के तहत बुंदेलखंड में मां नर्मदा को सोनार नदी से जोड़ने का सुझाव दिया।

■ सागर जिले में बनेगा फूड पार्क

■ सागर में विकास का रहस महोत्सवः रहली, गढ़ाकोटा को स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खेजरा-शाहपुर- मोकलपुर फ्लाईओवर सहित कृषि उपज मंडी का उन्नयीकरण

■ सिंगल क्लिक से किया सम्मान और यशोदा योजना से लाए मुस्कानः मुख्यमंत्री ने 32 लाख से अधिक हितग्राहियों को अंतरित 196.72 करोड़ की राशि

■ बीड़ी उद्योग और तेंदूपत्ता संग्रहण केवल व्यापार नहीं, लाखों परिवारों की है जीविका

■ रहस मेले में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के वीरों के शौर्य को किया प्रणाम

### लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है। रहली में सूक्ष्म औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कमेटी गठित की जाए। यहां पारम्परिक बीड़ी उद्योग के साथ हस्त शिल्प कलाओं को भी आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह जनवरी पेड इन फरवरी 2026 की राशि हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### खेजरा-शाहपुर-मोकलपुर फ्लाईओवर की स्वीकृति

डॉ. यादव ने रहली विधासभा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए खेजरा-शाहपुर-मोकलपुर फ्लाईओवर के निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने रहली एवं गढ़ाकोटा कृषि उपज मंडी के उन्नयन के लिए 5-5 करोड़ रुपए एवं शाहपुर उपमंडी के विकास हेतु एक करोड़ रुपए की स्वीकृति दी जिससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का सही दाम और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें इसके साथ ही उन्होंने रहली रमखरिया, सिमरिया नायक बहेरिया मढ़ि ( 22 किलोमीटर ) मार्ग के उन्नयन की भी घोषणा की।

### तेंदूपत्ता संग्रहण व्यापार नहीं जीविका का माध्यम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड में बीड़ी उद्योग और तेंदूपत्ता संग्रहण केवल व्यापार नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की जीविका रहा है। यहां बीड़ी, तेंदूपत्ते और हस्तकला आधारित लघु इकाइयों को मिलेगा प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीड़ी बनाने वाले एवं तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाले व्यक्तियों के उन्नयन के लिए सांसद, विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एक कमेटी बनाकर लिये गये निर्णय अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स एवं स्टेडियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा।

### बुजुर्गों की सेवा के लिए खजाने में कोई कमी नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है। किसान कल्याण के लिए इस साल बजट में एक लाख करोड़ रूपये से अधिक राशि प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि रहली क्षेत्र के विद्यार्थियों को भव्य सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिली है। अब बच्चों को गणवेश, किताबें, साइकिलें निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। स्कूल टॉपर को स्कूटी दी जाती है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ रहे हैं।

### प्रमुख घोषणाएं

- ■ गढ़ाकोटा और रहली में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनेगा।
- ■ महाविद्यालय में वाणिज्य और इतिहास के नए संकाय की कक्षाएं शुरू होंगी।
- ■ क्षेत्र में नया फ्लाई-ओवर और सड़कों का उन्नयन किया जाएगा।
- ■ गढ़ाकोटा और रहली कृषि उपज मंडी में विकास कार्यों के लिए 5-5 करोड़ की राशि मिलेगी।
- ■ शाहपुरा कृषि उपज मंडी के विकास कार्यों के लिए भी एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
- ■ सोनार नदी के माध्यम से सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जीवन समर्पण का प्रेरक उदाहरण : सीएम

**स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के दिव्य स्तंभ का हुआ लोकार्पण**

विनय उजाला



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर से वर्चुअली हुए शामिल**

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के जन्म स्थल सिवनी में उनके दिव्य स्तंभ की स्थापना सौभाग्य का विषय है तथा यह भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जबलपुर एयरपोर्ट से सिवनी जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य चौक के लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर संबोधित करते हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के विचारों एवं संस्कारों को न केवल आत्मसात करें, बल्कि उन्हें समाज में व्यापक रूप से प्रचारित कर आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सनातन मूल्यों से प्रेरणा लेकर सुशासन की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।

दिव्य स्तंभ के लोकार्पण अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने आदि शंकराचार्य के जीवन एवं सनातन धर्म में उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आध्यात्मिक योगदान एवं राष्ट्रधर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्मरण किया।

# इंदौर में जायका वित्त पोषित एमपी ट्रांसको परियोजनाओं का निरीक्षण

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने इंदौर में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जायका-2 वित्त पोषित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जायका जापान का द्वि-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि श्री कुनाल गुप्ता शामिल है। उन्होंने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पीथमपुर स्थित 400 केवी सब स्टेशन में जायका द्वारा वित्तपोषित 315 एमवीए क्षमता के ट्रांसफॉर्मर की स्थापना एवं उसकी उपयोगिता संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। प्रदेश के पहले 132 केवी जी.आई.एस.(गैस इंसुलेटेड स्विचगेयर) सब स्टेशन महालक्ष्मी के लिए लाइन इन-लाइन आउट की गई 132 के.वी. मांगलिया-साउथजोन इंदौर ट्रांसमिशन लाईन का निरीक्षण कर सूक्ष्म मूल्यांकन किया।

### प्रतिनिधि मंडल ने औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर का किया दौरा

**औद्योगिक इकाइयों का किया दौरा, लिया फीडबैक :** निरीक्षण के दौरान एमपी ट्रांसको के अधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि इस ट्रांसफॉर्मर के स्थापित होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इससे औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी, एमपी ट्रांसको अधिकारियों द्वारा दी गई इस जानकारी से संतुष्ट नही हुई और उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर का निरीक्षण कर स्वयं वास्तविक स्थिति का आंकलन करने का निर्णय लिया। जायका प्रतिनिधि मंडल ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों के साथ बैठक भी की।

**विद्युत आपूर्ति हुई स्थिर और गुणवत्तापूर्ण :** एसआरएफ लिमिटेड, जो पैकेजिंग उद्योग से जुड़ी प्रमुख कंपनी है और जिसके पीथमपुर-धार क्षेत्र में चार संयंत्र संचालित हैं, ने जायका प्रतिनिधि मंडल के साथ अपने अनुभव साझा किए। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के लिए स्थापित पॉवर ट्रांसफॉर्मर के उर्जीकृत होने के बाद अब विद्युत आपूर्ति पूरी तरह स्थिर और गुणवत्तापूर्ण हो गई है। एसआरएफ इंडस्ट्रीज के लीगल हेड श्री मिश्रा ने बताया कि बेहतर विद्युत उपलब्धता के कारण वे 132 के.वी. स्तर पर अपना लोड बढ़ाकर लगभग 15 एमवीए करने की तैयारी में हैं, जो दो नई उत्पादन इकाइयाँ के लिए उपयोगी होगी।

**एम पी ट्रांसको की सराहना**

जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने एमपी ट्रांसको की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश द्वारा जायका वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से बेहतर लोड प्रबंधन सुनिश्चित कर कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ औद्योगिक इकाइयों को अधिकतम लाभ पहुँचाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं।

**महिलाओं की सुरक्षा से सशक्त होंगे एमपी के पर्यटन स्थल, भोपाल में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू**

# पर्यटन स्थलों पर महिला पर्यटकों की सुरक्षा करेंगे सशक्त : शुक्ला

विनय उजाला




**भोपाल,निप्र।** अपर मुख्य सचिव गृह और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जिलों में लगातार पुलिस की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तब सब सुरक्षित होते हैं। महिला पर्यटक सहित हर महिला और बच्चे का विश्वास, जमीनी स्तर तक सुरक्षित रहना चाहिए। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला एमपीटी होटल पलाश में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी), पुलिस विभाग और यूएन वूमेन के समन्वय से आयोजित 'पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की भूमिका और रणनीति' विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर पर्यटन स्थल पर सुरक्षा तंत्र प्रभावी रूप से कार्य करे। निर्भया फ्रेमवर्क जैसी पहल और कैमरा निगरानी प्रणाली में 19 करोड़ रुपये के निवेश से मध्यप्रदेश को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सुशासन की प्राथमिकता है। यह पर्यटन विकास और जनता के विश्वास से सीधे संबद्ध है।

सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख क्षेत्र है, इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लोगों में पर्यटन की इच्छा बढ़ रही है। सुरक्षा की भावना, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा, पर्यटन ग्रोथ का निर्णायक कारक है। पुलिस विभाग और यूएन वूमेन सामंजस्य से सकारात्मक वातावरण निर्मित होगा।

सचिव डॉ. इलैया ने बताया कि पर्यटन बोर्ड महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है। महिलाओं को ड्राइवर, गाइड और होम-स्टे संचालक के रूप में आगे लाया जा रहा है, क्योंकि सशक्त महिलाएं सुरक्षित पर्यटन स्थलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके साथ ही समुदाय स्तर पर महिलाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, ताकि उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और जमीनी स्तर पर सहभागिता मजबूत हो। उल्लेखनीय है कि सेफ टूरिस्ट डेस्टिनेशन फॉर वीमेन परियोजना के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला 28 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना और पूरे प्रदेश में महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित व संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करना है।

कार्यशाला में विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) पीएचक्यू भोपाल अनिल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) संतोष गौर, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) श्रीमती किरणलता केरकेट्टा, पुलिस अधीक्षक बीना सिंह और सुश्री स्वाति मुराव सहित गृह विभाग, पुलिस विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमपी ने लगातार दूसरे वर्ष एसएटीटीई 2026 में जीता 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश को दक्षिण एशिया के प्रमुख ट्रैवल एवं टूरिज्म प्रदर्शनी एसएटीटीई 2026 में प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त कर राज्य ने भारत के प्रमुख और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान को और सुदृढ़ किया है। पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एसएटीटीई अवॉर्ड्स समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जिसे मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने प्राप्त किया। विजेताओं का चयन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और उद्योग जगत के वरिष्ठ नेताओं की जूरी द्वारा किया गया।

सचिव पर्यटन एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि एसएटीटीई 2026 में लगातार दूसरे वर्ष 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड मिलना मध्यप्रदेश के पर्यटन इको सिस्टम को मजबूत करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ सतत, जिम्मेदार और अनुभव-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार निरंतर प्रयासरत है। बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, पर्यटक सुविधाओं और नवाचारपूर्ण पहलों में लगातार सुधार ने मध्यप्रदेश को विरासत, वन्यजीव, आध्यात्मिक और इको-टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी गंतव्य बना दिया है। पर्यटन बोर्ड राज्य की विविधता को व्यापक रूप से प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### समस्या समाधान के लिए लगाई पुलिस चौपाल जनता से प्रभावी संवाद के साथ कर रहे जागरूक



**सोनकच्छ, निप्र।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा समस्त थानों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में जाकर जनता से प्रभावी संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को जानें,और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।इसके साथ ही, साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराध जैसे गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रतिदिन 'पुलिस चौपाल' आयोजित कर उनकी समस्याओं का समाधान कर अपराधों से बचाव के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें। इसी क्रम में सोनकच्छ थाना प्रभारी अजय गुर्जर के द्वारा ग्राम पंचायत दोलतपुर में 'पुलिस चौपाल' का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के सरपंच जसपाल सिंह सेंधव सहित महिला पुरुष शामिल हुए जहां थाना प्रभारी गुर्जर द्वारा सभी को साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराध जैसे गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूकता संबंधी बातें समझाईं। 'पुलिस चौपाल' पहल को अत्यंत सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। गली-मोहल्लों और गांवों में पुलिस टीम की उपस्थिति से जनता प्रसन्न है। जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है,और पुलिसिंग कार्य प्रणाली भी दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रही है।

### रासेयो का विशेष शिविर सम्पन्न





**सोनकच्छ, निप्र।** अ.श.रा.म. शासकीय महाविद्यालय सोनकच्छ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम दुदलाई में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं टी आई अजय गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में शिविर में आयोजित गतिविधियों का वाचन शिविर प्रभारी डॉ. अंजली अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों के द्वारा तैयार किया गए शिविर दर्पण का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविरार्थियों को अतिथियों द्वारा सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किये गए तथा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयं सेवकों को पुरुस्कृत किया गया। स्वयं सेवक लक्ष्मी डोरिया, रानू रायपुरिया, शीतल राजपूत, सलोनी, बुलबुल,सागर एवं तन्नू ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बिंदुबाला वर्मा ने कविता के जरिये अपनी बात रखी तथा शिविर अनुभव तनूजा तथा वर्षा वर्मा ने साझा किये। कार्यक्रम उपरांत रा से यो शपथ डॉ. पुष्पलता मिश्रा द्वारा दिलवाई गई। संचालन डॉ. सुधीर महाजन द्वारा किया गया व आभार प्रो. शीतल डामोर ने माना। इस अवसर पर पंचायत सचिव श्री अर्जुन, डॉ बी.एल. पाटीदार, डॉ मीना कनासे, डॉ बीएल वर्मा, डॉ मुकेश सावले,दीपक जोशी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। शिविर सह प्रभारी डॉ. राधिकेश जोशी एवं प्रो.निशा पाटीदार का विशेष सहयोग रहा। ग्राम पंचायत के सरपंचसालगराम मालवीय ने जनजागरूकता के लिये किये गए कार्यों की प्रशंसा की।

### सोनकच्छ में बस स्टैंड समस्या का होगा स्थायी समाधान : डॉ. सोनकर



**सोनकच्छ,निप्र।** नगर में लंबे समय से चली आ रही बस स्टैंड व बसों के नहीं रुकने की समस्या अब जल्द ही सुलझने की दिशा में है। इस विषय पर पिछले दिनों नगर वासियों द्वारा दिए गए आवेदन को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने पहल की है। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने बताया सोनकच्छ नगर में बस स्टैंड की समस्या वास्तव में जनहित से जुड़ा गंभीर विषय है। नगरवासियों द्वारा इस मुद्दे को उठाना एक सराहनीय पहल है। मैंने इस संबंध में परिवहन मंत्री से मुलाकात कर विषय पर विस्तृत चर्चा की है, साथ ही संबंधित अधिकारियों से भी संवाद प्रारंभ किया है। शीघ्र ही अधिकारियों के साथ सार्थक चर्चा कर इस समस्या का स्थायी एवं निश्चित समाधान निकाला जाएगा, ताकि सोनकच्छ क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों एवं यात्रियों को सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

### पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**देवास, निप्र।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत देवास द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद पंचायत देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, बागली, कन्नौद एवं खातेगांव क्षेत्रों से बालक-बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खातेगांव जनपद पंचायत क्षेत्र की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया। बालक वर्ग में जनपद पंचायत बागली की टीम ने द्वितीय स्थान एवं जनपद पंचायत देवास क्षेत्र की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान जनपद पंचायत कन्नौद एवं तृतीय स्थान जनपद पंचायत बागली की टीम ने प्राप्त किया। विजेता बालिका एवं बालक टीम को प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 05 हजार 500 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 02 हजार 500 रुपए का दिया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया के मुख्य आतिथ्य तथा ज्योति शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि सालगराम मालवीय, रूपसिंह धाकड़, बहादुरसिंह सैंधव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस.एस.सिंह, जिला खेल अधिकारी सेना गाडरिया, युवा समन्वयक खेल विभाग जावेद पठान, जिला प्रबंधक आर.जी.एस.ए. जिला पंचायत वीरेन्द्र लौवंशी, जिला पंचायत एवं खेल विभाग का स्टॉफ उपस्थित था।

# उत्सव के साथ तीर्थ धाम के शिखर पर लहराई धर्म ध्वजा

## श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम पर तृतीय धर्म ध्वजारोहण महोत्सव आयोजित

विनय उजाला





**शाजापुर, निप्र।** ढोल की थाप पर झूमती युवाओं की टोलियां, धार्मिक गरबा नृत्य करती महिला मंडल, माथे पर धर्म ध्वजा धारण किए पैदल चलते लाभार्थी परिजनों सहित समाजजनों का समुह जब जय-जय श्री आदिनाथ के गगनभेदी जयकारों के साथ नगर की अनमोल धार्मिक धरोहर श्री सिद्धाचल वीरमणि तीर्थ धाम के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण करने चल समारोह के रूप में नगर की सड़कों से निकला तो संपूर्ण वातावरण जैनम जयति शासनम के भाव में सराबोर हो उठा।

तीर्थ धाम सेवा समिति प्रमुख मंगल नाहर ने बताया कि परम उपकारी - सिद्ध वचनधारी परम पूज्य जैनाचार्य श्रीमद्विजय वीररत्न सुरीश्वरजी महाराजा की शुभ प्रेरणा व आशीर्वाद से साल 2023 में निर्मित श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम के तीसरे ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत सर्वप्रथम सुबह 9 बजे चौबीस जिनालय धाम ओसवाल सेरी से विशाल चल समारोह नगर में निकाला गया जो विभिन्न प्रमुख मार्गों आजाद चौक, टाकीज चौराहा, नई सड़क, फव्वारा चौराहा तथा बस स्टैंड होते हुए जीवाजी क्लब पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

यहां से समाजजन बस के माध्यम से मुख्य आयोजन स्थल लालघाटी स्थित श्री सिद्धाचल वीरमणि महातीर्थ धाम पहुंचे। जहां सत्तर भेदी महापूजा के साथ ध्वजारोहण व संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक लाभार्थी परिवार - श्रीमती हंसा - राजेंद्रकुमारजी एवं अजय की पुण्य स्मृति में संजय जैन बुरड़ परिवार (दिल्ली वाले) के द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहूर्त में तीर्थ धाम के शिखर पर धर्म ध्वजा लहराई गई। तत्पश्चात तीर्थ धाम ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र नारेलिया, उपाध्यक्ष सुनील नाहर, माणकचन्द तिलगोता, सचिव मनोज गोलछा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद भंसाली द्वारा लाभार्थी परिवारजनों का शाल-श्रीफल भेंटकर एवं माला पहनाकर आत्मीय बहुमान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन सौरभ नारेलिया ने किया व अंत में आभार मंगल नाहर ने व्यक्त किया।

### तीसरे वर्ष भी शान से लहराई सत्य धर्म की ध्वजा

अपने निर्माण के साथ ही शाजापुर नगर के वास्तु को बदलने वाले जन-जन की आस्था के केंद्र लालघाटी स्थित जैन तीर्थ की सौगात नगरवासियों को पूज्य गुरुदेव श्रीमद्विजय वीररत्न सुरीश्वरजी महाराजा द्वारा वर्ष 2023 में एक एतिहासिक और अद्भुत यश गाथा के साथ प्राप्त हुई थी। इस कालखंड में घटित अविस्मरणीय/अलौकिक घटनाक्रम के अंतर्गत प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान न्याय के मंदिर में हई सत्य और धर्म की विजय का प्रमाण अब मंदिर के शिखर पर निरंतर लहरा रही धर्म ध्वजा स्वयं अनादिकाल के लिए प्रस्तुत कर रही है। जिसके क्रम में ही गुरुवार को पपू श्रीमद् पद्मभूषण विजयजी एवं पूज्य पन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्न विजयजी म.सा.के शुभ आशीर्वाद से प्राप्त शुभ मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर तीसरी बार लाभार्थी परिजनों द्वारा धर्म ध्वजा लहराई गई।

# डीआईजी भसीन ने ली पुलिस अफसरों की बैठक, बच्चा चोरी की अफवाहों पर लगाम लगाने के दिए निर्देश

## त्यौहारों को लेकर की चर्चा, असामाजिक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई





विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन गुरुवार को शाजापुर पहुंचे। उन्होंने एसपी कार्यालय में जिले के सभी बड़े पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों, विशेषकर होली पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करना और सोशल मीडिया पर फैल रही बच्चा चोरी की अफवाहों पर लगाम लगाना था। बैठक में जिले के एसपी, एएसपी, सभी एसडीओपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

डीआईजी ने निर्देश दिए कि होली और रंगपंचमी का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें कर समाज के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया जा रहा है ताकि हर तरफ शांति बनी रहे। पुलिस बल को निर्देश दिए गए हैं कि वे संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाएं और संदिग्धों पर नजर रखें।

**बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

बैठक में डीआईजी द्वारा सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही बच्चा चोरी की भ्रामक खबरों पर भी गंभीर चर्चा की गई। डीआईजी नवनीत भसीन ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें और न ही उसे आगे बढ़ाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति गलत जानकारी फैलाकर लोगों को डराने या उकसाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों में भी ऐसे मामलों में पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। बैठक के बाद डीआईजी ने एसपी कार्यालय के नए बन रहे भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और वहां की व्यवस्थाओं को देखा।



थाना क्षेत्र के ग्राम गुराड़िया रूपा का मामला

### गंगापूजन जुलूस पर आधा दर्जन लोगों ने किया हमला, महिलाएं भी शामिल

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** पास के गांव में एक परिवार में शादी का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर लड़की पक्ष की ओर से परम्परानुसार गंगा माता पूजन किया जा रहा था। तभी गांव के ही रहने वाले आधा दर्जन लोगों ने पूजन जुलूस में शामिल लोगों पर ईंट व फालिए से हमला कर दिया।

फरियादी राजकुमार पिता धीरजसिंह सैंधव (25) निवासी गुराड़िया रूपा ने उसके अंकल अनार सिंह आदि लोगों के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक निजी बैंक में जॉब करता है। उसकी बहन भावना की शादी का गंगापूजन का जुलुस गांव गुराडिया रुपा में चल रहा था। सुबह करीब 10 बजे के जुलूस लखन सायल के घर के सामने पहुंचा था कि आरोपी लखन सायल, युवराज, राजवीर ने जुलुस के सामने आकर जुलुस रोक दिया। लाखन सिंह के हाथ में फालिया था और तीनो अभद्रता करते हुए बोले कि जुलुस हमारे घर के सामने से नहीं निकलेगा और फालिया लेकर मारने दौड़ा। जिनको जुलूस में शामिल बलवान सिंह व अन्य लोगों ने समझाया कि शादी का कार्यक्रम है जुलुस निकल जाने दो तब दीपक, माया बाई और फुलुबाई भी उनके घर से बाहर आए व गालियां देते हुए जुलुस पर पत्थर फेंकने लगे। दुल्हन को बचाने में उसके मामा के लड़के सुरेन्द्रसिंह को पैर में चोट लगी। फिर गांव वालों के समझाने पर फरियादी पक्ष ने बैंड बंद कर वहां से आगे निकाल लिया तो दीपक लट्ठ लेकर आया। जिसको गांव वालों ने पकड़ लिया।

### सिंह जिलाध्यक्ष बने



**शाजापुर, निप्र।** अखिल भारतीय सनातन परिषद के उज्जैन संभाग अध्यक्ष योगी महावीर नाथ जी ने नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्रसिंह बंटी बना को परिषद का शाजापुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। परिषद द्वारा श्री सिंह को परिषद् के सभी कार्यों का निर्वहन पूर्ण लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने एवं संस्था को विकास के पथ पर ले जाने हेतु विश्वास जताते हुए यह नियुक्ति प्रदान की है। श्री सिंह के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर ईष्ट मित्रों व परिषद पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, किया नमन



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोटरा के वीर सावरकर उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक भगवानदास सबनानी ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीर सावरकर प्रखर राष्ट्रवादी थे, देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हर पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। हम सभी मां भारती के ऐसे सच्चे सपूत को बारंबार नमन करते हैं।

इस अवसर पर पार्षद आरती राजू अनेजा पार्षद ब्रजुला सचान वरिष्ठ नेता मुकेश राय मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया संतोष ब्रह्मभट्ट प्रतीक्षा ब्रह्मभट्ट गोविंद सिंह वर्मा रामनेता सिंह राम आशुदानी शैलेंद्र यादव विकास शर्मा निधि चौरसिया सहित पंकज त्रिपाठी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए कायाकल्प की तैयारी, टीम ने देखी व्यवस्थाएं

## आसपास की दुकानों, मेडिकल स्टोर्स संचालकों को दिए सख्त निर्देश

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** आगामी शनिवार को कायाकल्प की टीम द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण होगा। जिसमें सब कुछ संतुलित और व्यवस्थित होने पर जिला अस्पताल को उत्कृष्ट रैंकिंग मिल सकती है। इसके लिए गुरुवार को एक विशेष टीम ने दोपहर 12 से 2 बजे के बीच पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में सुधार और गंदगी दूर करने के लिए दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी गई।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के बाहर फल बेचने वालों को केवल ताजे फल रखने और अपनी दुकानों के पास डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। अस्पताल की बाउंड्री से सटी चाय और नाश्ते की दुकानों पर विशेष सख्ती दिखाई गई। दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू जैसे मादक पदार्थ बिल्कुल न रखें। अस्पताल के आसपास नशे की सामग्री बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। टीम ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर स्पष्ट बोर्ड लगाएं कि बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां नहीं दी जाएंगी। इसके अलावा अस्पताल के सुलभ शौचालयों में साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर नाराजगी जताई गई और उन्हें तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया।

**उत्कृष्ट रैंकिंग पर प्रबंधन का जोर**

जिला अस्पताल के डॉ. शुभम गुप्ता ने बताया कि कायाकल्प मूल्यांकन के मानकों के आधार पर अस्पताल की स्वच्छता और सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन की कोशिश है कि इस बार निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं इतनी पुख्ता हों कि जिला अस्पताल को रैंकिंग में उत्कृष्ट स्थान मिल सके।

## ग्रामीणों का आरोप वन विभाग बरत रहा लापरवाही

# फिर मिले मृत जानवरों के अवशेष, तेंदुए के भय से उड़ी ग्रामीणों की नींद

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** पिछले दो माह से जिले के सलसलाई व आसपास के ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। कारण गांव में तेंदुए की मौजूदगी जो समय-समय पर शिकार कर रहा है। गुरुवार को भी सलसलाई के जंगल में हिरणों के ताजे कंकाल मिलने से ग्रामीण भयभीत हो गए। यह क्षेत्र में जंगली जानवर द्वारा शिकार की चौथी से पांचवी घटना है। ग्रामीणों का दावा है कि इलाके में तेंदुआ घूम रहा है, जिसकी सूचना पहले भी वन विभाग को दी जा चुकी है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनके अनुसार विभाग की टीम ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जबकि ग्रामीणों ने तेंदुआ देखने का दावा भी किया था। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग ने जल्द ही पिंजरा लगाकर जंगली जानवर को पकड़ने का आश्वासन दिया था। लेकिन इस दिशा में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और गुरुवार को एक और हिरण जंगली जानवर का शिकार बन गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द कार्रवाई कर जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा ने बताया कि सलसलाई क्षेत्र के



किसानों ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी थी। मेवाड़ा ने वन विभाग की टीम को सूचित किया और आरोप लगाया कि विभाग लापरवाही से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में लगातार जंगली जानवर द्वारा पशुओं और हिरणों का शिकार किया जा रहा है।

**कई लोगों ने देखा तेंदुआ, विभाग नहीं कर रहा भरोसा**

सलसलाई के जंगल में कई दिनों से तेंदुआ घूम रहा है, जिसे कई ग्रामीणों ने देखा भी है। कुछ दिनों पहले ग्रामीणों ने एक वीडियो भी वायरल किया था, जिसमें से तेंदुआ नदी में से निकलता दिखाई दिया था। तब भी विभाग ने आश्वासन देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। हर बार अधिकारी लकड़बग्घा या कुत्ते द्वारा हिरणों का शिकार करना बताया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों का दावा है कि यहां तेंदुआ है जो कभी भी हमारे लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है।

**इनका कहना है...**

क्षेत्र में लकड़बग्घे की भी आवाजाही है। ग्रामीणों द्वारा बताई गई जानकारी की जांच करवाई जाएगी, जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। - हेमलता शाह, डीएफओ-शाजापुर

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस थाना हरसूद में आहूत की शांति समिति की बैठक



**हरसूद ( विनय उजाला )।** आगामी त्यौहारा होली, रंग पंचमी एवं ईद को लेकर गुरुवार को पुलिस थाना हरसूद में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। शांति समिति की बैठक में हरसूद एसडीएम आरसी खतेड़िया, तहसीलदार संगीता मेहतो, हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर एवं नायब तहसीलदार सुरेशचंद्र बामनिया मौजूद थे। हरसूद एसडीएम श्री खतेड़िया ने होलिका दहन, होली, रंग पंचमी एवं ईद पर्व को लेकर उपस्थितजनों से चर्चा की तथा सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

### क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म आदिवासी संजय वास्केल जाएंगे राज्यसभा और बनेंगे सांसद



**बाकानेर ( सैयद रिजवान अली )।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल बाकानेर अध्यक्ष आदिवासी संजय वास्केल क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है जमीन से जुड़े हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को प्रदेश ओर देश के सभी राजनेता नाम से जानते हैं धार जिले ओर मनावर विधानसभा के अलावा मध्य प्रदेश के अनेक जिलों में ईनकी पकड़ इनके मिलने वाले ईनके साथ के पढ़ने वाले अधिकारी कर्मचारी हैं। बचपन से तबले ढोलक की थाप से राजनीति तक का सफर तय किया है नगर से लेकर जिला अंतर जिला संभाग स्तर पर और प्रदेश स्तर पर सुंदरकांड की बेहतर प्रस्तुति में शानदार तबला ढोलक बजाने में इनका विकल्प नहीं है। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की सीट खाली हो रही है तो यह कयास लगाई जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी में सम्मानजनक पदों पर चमत्कार होता है ऐसे में यह चर्चा चल रही है आदिवासी संजय वास्केल उपयुक्त है और उन्हें भारतीय जनता पार्टी राज्यसभा में भेज सांसद बना सकती है। आम जनमानस क्षेत्र की जनता पब्लिक के काम पूरी ईमानदारी से करते हैं हमारे संवाददाता ने जब उनसे चर्चा की तो उन्होंने बताया में तो जमीन से जुड़ा हुआ छोटा सा कार्यकर्ता हूं समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी ने जो मुझे दायित्व दिया उस पर मैं खरा उतरा हूं और भविष्य में भी भारतीय जनता पार्टी का कार्य पूर्ण ईमानदारी से करता रहूंगा।

### नवोदय विद्यालय आलोट में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के साथ हैंडबॉल एवं व्हालीबाल सिंथेटिक कॉर्ट का उद्घाटन



**रतलाम, निप्र।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट 2 मध्य प्रदेश में विद्यालय की प्रबंधन समिति, सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय मेस समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साथ ही विद्यालय में आई सी आई सी आई फाउंडेशन द्वारा निर्मित हैंडबॉल एवं व्हालीबाल सिंथेटिक कॉर्ट का उद्घाटन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का पारंपरिक स्वागत विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उप प्राचार्या सुचिता खुराना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर द्वारा विद्यालय के अकादमिक परिसर में विभिन्न प्रयोगशाला स्किल डेवलपमेंट, अटल टिंकरिंग लैब, सैमसंग लैब, कंप्यूटर लैब, सुव्यवस्थित कार्यालय, डिजिटल कक्षाओं एवं पुस्तकालय का निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन, सलाहकार एवं मेस समिति की बैठक की अध्यक्षता की गयी।

### आयुक्त द्वारा समीक्षा बैठक : चौराहा लेफ्ट टर्न में बाधक निर्माण हटाएं

# एक वार्ड में पदस्थ उपयंत्री वार्ड के समस्त कार्यों के लिए है जिम्मेदार : आयुक्त

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज सीटी बस सभाकक्ष में जलप्रदाय, सीवरेज विभाग तथा जलापूर्ति के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, इंदौर 311 एप, स्वच्छ सर्वेक्षण, आगामी त्यौहार, ग्रीष्मकाल, जलसुनवाई की झोनवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**




बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, कार्यपालन यंत्री, प्रभारी अधिकारी वर्कशॉप, समस्त झोनल अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, सीटीपीटी, ड्रेनेज, जलप्रदाय एवं अमृत विभाग से संबंधित ईई, एई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री सिंघल द्वारा नगर निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवरेज व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन, इंदौर 311 एप, संकल्प से समाधान, तथा मंगलवार को आयोजित जल सुनवाई में प्राप्त शिकायतों की झोनवार विस्तृत समीक्षा की गई।

आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जलप्रदाय, सीवरेज लाइन, इंदौर 311 एप और सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त दूषित पानी, पानी नहीं आने आदि की लंबित शिकायतों की झोनवार समीक्षा की गई।

आयुक्त द्वारा इंदौर 311 एप, सीएम हेल्पलाइन से संबंधित पानी न आने, दूषित पानी कि शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। झोन क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 12 में सीवरेज लाइन एवं जलप्रदाय की समीक्षा के दौरान शीतल नगर, यादव नगर एवं अन्य क्षेत्र में पानी की टंकी एवं लाइन में क्लोरिनेशन टेस्टिंग का कार्य संतोष जनक नहीं पाए जाने पर वार्ड 12 उपयंत्री आदित्य तिवारी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही आयुक्त द्वारा प्रति मंगलवार को आयोजित जलसुनवाई से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान 20 जनवरी को आयोजित जलसुनवाई में जलप्रदाय से संबंधित प्राप्त शिकायत का समय पर निराकरण नहीं करने पर वार्ड 67 की उपयंत्री आशीष पुंरदरे को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान वर्तमान में जनकार्य, जल यंत्रालय, उद्यान, सीवरेज से संबंधित एक वार्ड में एक ही उप यंत्री की व्यवस्था के संबंध में समस्त उप यंत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड के संपूर्ण कार्य के लिए आप जवाबदार हैं, इसलिए आप काम को जवाबदारी के साथ करें अगर इसके लिए आपको किसी प्रकार का प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो वह भी दिया जाएगा। वार्ड में पदस्थ नवीन उपयंत्री पूर्व उपयंत्री से समन्वय एवं सहयोग के साथ काम को पूर्ण करें। आयुक्त श्री सिंघल द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण आप सभी के लिए नया नहीं है आप सभी को पता है कि किस प्रकार से काम करना है इसलिए आप सभी लोग टीम वर्क के साथ आपस में समन्वय करके स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

### गर्मियों से पहले पानी की तैयारी तेज

# महापौर ने स्काडा सेंटर पहुंचकर ली व्यवस्था की समीक्षा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शहर में आगामी गर्मियों के मद्देनज़र महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार तड़के सुबह मुसखेड़ी स्थित जल वितरण प्रणाली स्काडा सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर की मौजूदा जल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू और नगर निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक भी मौजूद रहे।



स्काडा सेंटर में महापौर ने शहर की सभी पानी की टंकियों एवं उनसे संचालित होने वाली जल वितरण प्रणाली को रियल टाइम में परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मियों के दौरान किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न होने पाए, इसके लिए अभी से व्यापक तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहर में उपलब्ध कुल जल मात्रा और वितरण क्षमता को लेकर विस्तृत रिपोर्ट भी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि नर्मदा परियोजना के चौथे चरण को पूरा होने में अभी समय है, लेकिन वर्तमान क्षमता के अनुरूप शहर को अधिकतम जल उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में हाल ही में शटडाउन लेकर पानी की पाइपलाइन में हो रहे लीकेज को ठीक किया गया है। इन सुधार कार्यों से शहर को मिलने वाली पानी की आपूर्ति में 10 MLD (मिलियन लीटर प्रति दिन) की वृद्धि हुई है।

महापौर ने आगे बताया कि एक अन्य फेज की मरम्मत का कार्य भी प्रगति पर है, जो लगभग एक माह में पूरा हो जाएगा। इसके पूर्ण होते ही जल आपूर्ति क्षमता में और 10 MLD की बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर 20 स्ल्ड पानी की अतिरिक्त उपलब्धता गर्मियों में शहर में पानी की सप्लाई को मजबूत करेगी और नागरिकों को राहत देगी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल वितरण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, लीकेज मॉनिटरिंग को मजबूत किया जाए और पानी की रियल-टाइम निगरानी के लिए स्काडा सेंटर की टीम पूरी सतर्कता से कार्य करे।

### मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

# पीड़ित ने कलेक्टर को की नवजात शिशु की मौत के दोषियों की शिकायत

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** रतलाम के मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पर एक बार फिर लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने कलेक्टर को नाती की मौत के मामले में लापरवाही बरतने वाले दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की को लेकर शिकायत करते हुए आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित रामचंद्र कुमावत 53 वर्ष निवासी मोहन टॉकीज ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी विवाहित पुत्री को प्रसव होने से 5 जनवरी को 80 फीट रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पुत्री का जन्म हुआ। डॉक्टर ने कहा कि नवजात शिशु की हालत काफी नाजुक है, इसे तुरंत किसी बड़े अस्पताल में भर्ती किया जाए। रामचंद्र ने शहर के मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु को भर्ती कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने नवजात शिशु की जांचे भी की। शिशु को 10 दिन भर्ती भी रखा। परंतु उपचार दौरान बिमारी का पता नहीं चला। डॉक्टर ने पीड़ित को बताया कि नवजात शिशु के फेफड़ों में पानी भरा हुआ है, आपकी मर्जी हो वहां इसे ले जा सकते हो, हमें इसकी बीमारी का पता नहीं चल रहा है। शिकायतकर्ता फरियादी नवजात शिशु को 16 जनवरी के दिन एंबुलेंस में वेंटिलेटर पर गुजरात के अहमदाबाद अस्पताल में ले गया ओर भर्ती करवाया, जहां उसका दो दिन इलाज के बाद नवजात की मौत हो गई। अहमदाबाद के डॉक्टरों का कहना था कि नवजात को ब्लड ज्यादा देने से उसके दिमाग में ब्लड जमा हुआ था और लंग्स में पानी भरा हुआ था।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रतलाम पुलिस अलर्ट

### पुलिस अधीक्षक द्वारा आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के दिए निर्देश

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आदतन अपराधियों, गुंडा सूची में दर्ज हिस्ट्रीशीटर बदमाशों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी सैलाना मति नीलम बघेल के मार्गदर्शन में दिनांक 25 फरवरी को थाना सैलाना अंतर्गत चौकी धामनोद पर 8 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों एवं थाना सैलाना पर 15 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को थाने पर बुलाकर गुंडा परेड कराई गई। गुंडा परेड के दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा थाने के गुंडा रजिस्टर में दर्ज गुंडे, हिस्ट्रीशीटर, किसी भी अवैधानिक गतिविधियों का हिस्सा नहीं बनने की समझाइश देकर रुकसत किया। सभी को हिदायत दी गई कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को थाना पर हाजिरी देंगे। कही भी बाहर मजदूरी करने जायेगे तो इसके संबंध में सूचना थाना पर देनी होगी। दो दिन में कुल 23 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की गुंडा परेड करवाई। एसडीओपी सैलाना श्रीमति नीलम बघेल द्वारा थाना सैलाना पहुंचकर चेक रोल कॉल बजवाया। उपस्थित थाना स्टाफ को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत करवाया गया।



**आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सैलाना नगर में फ्लैग मार्च निकाला**

आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, रमजान आदि के दृष्टिगत सैलाना नगर के प्रमुख मार्गो पर सैलाना पुलिस द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च में एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल, थाना प्रभारी सैलाना निरीक्षक पिंकी आकाश, चौकी प्रभारी धामनोद उप निरी आनंद बागवान सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**विज्ञप्ति का ब्यौरा**

मण्डल रेलवे चिकित्सालय, रतलाम के अधीनस्थ स्वास्थ केन्द्र - उज्जैन में रेलवे लाभार्थियों के लिये पैथोलॉजी जांच एवं अन्य जांच कार्यो के लिए मासिक बिल भुगतान के आधार पर प्राइवेट संस्थाओं से **Prevailing CGHS Bhopal Non- NABH/Non- NABL, AIIMS New Delhi Rates** या प्रस्ताव देने वाले अस्पताल / सेन्टर की दर जो भी कम होगी उन दरों पर 2 वर्ष की अवधि के लिये सहमति पत्र आमंत्रित किये जाते है।

सहमति पत्र कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रतलाम में दिनांक 23.03.2026 को दोपहर 13:00 बजे तक पहुँच जाना चाहिये।

अन्य विस्तृत जानकारी के लिये www.wr.indianrailway.gov.in पर देखे। AK/10/1/481

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

संख्या- W/623/5/1/NIT | **ई-टेण्डरिंग नोटिस** | दिनांक: 24.02.2026

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू | बयाना राशि रू | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-147 | 20,43,92,501.36 | 11,72,000/- | 18 माह |
| | 1. Pawasa: Provision of new "B" class station between UJN and PLW in connection with Simhastha 2028 including electrical works. 2. Vikram Nagar - Extension of machine Siding and dead ends of Line Number 1 to stable full length trains in connection of Simhastha 2028. 3. Sehore-Direct Entry and Exit facility at Sehore Goods shed Line including electrical works. 4. Vikramnagar - CTR (P) of Line no. 5 (0.9 Tkm). **Similar type of work: As per Special Technical Criteria enclosed in Tender Schedule.** | | | |

वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 24.02.2026. निविदा खुलने की तिथि: 18.03.2026. विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र का मुल्य Nil है।

AK/5/1/483

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

# टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत

### विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** जिले के ग्राम नयाखेड़ा में टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत के मामले का स्पष्टीकरण देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने कहा कि विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

सीएमएचओ ने मिजल्स रुबेला वैक्सीनेशन के संबंध में बताया कि मिजल्स रुबेला वैक्सीनेशन ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से बच्चों में मिजल्स एवं स्वेला रोग से लड़ने के लिए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। मिजल्स एवं स्वेला से होने वाली मृत्यु से बचाव के लिए वैक्सीनेशन एक कारगर कदम है।

इसके दो टीके एम आर 1 एवं एम आर 2 के रूप में लगाए जाते हैं, जिसका पहला टीका 9 माह की आयु पूर्ण होने पर एवं दूसरा टीका बच्चों के डेढ़ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लगाया जाता है। हर टीके की तरह बिना प्रतिकूल प्रभाव के इस टीकाकरण के बाद भी मामूली इफेक्ट जिसमें टीका लगने के बाद सूजन, बुखार आना सामान्य बात है, किंतु मिजल्स, रुबेला वैक्सीनेशन से मृत्यु होने संबंधी कोई घटना के प्रमाण नहीं है।

मीजल्स स्वेला का जो वैक्सीन रतलाम जिले के आंगनवाड़ी केंद्र धराड़ पर लगाया गया, वही वैक्सीन पूरे प्रदेश में सभी बच्चों को दिया जा रहा है, प्रदेश में अन्य जिले या ब्लॉक के किसी भी प्रकरण में मृत्यु होने जैसी कोई घटना नहीं हुई है। मिजल्स स्वेला का जो वैक्सीन आंगनवाड़ी केंद्र नयाखेड़ा, धराड़ पर लगाया गया, इस वायल से अन्य चार बच्चों का भी वैक्सीनेशन किया गया, इनमे से एक बच्चा सर्दी खांसी बुखार के कारण बाल चिकित्सालय में भर्ती है और पूरी तरह स्वस्थ है। अन्य बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है, वे अपने घर पर ही है। धराड़ फोकल प्वाइंट से 10 गांव में इसी बेच का वैक्सीन प्रदान किया गया था, इससे कुल 18 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया उन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है। वैक्सीनेशन की प्रक्रिया से ही भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया गया है। वैक्सीनेशन के माध्यम से बच्चों में होने वाली कई जानलेवा बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। सभी बच्चों को उनकी आयु के अनुसार सभी प्रकार के वैक्सीनेशन निरंतर दिए जा रहे हैं जिसके कारण शिशु मृत्यु दर कम होने में मदद मिली है। बीसीजी का टीका लगाने से टी बी रोग से बचाव में, हेपेटाइटिस बी का टीका लगाने से पीलिया की बीमारी से बचाव में, पेंटावेलेंट का टीका लगाने से टिटनेस, काली खांसी और डिप्थीरिया, हिमोफिलस इन्फ्लुएंजा रोग से बचाव में, एफ आई पी वी और पोलियो से पोलियो से बचाव में, रोटा वैक्सीन से दस्त रोग से बचाव में, पी सी वी वैक्सीन से न्यूमोकोकल निमोनिया से बचाव में, एम आर वैक्सीन से मिजल्स रुबेला बीमारी से बचाव में मदद मिलती है।

**इनका कहना है...**

सीएचओ ने कहा कि 'धराड़ में जिस बच्चों की मृत्यु हुई है, उसका पोस्ट मार्टम कराया गया है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। विसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।' स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला ए ई एफ आई कमेटी द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है। प्रोटोकाल अनुसार उक्त वायल को भी जांच के लिए भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग जिला रतलाम द्वारा प्रकरण में यथोचित कार्रवाई की जा रही है।

# कवि-गोष्ठी एवं भजन-सत्संग कार्यक्रम सम्पन्न

विनय उजाला

**रतलाम/ रावटी, निप्र।** गुरुबारीय समन्वय सद्भाव सत्संग रावटी के सौजन्य से विगत दिवस जुझार बावजी मंदिर परिसर के मांगलिक भवन (बगीचे) रावटी में दिन में कवि-गोष्ठी एवं रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कवि-गोष्ठी कार्यक्रम के अध्यक्ष रावटी ग्राम के निवासी सेवानिवृत्त एडीएम नरेन्द्र सिंह राजावत एवं मुख्य अतिथि रामाश्रम-सत्संग रावटी के संचालक गुरुप्रसाद जोशी तथा विशेष अतिथि डॉ. सुरेश ठाकुर (सालिब), डॉ. मोहन परमार, दिनेश जैन, हरिशंकर भटनागर तथा अमृतलाल विशेष अतिथि रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन पंडित हरीश ठक्कर ने किया।

अतिथियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पर दीप प्रज्वलन कर काव्य गोष्ठी की शुरुआत की।

काव्य गोष्ठी में गीतकार हरिशंकर भटनागर, गजलकार सुरेश ठाकुर (सालिब) डॉ. मोहन परमार, दिनेश जैन, राजेश रावल, शांतिलाल गोयल (शांतनु), हीरालाल खराड़ी एवं बाबूलाल परमार, कन्हैयालाल टांक, पंडित धीरेन्द्र भट्ट आदि ने धार्मिक, आध्यात्मिक व साहित्यिक काव्य-रचनाएँ प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में काव्य-रसिक श्रेणिक कुमार चत्तर (चक्का सेठ), सूरजमल जैन, चम्पालाल परमार, मनीष यादव लाभ, ज्योति प्रकाश पुरोहित, बाबूलाल लखारा, ईश्वरलाल परमार, विजयसिंह चौहान, पन्नालाल चौहान, अशोक टांक, ओमप्रकाश टांक, आत्माराम प्रजापति, राजेश प्रजापति, मोहनसिंह गुर्जर, जमनालाल जाट, गोपाल माली, आत्माराम भूरिया, राजूलाल परमार, माणक परमार आदि उपस्थित थे।

**पश्चिम रेलवे - भावनगर मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**निविदा सं: 282-2025-26 से 283-2025-26**

| सं | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (रु.) | EMD Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 282-2025-26 | ग्रुप वर्क:- (1) भावनगर परा - सीनियर DSC-RPF-BVP - ऑफिस बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन। (2) भावनगर परा - DRM ऑफिस के पास रेलवे म्यूजियम का सुधार, रेनोवेशन और एक्सटेंशन। | 5,24,06,677.99 | 4,12,000.00 |
| 2 | 283-2025-26 | बोटाद जंक्शन: ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए 17 यूनिट नए टाइप -II क्वार्टर का प्रावधान। | 4,43,12,156.31 | 3,71,600.00 |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बोली प्रारंभ तिथि: 05/03/2026 बोली समाप्ति तिथि: 19/03/2026 एनआईटी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक - 25/02/2026 को अपलोड कर दी गई है। BVP 282

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ.रिकेश कुमार वैश्य),जिला इंदौर (म.प्र.)**

( प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र.-जी 11)

क्रमांक / 1125 / अकरी / 2026 इंदौर दिनांक 13 / 02 / 2026

प्रकरण क्र. / 0504 / ब–121 / 2025–26

**पेपर विज्ञप्ति**

प्रति,
1. विनित हार्डिया
2. श्रीमती सुमन हार्डिया
सभी का पता – 26 जगदीश भवन इन्द्रपुरी पिपल्यिाराव नियर अर्जुन अपार्टमेन्ट, इंदौर (म.प्र.)
आफिस पता – प्लाट नंबर 66, पीयू– 04, कमर्शियल सी–21 माल के पास, इंदौर म.प्र.
द्वारा :– पेपर प्रकाशन ।

प्राधिकृत अधिकारी, वास्तु हाउसिंग फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नो. 203 & 204, 2nd फ्लोर, आ विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट), मुंबई 400015, महाराष्ट्र, ब्रांच ऑफिस : एम–05, मेज्जनाइन फ्लोर, तिरुपति बिजनेस सेंटर प्लॉट नो. 22/1, साउथ तुकोगंज इंदौर, मध्य प्रदेश–452001 द्वारा निवेदन किया गया हैं कि बंधक संपत्ति मकान नंबर इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित 160/1, पार्ट ग्राम पिपल्यिाराव, तहसील व जिला इंदौर पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर कक्ष क्रमांक जी–11 में दिनांक 27/02/2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दृशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी,
जिला इंदौर (म. प्र.)

पृ.क्र. / 1126 / अकरी / 2026 इंदौर दिनांक, 13 / 02 / 26

प्रतिलिपि :–

प्रार्थी प्राधिकृत अधिकारी वास्तु हाउसिंग फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय : यूनिट संख्या 203 & 204, 2nd फ्लोर, आ विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट), मुंबई 400015, महाराष्ट्र, ब्रांच ऑफिस एम–05, मेज्जनाइन फ्लोर, तिरुपति बिजनेस सेंटर प्लॉट नो. 22/1, साउथ तुकोगंज इंदौर की ओर प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन हो राष्ट्रीय एवं दैनिक समाचार पत्रों, हिन्दी एवं अंग्रेजी में किया जाकर नियत पेशी दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर एक प्रति प्रस्तुत करें।

### टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया

# एडन मार्करम बने जीत के नायक

अहमदाबाद, (हि.स.)

**टी-20 विश्व कप में अब तक अपराजित रही दो टीमों के बीच मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। गेंदबाजों की बेहतरीन शुरुआत और उसके बाद एडन मार्करम की आक्रामक कप्तानी पारी ने मैच को एकतरफा बना दिया।**

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पिच से अतिरिक्त उछाल मिल रही थी, जिसका फायदा तेज गेंदबाजों ने बखूबी उठाया। हालांकि पहले ओवर में शाई होप ने केशव महाराज की स्पिन पर एक चौका और दो छक्के जड़कर तेज शुरुआत दिलाई। पावरप्ले के दौरान तीन कैच छूटने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट झटके। कगिसो रबाडा ने अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए शाई होप को आउट किया। शिमरॉन हेटमायर और ब्रैंडन किंग भी ज्यादा देर टिक नहीं सके।

83/7 के स्कोर पर वेस्टइंडीज मुश्किल में थी, लेकिन जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने मोर्चा संभाला। दोनों ने तेज अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। 18वें ओवर में मार्को यानसेन के खिलाफ 23 रन बने, जिससे स्कोर तेजी से आगे बढ़ा। होल्डर 49 रन बनाकर रन आउट हुए, जबकि शेफर्ड ने नाबाद 52 रन की पारी खेलकर टीम को 20 ओवर में 176/8 तक पहुंचाया।



### मार्करम और डी कॉक की तूफानी बल्लेबाजी

177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। कप्तान एडन मार्करम ने शानदार स्ट्रोक्स खेलते हुए मैदान के चारों ओर रन बटोरे। उनके साथ क्विंटन डी कॉक ने भी तेज बल्लेबाजी की। पावरप्ले में ही दक्षिण अफ्रीका ने 69 रन बना डाले।
डी कॉक ने शामर जोसेफ और गुडाकेश मोटी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। 47 रन बनाकर वह जेसन होल्डर के हाथों कैच आउट हुए। इसके बाद तीसरे नंबर पर आए रयान रिकेल्टन ने भी लय बरकरार रखी।
आधे ओवर तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 109/1 था और जीत लगभग तय नजर आ रही थी। मार्करम ने शानदार नाबाद 82 रन की पारी खेली और टीम को 16.1 ओवर में 177/1 तक पहुंचाते हुए 9 विकेट से जीत दिलाई। रिकेल्टन 45 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## दिल्ली ऑडिट की नमिता को महिला एकल खिताब



**प्रयागराज, (हि.स)।** दिल्ली ऑडिट की नमिता पठानिया ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एकल के खिताब पर कब्जा जमाया।
हरियाणा के रवि व दिल्ली ऑडिट के हिमांशु सरोहा की जोड़ी पुरुष युगल, दिल्ली ऑडिट की कीर्ति चतुर्वेदी व हरियाणा की नजमा खान की जोड़ी महिला युगल और कशिश (पंजाब) व नीला वी. (हरियाणा) की जोड़ी ने मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम किया।
अमिताभ बच्चन क्रीड़ा संकुल (मेयोहाल) में गुरुवार को खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं। महिला एकल फाइनल–नमिता पठानिया (दिल्ली ऑडिट) ने नजमा खान (हरियाणा) को 21–12, 21–15 से हराया। पुरुष युगल फाइनल–रवि (हरियाणा) और हिमांशु सरोहा (दिल्ली ऑडिट) ने गौरव देसवाल और तुषार शर्मा (दिल्ली ऑडिट) को 21–17, 21–18 से हराया। सेमीफाइनल में गौरव देशवाल वी तुषार शर्मा (दिल्ली ऑडिट) ने ऋषि राय व अजय यादव (यूपी) को 21–10, 21–12 से और रवि व हिमांशु ने कशिश (पंजाब) व आनंद तिवारी (हरियाणा) को 21–12, 21–15 से हराया।



## एफआईएच हॉकी विश्व कप में क्वालीफायर के लिए उरुग्वे महिला टीम हैदराबाद पहुंची

हैदराबाद, (हि.स.)

उरुग्वे की महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम 'सिमारोनास' एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर में भाग लेने के लिए हैदराबाद पहुंच गई है। यह प्रतिष्ठित आठ देशों का टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक आयोजित होगा, जिसमें से तीन टीमें बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

उरुग्वे की टीम पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। टीम की कप्तान बेलें बैरेइरो के नेतृत्व में खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ क्वालीफायर में उतर रहे हैं।

पिछले वर्ष टीम ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप–2 में उपविजेता रहकर शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा पैन अमेरिकन कप 2025 में भी टीम ने घरेलू दर्शकों के सामने ऐतिहासिक पदक जीतकर नया इतिहास रचा।

कप्तान बेलें बैरेइरो ने कहा, हम हैदराबाद आकर बेहद उत्साहित हैं। हमने पिछले साल से इस टूर्नामेंट की तैयारी की है और हाल के हफ्तों में कड़ी ट्रेनिंग की है। हम अपना 100 प्रतिशत प्रदर्शन देंगे।

पूल–बी में उरुग्वे के सामने कड़ी चुनौती होगी। टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को मेजबान भारत के खिलाफ करेगी। इसके बाद 9 मार्च को वेल्स और 11 मार्च को स्कॉटलैंड के खिलाफ लीग चरण के मुकाबले खेले जाएंगे।

उरुग्वे की निगाहें इतिहास रचने पर टिकी हैं और हैदराबाद में होने वाला यह क्वालीफायर उनके लिए विश्व मंच तक पहुंचने का सुनहरा अवसर साबित हो सकता है।

## यूपीकेएल सीजन–2 ने दर्शक संख्या और लोकप्रियता में दर्ज की रिकॉर्ड वृद्धि




नई दिल्ली, (हि.स.)

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) ने अपने दूसरे सीजन में दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया हासिल की है। सीजन 2 ने पूरे भारत (2+) में 4 करोड़ की संचयी रीच के साथ 120 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

सीजन–2 के लिए औसत मिनट दर्शक संख्या (एएमए) 90.8 रही, जो लीग के प्रति बढ़ती लोकप्रियता, आकर्षण और दर्शक रुचि को दर्शाती है। सीजन एक ने 1.82 करोड़ की संचयी रीच और 49 की एएमए दर्ज की थी। जी एंटरटेनमेंट के विशेष प्रसारण साझेदार के रूप में सीजन–2 का प्रसारण हिंदी और अंग्रेजी में जी अनमोल सिनेमा–2 और एंड पिक्चर्स एचडी पर किया गया तथा इसका आयोजन नोएडा इंडोर स्टेडियम में हुआ था।

यूपीकेएल सीजन–2 की सफलता पर एसजे अपलिफ्ट कबड्डी के संस्थापक एवं निदेशक संभव जैन गुरुवार को कहा कि सीजन–2 ने यूपीकेएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। हमारा ध्यान एक पेशेवर रूप से संरचित लीग के निर्माण पर रहा है, जो क्षेत्रीय विकास को सुदृढ़ करे और कबड्डी प्रतिभाओं के लिए स्थायी अवसर प्रदान करे। हम लीग के दौरान सहयोग के लिए जी स्पोर्ट्स टीम के आभारी हैं और एक दीर्घकालिक साझेदारी की आशा करते हैं।

## चैंपियंस लीग में विनीसियस का कमाल, रियल मैड्रिड ने बेनफिका को हराकर अंतिम-16 में बनाई जगह

**मैड्रिड, (हि.स.)।** 15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2–1 से हराया और कुल 3–1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम–16 में प्रवेश कर लिया। सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई।

पहले चरण में 1–0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरुआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्चौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1–1 कर दिया।

### पहले दिन भारतीय साइक्लिस्ट का रहा दबदबा

## बीड़-बिलिंग में एशियन माउंटेन साइक्लिंग प्रतियोगिता शुरू

धर्मशाला, (हि.स.)

पैराग्लाइडिंग के विश्व विख्यात कांगड़ा जिला की बीड़–बिलिंग में वीरवार को साइक्लिंग का रोमांच शुरू हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का वीरवार को शुभारंभ हुआ। एशियन माउंटेन साइक्लिंग सीरीज इंडिया प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में 7 किलोमीटर की लंबी दौड़ में




भारत के नोरबू टी शिवांग 32 मिनट सात सेकंड लेकर पहले स्थान पर रहे जबकि इंडोनेशिया के फनानी जेनियल 32 मिनट 47 सेकंड लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही घारती खुशिमान 33 मिनट और 5 सेकंड लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निदेशक नमन विज ने बताया कि 15 किलोमीटर की प्रतियोगिता में मलेशिया के नूर हामी अमर दानिश एक घंटा दो मिनट और 33 सेकंड लेकर पहले स्थान पर, भारत के संतोष प्रणेश एक घंटा 5 मिनट लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही रुथान अश्विन एक घंटा 6 मिनट और 33 सेकंड लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता की तीसरी कैटेगरी में नोरबू टी सेवांग पहले स्थान पर घारती खुशिमान दूसरे स्थान पर और युदोयोनो फेरी इंडोनेशिया के तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में मलेशिया के नूर हेमी अमर दानिश और फिलिपींस के थर्टी मन आई 10 अंक लेकर पहले स्थान पर, संतोष प्रणेश भारत और आचमत ढाणी नौ अंक लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही रूठना अश्विन 8 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।



### संक्षिप्त समाचार

## सेबी ने म्यूचुअल फंड स्कीम की एक नई कैटेगरी का ऐलान किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने म्यूचुअल फंड स्कीम की एक नई कैटेगरी का ऐलान किया है। लाइफ साइकिल फंड नाम की ये स्कीम लॉन्ग टर्म में निवेशकों को बड़ी राशि तैयार करने में मदद करेगी। इस स्कीम में पहले से तय एलोकेशन स्ट्रेटजी का इस्तेमाल किया जाएगा। सेबी के आज जारी एक सर्कुलर के अनुसार लाइफ साइकिल फंड्स ओपन एंडेड स्कीम होंगे। लाइफ साइकिल फंड नाम वाली इस स्कीम के जरिए निवेशकों को




अलग–अलग एसेट क्लास में निवेश करने का मौका मिलेगा। इन एसेट क्लास में गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ, एक्सचेंज ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स और शेयर भी शामिल होंगे। सेबी के सर्कुलर में बताया गया है कि इस स्कीम को इन्वेस्टर्स के खास इन्वेस्टमेंट गोल को पूरा करने के इरादे से डिजाइन किया गया है। इन्वेस्टर्स का इन्वेस्टमेंट गोल को पूरा करने के लिए इसमें समय के साथ पोर्टफोलियो का एलोकेशन भी बदल सकता है। लाइफ साइकिल फंड्स का मेच्योरिटी पीरियड कम से कम 5 साल और अधिक से अधिक 30 साल होगा। मतलब अलग–अलग फंड हाउस अपने लाइफ साइकिल फंड्स को 5 साल या 5 साल के मल्टीपल्स यानी 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल और अधिकतम 30 साल की अवधि के लिए भी लॉन्च कर सकेंगे। सर्कुलर में कहा गया है कि लाइफ साइकिल फंड 5 साल के मल्टीपल में लॉन्च किए जा सकेंगे। एक म्युचुअल फंड हाउस के अधिकतम 6 लाइफ साइकिल फंड्स एक समय में सब्सक्रिप्शन के लिए एक्टिव रहेंगे। इसके अलावा हर फंड की मैच्योरिटी में 1 साल शेष रहने पर उसे सबसे नजदीकी मैच्योरिटी टर्म वाले लाइफ साइकिल फंड में मर्ज कर दिया जाएगा। हालांकि ऐसा करने के लिए यूनिट होल्डर की इजाजत लेनी होगी।

## पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी का आईपीओ बोली के आखिरी दिन 1.23 गुना सब्सक्राइब

**नई दिल्ली, (हि.स)।** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बोली के आखिरी दिन गुरुवार को 1.23 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसके शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित हैं। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार इस इश्यू को 57,06,235 इक्विटी शेयरों के मुकाबले 70,31,776 इक्विटी शेयरों की बोली मिलीं। इसका मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 367–386 रुपये प्रति शेयर था।




आंकड़ों के मुताबिक योग्य संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी) और खुदरा भाग क्रमश: 1.04 गुना और 1.29 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसी तरह गैर–संस्थागत निवेशक (एनआईआई) का भाग 1.54 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि कर्मचारी आरक्षित 6.74 गुना सब्सक्राइब किया गया।
पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड भारत में अलग–अलग जगहों पर लोकल ब्रांड अवेयरनेस बनाने और अपनी विजिबिलिटी बढ़ाने के लिए 15 नए स्टोर की मार्केटिंग और प्रमोशन करने की योजना बना रही है। इनमें से अधिकांश स्टोर महाराष्ट्र के टियर–1 और कुछ टियर–2 शहरों के साथ–साथ देशभर के मेट्रो शहरों में खोले जाएंगे।
इस स्ट्रैटेजी के हिसाब से कंपनी पूरे भारत में 15 नए ब्रांड–एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च करने के लिए 286.56 करोड़ रुपये करना चाहती है। ये प्रपोज्ड आउटलेट लीज पर ली गई जगह पर बनाए जाएंगे और कंपनी–ओन्ड, कंपनी–ऑपरेटेड (ब्रांड एक्सक्लूसिव) मॉडल को फॉलो करेंगी। इस स्ट्रक्चर के तहत कंपनी स्टोर फिट–आउट, फिक्स्चर, फर्नीचर और उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर कैपिटल खर्च करेगी, जबकि स्टोर ऑपरेशन पूरी तरह से उसके एम्प्लॉई मैनेज करेंगे।

### उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

# निवेशकों ने की 1.08 लाख करोड़ की कमाई

नई दिल्ली, (हि.स.)

**घरेलू शेयर बाजार आज दिनभर उतार–चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई।**

दिन के पहले सत्र में तेजड़िये हावी होते रहे, वहीं दूसरे सत्र में मंदड़ियों ने अपना जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी ने 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान



ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसके अलावा फार्मास्यूटिकल, टेलीकॉम, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मीडिया, पावर और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.46 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.38 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### निफ्टी 14.05 अंक की मजबूती के साथ हुआ बंद

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 73.80 अंक उछल कर 25,556.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 90.45 अंक की तेजी के साथ 25,572.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से 172 अंक लुढ़क कर 81.55 अंक की गिरावट के साथ 25,400.95 अंक के स्तर तक आ गया। दोपहर 2 :30 बजे के बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी निचले स्तर से 95.60 अंक सुधर कर 14.05 अंक की मजबूती के साथ 25,496.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## डीजीसीए ने एयर टिकट रिफंड के नियम बदले बुकिंग 48 घंटे में कैंसिल की तो फुल रिफंड

नई दिल्ली, (हि.स)

**नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को हवाई यात्रा के टिकट रिफंड और कैंसिल करने से जुड़े नियमों में व्यापक बदलाव किया है। इसके तहत यात्री अब कुछ शर्तों के अधीन बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द या बदल सकते हैं।**

नए नियमों के मुताबिक अब टिकट बुक करने के 48 घंटे के भीतर कैंसिल या बदलाव करने पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, यानी टिकट का पूरा अमाउंट रिफंड किया जाएगा। यह फैसला यात्रियों की बढ़ती शिकायतों और हाल ही में इंडिगो की उड़ानों में हुई दिक्कतों के बाद लिया गया है। नियमों में संशोधन करते हुए डीजीसीए ने यह भी कहा कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है, तो विमानन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए।

डीजीसीए ने कहा कि ट्रैवल एजेंट/पोर्टल के जरिए टिकट खरीदने की स्थिति में पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों



की होगी, क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए। इसके अलावा चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। ये नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। अब एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है कि वे यात्रियों को टिकट बुक करने के बाद 48 घंटे की अवधि के लिए 'लुक इन' यानी उसे अद्यतन करने का विकल्प प्रदान करें।

नियामक ने कहा कि जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के जरिए बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में सोने का भाव मामूली बढ़ा, चांदी की फीकी पड़ी चमक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना के भाव में मामूली तेजी नजर आ रही है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज सांकेतिक गिरावट देखी गई। सोना आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली आई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,900 रुपये से लेकर 1,62,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,410 रुपये से लेकर 1,48,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,62,050 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एफआईआई को फिर पसंद आने लगा भारतीय शेयर बाजार

### फरवरी में विदेशी निवेशकों ने जमकर की खरीदारी

नई दिल्ली, (हि.स.)

**साल 2025 के दौरान लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर दिलचस्पी बढ़ती हुई नजर आने लगी है।**

फरवरी महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अभी तक करीब 244 करोड़ डॉलर की खरीदारी की है। इसमें सेकेंडरी मार्केट में विदेशी निवेशकों ने अभी तक करीब 214.05 करोड़ डॉलर की खरीदारी की है। वहीं प्राइमरी मार्केट में विदेशी निवेशकों ने 29.90 करोड डॉलर का शुद्ध निवेश किया है। इस तरह फरवरी का महीना घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार–चढ़ाव के बावजूद पिछले 17 महीना के दौरान विदेशी निवेशकों के लिए सबसे अधिक मासिक निवेश




वाला महीना बन गया है। इसके पहले सितंबर 2024 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सेकेंडरी और प्राइमरी मार्केट मिला कर एक महीने में 595 करोड डॉलर का निवेश किया था।

शेयर बाजार में पिछले कुछ दिनों से आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव बना हुआ है, जिसकी वजह से विदेशी निवेशक जमकर बिकवाली कर रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार फरवरी के पहले दो सप्ताह के दौरान ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चिंताओं के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 121 करोड़ से अधिक मूल्य के आईटी सेक्टर के शेयरों की बिकवाली की है।

## संक्षिप्त समाचार

### रमजान का आज नौवां रोजा, 6 साल के अली निसार पठान ने अपना पहला रोजा रखा और अल्लाह से दुआ की



**बाग, निप्र।** रमजान का पाक महीना जो बड़ा ही बरकतों और रहमतों वाला कहा जाता है। इस पर्व के चलते मस्जिदों में नमाजियों ओर रोजदारों से अलग ही रौनक नजर आ रही है। रमजान का आठवां रोजा गुरुवार को पुरा हुआ शुक्रवार (जुम्मे) को नौवां रोजा होगा। हर कोई इस महिने की इबादत में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अपने गुनाहों की माफी अपने रब से मांग रहै है। इबादतों ओर बख्शिशों का यह महिना सभी के लिए खास होता है। के चलते मुस्लिम समाज इन दिनों रोजे नमाज ओर इबादत में मशगुंल रहकर दिनभर भूख प्यास की शिद्दत के बाद शाम को रोजा इफ्तार किया जाकर मुल्क मे अमन चैन की दुआ करते हैं इसमें हर कोई छोटा बड़ा बच्चा बुजुर्ग सभी रोजा रख रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चे भी रमजान की इस इबादत और रोजे रखने से पीछे नहीं है। 6 साल के अली पिता निसार पठान ने अपना पहला रोजा रखा और रमजान का आठवां रोजा पूरा किया अपनी अम्मी और दादी से जिद करी कि में भी रोजा रखूंगा। उसे अम्मी दादी और पास में अम्मा ने समझाया कि तुम अभी छोटे हो लेकिन वह नहीं माना। उसने सुबह पांच बजे रोजे की नियत कर के रोजा रखा और दिनभर कुछ भी खाए बिना अपना रोजा पूरा किया। शाम को 6 बजे रोजा इफ्तार के समय अपने परिवार के साथ रोजा पूरा किया। मासूम अली का हौसला देखकर हर किसी ने खुशी का इजहार करते हुए सभी ने अल्लाह से उसका रोजा कुबूल होने की दुआ की। यह उसकी जिंदगी का पहला रोजा था। घर परिवार ने उसका रोजा पुरा होने पर उसे हारो से इस्तकबाल कर के रोजे की मुबारकबाद दी। मासूम बच्चे के इस हौसले की सभी ने सराहना की। रोजा रखने के बाद बच्चे का दिनभर बड़ा ख्याल रखा गया ताकी कुछ खा ना लें मगर उसने दिनभर कुछ भी नहीं खाया और शाम को सभी के साथ अफ्तियार किया और रोजा उसने अपना खोला रोजा खोलने के पश्चात मासूम अली का सभी ने इस्तकबाल किया और उसे दुआओं से नवाजा।

### कांग्रेस ने बोरी एवं कल्याणपुरा क्षेत्र में निकाली गेर, विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने बजाया मांदल



**झाबुआ, निप्र।** कांग्रेस द्वारा जिले के बोरी एवं कल्याणपुरा भगोरिया हाट में गैर निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में जिले के बोरी क्षेत्र में 100 से अधिक ढोल-मांदल के साथ ऐतिहासिक गैर निकाली गई। वहीं कल्याणपुरा क्षेत्र में भी 70 से अधिक ढोलों की थाप पर भगोरिया हाट में उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बोरी एवं कल्याणपूरा में आयोजित इस भव्य गैर में डॉ. विक्रांत भूरिया ने स्वयं ढोल-मांदल बजाते हुए एवं कुर्राटी मारते हुए नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-मांदल की गूंज और आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक से सराबोर रहा। भगोरिया आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक - डॉ. विक्रांत भूरिया ने इस अवसर पर कहा कि भगोरिया उत्सव आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। आदिकाल से आदिवासी समाज अपनी समृद्ध परंपराओं, लोकनृत्य और लोकवाद्यों के माध्यम से अपनी पहचान बनाए हुए है। भगोरिया के पावन अवसर पर संपूर्ण आदिवासी समाज ढोल, मांदल एवं थाली की थाप पर उत्साहपूर्वक त्योहार मनाते हुए अपनी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाता है।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

# सीएम डॉ. यादव करेंगे 171.19 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वें शहादत दिवस के अवसर पर जिले में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर जिले के प्रवास पर रहेंगे।**

मुख्यमंत्री सर्वप्रथम आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे।

ज्ञातव्य है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के भाबरा ग्राम में हुआ था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस और त्याग का परिचय दिया। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस से घिर जाने पर उन्होंने वीरतापूर्वक मुकाबला किया और अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार न होने का संकल्प निभाया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान का प्रेरणास्त्रोत है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर-कमलों द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर कुल 79.92 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 171.19 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को जिलेवासियों को समर्पित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्राप्त किया जाएगा। यह पर्व जनजातीय जीवन शैली, परंपरागत कला एवं लोक विरासत के संरक्षण का सजीव उदाहरण है। मुख्यमंत्री का यह प्रवास न केवल सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि जनजातीय समाज के साथ सरकार की आत्मीयता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### उदयगढ़ भगोरिया में सम्मिलित होंगे मुख्यमंत्री

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उत्सव स्थल पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देंगे, लोक संस्कृति का अवलोकन करेंगे तथा जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। भगोरिया पर्व सदियों से आदिवासी समाज की परंपराओं को संजोए हुए है। यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। यह उत्सव ग्रामीण अंचलों में फसल कटाई के बाद मनाया जाता है। भगोरिया हाट में शामिल होने के लिए गुजरात और अन्य राज्यों में कामकाज के लिए गए आदिवासी परिवार एक सप्ताह पूर्व से अपने घर लौट आते हैं। हाट से पहले युवक-युवतियां जूते-चप्पल, श्रृंगार सामग्री और नए वस्त्रों की खरीदारी करते हैं तथा पारंपरिक और आकर्षक वेशभूषा में सजकर भगोरिया मेले में शामिल होते हैं। मांदल की थाप, लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियां तथा रंग-गुलाल से सराबोर वातावरण पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना देता है। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषाएं, झूलो और पारंपरिक सामग्रियों की दुकानें भगोरिया की पहचान हैं। इस दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण जन टोलिया बना कर मांदल की थाप पर थिरकते हुए भगोरिया मेले में शिरकत करते है। इस दिन बिना किसी भेदभाव के लोग एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। इस भव्य उत्सव पर प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक भी पहुंचते हैं।

### चंद्रशेखर आजाद नगर में तैयारियों का मंत्री नागर सिंह चौहान और कलेक्टर नीतू माथुर ने किया निरीक्षण



अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद की 95वीं शहादत दिवस पर चंद्र शेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। गुरुवार को अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आजाद कुटिया, हेलीपेड से आजाद कुटिया तक पहुँच मार्ग का बारीकी से अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने आजाद कुटिया से मुख्य सभा स्थल तक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, हितलाभ वितरण कार्यक्रम, लोकार्पण एवं भूमिपूजन गतिविधियों सहित सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की।

## डही के भगोरिया में कई स्थानों से ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी



विनय उजाला

**डही, निप्र।** डही में गुरुवार को भौंगर्या (भगोरिया) उत्सव पूरी शानो शौकत से मनाया गया। भीड़ के लिहाज से जिले के सबसे बड़े डही के भौंगर्या में लोगों की भीड़ के बीच आदिवासी संस्कृति का संगम बिखरा। शुरुआती भगोरिया होने से हालांकि गत वर्ष की तुलना में भीड़ थोड़ी कम रही, लेकिन इसके बावजूद उमड़े जन सैलाब में आदिवासी परंपरा के रंग बिखरे।

यहां दोनों दल के स्थानीय नेताओं ने ढोल पर थाप लगाई। कानून व्यवस्था की दृष्टि तहसीलदार ललिता गडरिया, एसडीओपी सुनील गुप्ता, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला सहित स्थानीय और बाहर के पुलिस जवान तैनात रहे। यहां कई वीआईपी और प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार भी मौजूद रहे। डही के भौंगर्या में कुछ महिला नृत्य कलाकारों ने सिर पर नए स्वरूप का सुसज्जित मस्का रख आकर्षक नृत्य किया, जिसे देख हर कोई आनंदित हो उठा। वहीं कई पुरुषों ने हाथ में सुसज्जित कामठियां लहराते हुए नृत्य किया। यहां अधिकांश आदिवासी युवतियां एक जैसी ड्रेस कोड और वेशभूषा में नजर आई। वहीं कई लोग सिर पर एक जैसी पगड़ी पहने हुए आए। कई आदिवासी युवक और युवतियां चेहरे पर चश्मा पहने आकर्षक लग रहे थे। पुलिस मैदान पर ढोल मांदल और ढोलकिये, फेफरिये पर आदिवासी युवतियां और पुरुष जमकर थिरके। यहां डही-कुक्षी, डही-आलीराजपुर, डही-अराड़ा, डही-कातरखेड़ा मार्ग पर स्थित रोड़ और रहवासी क्षेत्र में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी।

आलम ये रहा कि इन मार्गों पर एक किमी दूर यात्री बसें ठहरी। ऐसे में यात्रियों को दूर उतरने से असुविधा का सामना करना पड़ा। यहां मुख्य रूप से पुलिस थाना मैदान पर भगोरिया मेला लगा। जहां हजारों जनसमुदाय के बीच एक दर्जन बड़े ढोलों पर मस्ती का आलम रहा।

## आंगनवाड़ी केन्द्र में किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** महिला बाल विकास परियोजना बाग जिला धार में कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन एवं परियोजना अधिकारी कमलसिंह निंगवाल के मार्ग दर्शन में सभी सेम बच्चों का स्वास्थ्य शिविर अखाड़ा में 25 फरवरी 2026 को रखा गया था, जहां सभी सेम बच्चों का स्वास्थ परीक्षण डॉ दिलिप जमरा एवं डॉ. अलावा के द्वारा किया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 26 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया था। जिस शिविर में डॉ. शैफाली जायसवाल के द्वारा 50 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाई भी वितरण की गई। साथ ही गंभीर बच्चों को एन,आर,सी, में भर्ती के लिए माता पिता को समझाइश देते हुए बताया गया की ज्यादा गंभीर बच्चों को एन आर सी में भर्ती किया करें ताकी बच्चे के स्वास्थ्य की अच्छी देखरेख हो आप लोग इसमें लापरवाही कतई नही करें। एन आर सी में सारी सुविधाएं हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी एसे बच्चों पर नजर रखें और बच्चों को एन आर सी तक उनके माता पिता को समझाकर लाने की कोशिश करें। इस दौरान आगनवाडी कार्यकर्ता सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं जिनका अच्छा सहयोग रहा।

### मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से विभूषित हुए भेरूसिंह चौहान तरंग



**झाबुआ, निप्र।** वरिष्ठ साहित्यकार कवि भेरूसिंह चौहान तरंग को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा जिले के ख्यात साहित्यकार कवि भेरूसिंह चौहान तरंग को उनकी साहित्य साधना, साहित्यिक उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट साहित्यकार के रूप में मातृभाषा सेवा के लिए उल्लेखनीय कार्यों का मूल्यांकन कर मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से विभूषित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में भेरूसिंह चौहान तरंग को देश की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा अनेकों पुरस्कार एवं सम्मान पत्रों से नवाजा गया है। इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। चौहान ने संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु एवं चयन समिति प्रमुख मंजू खरे का हृदयतल से आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर भेरूसिंह चौहान तरंग को ईष्ट मित्रों, रिश्तेदारों एवं साहित्य प्रेमियों ने अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## स्पर्धा के पदक विजेता शटलर पुरस्कृत

विनय उजाला



**धार, निप्र।** खेल विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत खेली गई बैडमिंटन स्पर्धा के पदक विजेता उप-विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पारुल बेलापुरकरजी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार एवं दीपक चौहान सिटी कोतवाली थाना प्रभारी थे। मुख्य अतिथिद्वय का पुष्प माला से स्वागत भूपेन्द्र जोशी, राजीव जोशी, समीक्षा जैन, गगन सक्सेना, चन्द्रजीत लश्करी, निर्मल मुरुमकर आदि ने किया उक्त जानकारी देते हुए सुधीर वर्मा बैडमिंटन प्रशिक्षक ने बताया कि कार्यक्रम को ग्रुप के वरिष्ठ पालकगण नैमिष भट्ट और आशीष गुप्ता ने भी संबोधित किया। आपने संस्था की गतिविधियों एवं प्रशिक्षक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि यहां केवल बैडमिंटन ही नहीं सिखाया जाता बल्कि बच्चों को अनुशासित एवं संस्कारवान भी बनाया जाता है। इस अवसर पर अतिथिद्वय द्वारा स्पर्धा के पदक विजेता उप-विजेता शटलरो को मेडल्स प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। खेल कोटे से असम राइफल्स में चयनित होने वाले अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अवधेश दिलिप जाट का मुख्य अतिथिद्वय ने साफा बांधकर, शाल, श्रीफल, पुष्प माला पहनाकर कर सम्मान एवं स्वागत किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित अवधेश के दादा-दादी और माता-पिता का भी अतिथिद्वय द्वारा पुष्प माला अर्पित कर सम्मान किया जाना गर्व और गौरव की बात है। खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी ऊंचाइयों को छूने वाले होनहार प्रतिभावान शटलर सिद्धार्थ राठौर जिन्होंने श्रीराम कालेज ऑफ कामर्स नई दिल्ली जैसे उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हो कर स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चार्टड अकाउंटेंट में अपना कॅरियर बनाया जो अत्यन्त ही सराहनीय है। पार्थ सोनी ने भी धार महाविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चार्टड अकाउंटेंट जैसी उच्च स्तरीय वर्क में अपना केरियर बनाया।

यह हम सब के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर पार्थ भट्ट राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी का भी उनकी सकारात्मक सोच एवं बैडमिंटन उपलब्धियों के लिए संस्था द्वारा सम्मान किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित नन्हे नन्हे शटलरो सहित सभी पालकगण को स्वल्पाहार वितरित किया गया. कार्यक्रम का संचालन राजीव जोशी एवं आभार निर्मल मुरुमकर ने माना।

तीन चरणों में टेंडर : शराब दुकानों की नीलामी के लिए बनाए 21 समूह

## 20 प्रतिशत राशि बढ़ने से 570 करोड़ का हुआ जिला

विनय उजाला



**धार, निप्र।** आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई हैं, एकल समूह के बजाय जिले की दुकानों को ग्रुपों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप में देशी-विदेशी मदिरा सहित कम्पोजिट शराब दुकान शामिल हैं, जिले में कुल 21 ग्रुप बनाए गए है। इन ग्रुपों में टेंडर तीन चरणों में आमंत्रित किए जा रहे हैं, पहले चरण की शुरुआत दो मार्च को होगी। गुरुवार को शहर के जिला आबकारी कंट्रोल रुम पर इच्छुक लाइसेंसी ठेकेदारों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सहायक आबकारी आयुक्त राज नारायण सोनी ने सबसे पहले विभाग की नई आबकारी नीति के बारे में जानकारी दी। साथ ही लाइसेंसी नियमों के बारे में बताया व समय रहते ऑनलाइन प्रक्रिया में शामिल होने वाली शर्तों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रशांत मंडलोई, दिनेश उदौनिया, राजकुमार मंडलोई, उनि राजकुमार शुक्ला सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

### 2 मार्च को खुलेंगे टेंडर

दरअसल नई आबकारी नीति के तहत बडे लाइसेंसियों के एकाधिकार को समाप्त करते हुए शराब दुकानों को छोटे समूहों में विभाजित किया गया है। इसके पीछे विभाग की मंशा नीलामी प्रक्रिया में लाइसेंसियों की प्रतिस्पर्धा अधिक करते हुए राजस्व में बढ़ोतरी करना है। करीब दो साल बाद पुन देशी-विदेशी दुकानों को शामिल करते हुए समूह बनाए गए है। हालांकि इन समूह के लिए टेंडर भी तीन चरणों में होंगे, पहले चरण में सात समूह को रखा गया है। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बाद दो मार्च को पीथमपुर, कानवन, निसरपुर, गंधवानी, बदनावर सहित सरदारपुर ग्रुप के टेंडर ओपन किए जाएंगे। शुक्रवार को पहले चरण की टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने वाले लाइसेंसियों का अंतिम दिन है।

### 90 करोड़ रुपए की हुई बढ़ोतरी

शराब दुकानों के माध्यम से राजस्व जुटाने में धार जिला प्रदेश के टॉप-10 जिलों में शामिल हैं, गत वर्ष एकल समूह में टेंडर 475 करोड़ रुपए में गया था, अब राजस्व में 20 प्रतिशत की बढोतरी की गई है। ऐसे में 90 करोड़ रुपए बढ़ने से 570 करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों को तीन समूहों में विभाजित किया गया हैं, धार का सर्कल तिरला के गरडावद से लेकर डेहरी सराय लेबड तक है। सबसे महंगी शराब दुकान औधोगिक नगरी पीथमपुर की हैं, इस क्षेत्र की सभी दुकानें का आरक्षति निर्धारित मूल्य 160 करोड़ रुपए रखा गया है।

### इनका कहना है...

बैठक लेकर इच्छुक लाइसेंसी ठेकेदारों को नई नीति की जानकारी दी गई है। पहले चरण में सात समूह की 30 की दुकानों के टेंडर 2 मार्च को दोपहर बाद ओपन किए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया की जानकारी के लिए विभागीय समय में कर्मचारी कार्यालय में मौजूद हैं। 20 प्रतिशत राशि बढ़ोतरी की गई है। नियमानुसार टेंडर ओपन किए जाएंगे, जिसके लिए कमेटी गठित की गई हैं।

**- राज नारायण सोनी, सहायक आबकारी आयुक्त**

### सहायक आयुक्त ने डही आकर ढोल पर थाप लगाई

विनय उजाला



**डही, निप्र।** जनजातीय बहुल इलाके के तहसील मुख्यालय डही में गुरुवार को आयोजित भौंगर्या हाट में जनजातीय कार्य विभाग धार के सहायक आयुक्त नरोत्तम वरकड़े पहुंचे। यहां विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मारू और शिक्षकों ने सहायक आयुक्त श्री वरकडे को तीर कमान भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात सहायक आयुक्त नरोत्तम वरकड़े और बीईओ अनिल कुमार मारू ने ढोल पर थाप लगाई और आदिवासी बंधुओं के साथ नृत्य किया। श्री वरकडे ने कहा कि डही के भौंगर्या में आकर आदिवासी समाज की जीवन शैली और परंपरा के रंग देखें। उन्होंने कहा कि भौंगर्या में बड़े-बड़े ढोल, बांसुरी की तान, ड्रेस कोड आदि ने आदिवासी बंधुओं की वास्तविक जीवन दर्शन शैली को यहां बयां किया, जो आनंद और उत्साह का संचार करता नजर आया। सहायक आयुक्त ने कहा भौंगर्या के दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों (बांसुरी, थाली) की गूंज और नृत्य मस्ती से भर देते हैं, जो उनकी बेफिक्र और आनंदमयी जीवनशैली का परिचायक है।

करोड़ों की सड़क मरम्मत में भारी लापरवाही

## सार्वजनिक संपत्ति की बर्बादी... मुरम के बजाय मिट्टी से भरी जा रही हैं साइडें

विनय उजाला

**निसरपुर, निप्र।** निसरपुर पुनर्वास स्थलों में वर्षों के लंबे इंतजार के बाद सड़कों के भाग्य जागे हैं, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से करवाए जा रहे डामरीकरण कार्य में निजी एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश है।

**नियमों को ताक पर रखकर हो रहा कार्य :** नियमों के अनुसार, डामर की सड़क को मजबूती देने और किनारों को सुरक्षित करने के लिए दोनों ओर मुरूम बिछाई जानी चाहिए। लेकिन निर्माण एजेंसी लागत बचाने के चक्कर में सड़क के किनारों की मिट्टी खोदकर ही साइडें भर रही है। मिट्टी के इस उपयोग से बारिश के दौरान सड़क धंसने और बड़े हादसों का खतरा बढ़ गया है।

**अधिकारियों की हिदायत भी बेअसर :** गौरतलब है कि घटिया निर्माण की शिकायतों के बाद पूर्व में कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी और एजेंसी को सही तरीके से कार्य करने की सख्त हिदायत दी थी। बावजूद इसके, ठेकेदार की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है और काम पुराने ढर्रे पर ही जारी है।





**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे सवाल :** इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधियों की 'खामोशी' है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुनर्वास के मुद्दों पर राजनीति करने वाले नेता अब चुप क्यों हैं? सत्ता और संगठन में मजबूत पकड़ होने के बाद भी भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लग रही? करोड़ों की सार्वजनिक संपत्ति की बर्बादी पर मौन धारण करना मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### पुनर्वासियों की चिंता : फिर न हो जाए बदहाली

पुनर्वास स्थलों की सड़कें सालों से जर्जर थीं। बड़ी मुश्किल से बजट स्वीकृत हुआ है, ऐसे में यदि कार्य में गुणवत्ता नहीं रही, तो कुछ ही महीनों में सड़कें फिर से खस्ताहाल हो जाएंगी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उच्च अधिकारी तुरंत हस्तक्षेप करें और मिट्टी के बजाय मुरूम का उपयोग सुनिश्चित करवाएं।

### इनका कहना है...

'सड़कों की साइडों पर जिस तरह से मुरूम की जगह मिट्टी खोदकर भरी जा रही है वो गलत है, कार्य सही तरीके से होना चाहिए जिससे गुणवत्ता बनी रहे।

**- अंतिम पटेल
सरपंच, ग्राम पंचायत
निसरपुर**

'आपसे जानकारी मिली है मैं दिखवाता हूं।

**अंतरसिंग अचालिया
एग्जिक्यूटिव इंजीनियर,
नर्मदा घाटी विकास विभाग**

## मुख्यमंत्री भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में हुए शामिल

# सबके मंगल की कामना करती है हमारी भारतीय संस्कृति : सीएम

विनय उजाला

**आलीराजपुर,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आये विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही 'वसुधैव कुटुंबकम' है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें 'स्व के साथ पूरी सृष्टि' के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें सेवा, समर्पण, विश्व बंधुत्व और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की परोपकारी भावना में निहित हैं। सेवाभाव ही हमारी संस्कृति का प्राण है और जीवमात्र की सेवा ही श्रीहरि की सेवा है, सम्पूर्ण मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि 'रा' से राजस्थान और 'म' से मध्यप्रदेश मिलकर 'राम' की महिमा बढ़ा रहे हैं।






### समरसता में संतों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों, करुणा, सद्भाव और समरसता के प्रसार में संतजनों की भूमिका निरापद रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पूज्य हंसरामजी महाराज धर्म के सभी मूल्यों, भक्ति, सेवा, सत्य, अहिंसा को जीवंत रख रहे हैं। आश्रम के माध्यम से आपने हजारों असहायों को सहारा दिया। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के पुनीत उद्देश्य से हो रहे इस मंगल आयोजन में आकर वे बेहद गौरवान्वित हैं। संस्कृति से ही हमारी पहचान है। हमारी सरकारें जीवन मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही हैं। हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपने बच्चों को वेद-पुराण पढ़ाएं, संस्कार दें, सेवा में लगाएं और धर्म की रक्षा करें। धर्म केवल पूजा नहीं, हमारी जीवन पद्धति है। सेवा से श्रीहरि मिलते हैं। भक्ति से मुक्ति मिलती है। इसलिए हम सब मिलकर संकल्प लें कि समाज में एकता लाएंगे, युवाओं को अच्छे संस्कार देंगे और भारत को एक बार पुन: विश्व गुरु बनाएंगे।

### धर्म हमारे जीवन का सार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धर्म का मंगल तभी संभव है, जब हम संतजनों के उपदेशों को अपने जीवन में भी उतारें। उन्होंने कहा कि धर्म हमारे जीवन का सार है, जो हमें बताता है कि हम कौन हैं, हमारा उद्देश्य क्या है और इस उद्देश्य के लिए हम किस दिशा में आगे बढ़ें। भगवान श्रीराम का गुरु वशिष्ठ से तथा श्रीकृष्ण का गुरु सांदीपनि से शिक्षा गृहण करना हमें गुरु-शिष्य परंपरा सिखाता है। आज हमें इन्हीं जीवन मूल्यों को पुन: स्थापित करने की जरूरत है।

### सिंहस्थ से मिलता है साधु-संतों का आशीर्वाद

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सिंहस्थ कुंभ के माध्यम से उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है। सनातन संस्कृति में हमारे बच्चे परिवार को अमरता प्रदान करते हैं। 'यत्र पिंडे-तत्र ब्रह्मांडे', जैसा हमारे पिंड में है वैसा ही ब्रह्मांड में है। संतों के माध्यम से करोड़ों साल से ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही है। साधु-संतों के जरिए हमें देवताओं के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि जब बृहस्पति ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करते हैं, तब सिंहस्थ होता है। उज्जैन में वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी साधु-महात्माओं और संत-वृंदों को सिंहस्थ में आकर सबको आशीष रूपी अमृत देने के लिए आमंत्रित भी किया।
- सनातन मंगल महोत्सव एवं संत समागम में 3 युवा संतों ईशानराम जी महाराज, केशवराम जी महाराज और सुमझराम जी महाराज को संन्यास की दीक्षा दिलाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीनों युवा सन्यासियों का माल्यार्पण एवं नमन करते हुए उनका अभिनंदन किया।
- राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि भीलवाड़ा एक धार्मिक नगरी है। यह हरि और हर के मिलन केंद्र जैसा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सनातन मंगल महोत्सव में भीलवाड़ा आकर हम सबका मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। हमारा 500 साल पुराना सपना अब साकार हो गया है।
- मध्यप्रदेश से राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने हरिशेवा धाम में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव और संत समागम में पधारने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। उन्होंने बताया कि स्वामी हंसरामजी महाराज हंसगंगा यात्रा निकाल रहे हैं, यह एक बेहद अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि कलियुग में मनुष्य में जैसा सोचता है, वैसा हो जाता है। यह सामाजिक समरसता का समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी भाव के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में दीक्षा संस्कार गुरु-शिष्य की प्राचीन परंपरा को आगे ले जाता है। हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही संतों की शरण में जरूर भेजना चाहिए।

# हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना हमारा संकल्प : मंत्री उइके

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं, विशेष रूप से जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिशन की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण, संचालन-संधारण व्यवस्था तथा ग्रीष्मकालीन तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने समिति के सदस्यों को विभागीय प्रगति की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन परिणामोन्मुख और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 111.34 लाख ग्रामीण परिवारों में से 82.19 लाख परिवारों, अर्थात 73.84 प्रतिशत घरों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इन परिवारों को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। प्रदेश के 24,893 ग्रामों को शत-प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान कर 'हर घर जल' ग्राम घोषित किया गया है।

## पांच ग्रामों की 203.882 हेक्टेयर निजी भूमि का हुआ अधिग्रहण

# सिंगरौली में धिरोली कोल माइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य नियमानुसार प्रगति पर : मंत्री वर्मा

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि सिंगरौली जिले की तहसील सरई की धिरोली कोल ब्लॉक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण एवं पुनर्व्यवस्थापन की समस्त कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। परियोजना के लिए कुल 2672 हेक्टेयर क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इसमें 554.01 हेक्टेयर निजी भूमि, 681.80 हैक्टेयर शासकीय गैर वन भूमि, 1335.35 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि और 100.84 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शामिल है। परियोजना के संबंध में विभिन्न स्तरों पर आवश्यक स्वीकृतियां एवं अनुमतियां प्राप्त की जा चुकी हैं।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि परियोजना प्रभावित 8 ग्रामों में से 5 ग्रामों की निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के तहत 208.12 हेक्टेयर भूमि के लिए 15 फरवरी 2022 को अधिसूचना जारी की गई थी। इसके पूर्व 4 फरवरी 2022 को सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट तैयार की गई। पाँच ग्रामों की 203.882 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया और इसका अवार्ड 1 मार्च 2024 को पारित किया जा चुका है। प्रभावित कृषकों को कुल 368.11 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 144.68 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है और शेष राशि वितरण की प्रक्रिया में है। शासकीय भूमि के प्रकरणों में भू-भाटक एवं प्रीमियम राशि जमा कराते हुए परिसंपत्तियों का नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान दिया गया है।



# मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की टीम ने जाने बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के नवाचार

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** स्थानीय निकाय निर्वाचनों में राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा किए गए तकनीकी नवाचारों एवं संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के आधुनिकीकरण का अध्ययन करने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश के उप सचिव डॉ. सुतेश शाक्या, अवर सचिव एन. के. लच्छवानी, विधिक सलाहकार प्रदीप शुक्ला एवं आईटी कंसल्टेंट राकेश शुक्ला ने बिहार का दौरा किया। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बिहार में निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए तकनीकी विस्तार और सुधारों का विस्तृत अध्ययन किया।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560